नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, मंगलवार 2 दिसम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 195 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित



शीतकालीन सत्र के पहले दिन संसद भवन के बाहर पत्रकारों को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

संक्षिप्त समाचार

बोकारो के टाइल्स मिस्त्री का धनबाद में मिला शव

बोकारो (नबिटा ब्यूरो)। बोकारो के एक टाइल्स मिस्त्री का शव सोमवार को धनबाद के झरिया में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। परिजनों ने काम करवाने वाले मकान मालिक पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस आरोपी को थाना ले जा रही थी और इसी दौरान उग्र भीड़ ने उसे पीटा और उसके घर में तोड़-फोड़ भी की। मृतक की पहचान पंकज महतो के रूप में की गई है।

कर्ज में डूबे रेस्टोरेंट मालिक ने की आत्महत्या

रांची(नबिटा ब्यूरो)। रांची के जाने-माने रेस्टोरेंट कुप्पुस्वामी के मालिक शंकर नारायण ने अपने ही घर में सुसाइड कर लिया। जगतपुरम स्थित आवास से उनका शव बरामद किया गया है। कांके थाना इलाके के जगतपुरम कॉलोनी में रहने वाले शंकर नारायण की लाश उनके कमरे में मिली। घटना की जानकारी मिलने पर कांके थाना प्रभारी प्रकाश रजक अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस की निगरानी में शव को उतारा गया। कर्ज को लेकर ही सुसाइड की बात कही जा रही है।

बरबिंदिया नदी में डूबे युवक का शव मिला

धनबाद(नबिटा ब्यूरो)। निरसा क्षेत्र के बरबिंदिया नदी घाट में रविवार शाम नहाने के दौरान एक युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 35 वर्षीय धनु रवानी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार धनु रवानी रविवार शाम अपने दोस्तों के साथ नदी किनारे पार्टी करने गए थे। नहाते समय वह गहरे पानी में चले गए और डूब गए। घटना का चौंकाने वाला पहलू यह रहा कि धनु के साथ मौजूद दोस्त उन्हें बचाने के बजाय मौके से भाग निकले। वे खाने-पीने की सामग्री वहीं छोड़कर फरार हो गए और परिवार को घटना की सूचना भी नहीं दी।

बिजली पोल से गिरकर मिस्त्री की मौत

चतरा(नबिटा ब्यूरो)। जिले में बिजली मरम्मत के दौरान एक बड़ी लापरवाही सामने आई। सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर काम करवाने के कारण बिजली मिस्त्री की मौत हो गई। हादसा 22 कोर्ट परिसर और उपायुक्त कार्यालय के पास हुआ जहां बोकारो निवासी शिशुपाल कुमार बिजली के खंभे पर चढ़कर मेंटेनेंस का काम कर रहे थे। जानकारी के मुताबिक ठेकेदार ने उन्हें सुरक्षा किट उपलब्ध नहीं कराई थी।

होटल के बाहर फायरिंग

दुमका(नबिटा ब्यूरो)। एक होटल में बदमाशों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग कर दी। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कुसुमडीह गांव के पास दुमका-रामपुरहाट मुख्य मार्ग पर स्थित राधिका होटल की है। सारा विवाद खाने के बिल देने को लेकर था। बदमाशों ने होटल के शटर और शीशे पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। हालांकि हमले में कोई घायल नहीं हुआ। एसपी पीतांबर सिंह खेरवार का कहना है कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

प्री और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण में नहीं हो विलंब : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। प्री-मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण की धीमी गति पर कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने नाराजगी जताई है। छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि किसी भी हाल में छात्रों की छात्रवृत्ति मिलने में विलंब नहीं होना चाहिए। समीक्षा के दौरान पता चला है कि बोकारो, चतरा, गिरिडीह जिला में वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 1-8, कक्षा 9-10 और पोस्ट मैट्रिक में शत प्रतिशत छात्रवृत्ति वितरण की गति बेहद धीमी है। विभागीय मंत्री ने नाराजगी जताते हुए बोकारो, चतरा और गिरिडीह जिले के जिला कल्याण पदाधिकारियों से कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है।



कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने जिला कल्याण पदाधिकारियों को यथाशीघ्र वर्तमान शैक्षणिक सत्र समाप्त होने के पहले छात्रवृत्ति भुगतान संबंधी कार्रवाई करने का सख्त निर्देश दिया है। साथ ही सभी जिलों के उपायुक्तों को ससमय जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित कर लंबित छात्रवृति के आवेदनों पर स्वीकृति प्रदान करने का निर्देश दिया है। बता दें कि पिछले दिनों आजसू छात्र संघ ने इस मामले को लेकर बापू वाटिका, मोरहाबादी से राजभवन तक 'शिक्षा के लिए भिक्षा जनाक्रोश मार्च' निकाला था। आरोप लगाया गया कि छात्रवृत्ति वितरण में हो रही देरी से झारखंड के लाखों विद्यार्थी आर्थिक संकट और शैक्षणिक असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। दावा किया गया कि सरकार के आंकड़ों के अनुसार लगभग 11.34 लाख विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति मिलनी थी लेकिन अब तक लगभग 7.45 लाख छात्रों को ही आंशिक भुगतान हो पाया है जबकि शेष लाखों छात्र अब भी प्रतीक्षा में हैं। आजसू छात्र संघ की दलील है कि 7 लाख 45 हजार 557 छात्रों को 1202.89 करोड़ की राशि प्रदान की गई है, जो पिछले सत्रों का आंशिक भुगतान है। साथ ही कहा कि वर्तमान सत्र में 3.5 लाख से अधिक ओबीसी समेत अन्य छात्रों को अब तक एक भी किस्त नहीं मिली है। केंद्र सरकार ने अपने हिस्से का करीब 900 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया है। इसी आधार पर राज्य सरकार पूर्ण भुगतान करने में असमर्थता जता रही है।

अलग-अलग सड़क हादसों में गयी दो लोगों की जान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गुमला। गुमला और लातेहार जिले की सीमावर्ती क्षेत्रों में रविवार रात हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों ने पूरे इलाके को दहला दिया। रायडीह और महुआडांड़ में हुई इन घटनाओं में एक डेढ़ माह की बच्ची और एक महिला की मौत हो गई। करीब एक दर्जन लोग घायल हैं जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि गंभीर लोगों को रांची के रिम्स रेफर किया गया है। दोनों मृतकों के शवों का पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में हुआ। पहली घटना रायडीह प्रखंड के काशीर मरियमटोली के पास हुई जहां रांची लौट रही एक बोलेनो कार अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि डेढ़ माह की बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। वाहन में सवार सात लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तुरंत सभी घायलों को गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल 54 वर्षीय पात्रीक बेक और 29 वर्षीय नीलोफर एक्का को रिम्स रेफर किया गया है। फिलहाल मृत बच्ची की पहचान की प्रक्रिया जारी है। दूसरी घटना महुआडांड़ में हुई जहां धान से भरा एक पिकअप वाहन देर शाम अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन में सवार 65 वर्षीय लाजरूस टोप्पो, 40 वर्षीय सिलवेनिया टोप्पो और चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें गुमला सदर अस्पताल रेफर किया गया। गुमला सदर अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने सिलवेनिया टोप्पो को मृत घोषित कर दिया। लाजरूस टोप्पो और चालक सलीन का इलाज जारी है। पुलिस दोनों घटनाओं की जांच कर रही है और वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है।

शादी के दो दिन बाद सड़क हादसे में युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मेदिनीनगर। सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा गांव में रविवार को हाइवा वाहन की चपेट में आने से राहुल पाठक नामक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान शहर थाना क्षेत्र के सूदना निवासी मनोज पाठक के पुत्र 35 वर्षीय राहुल पाठक के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची व हाइवा वाहन को जब्त कर लिया। इधर राहुल की मौत की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे। परिजनों के चित्कार से पूरा अस्पताल परिसर में कोहराम मच गया। युवक राहुल कुमार पाठक कोई और नहीं बल्कि राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के संस्थापक सदस्य थे। युवक का पुश्तैनी घर विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के पंजरी गांव में है। घटना की जानकारी मिलते ही सदर अस्पताल में लोगों का तांता लग गया। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, प्रदेश



मृतक का फाइल फोटो

भाजपा महामंत्री मनोज कुमार सिंह, सनातनी धर्मरक्षक अर्जुन पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, ज्योति पाण्डेय, देवेन्द्र तिवारी, परशुराम ओझा, विभाकर नारायण पाण्डेय, नवीन तिवारी, चंदन तिवारी, धीरेन्द्र तिवारी उर्फ गुडडू गोवावल सहित बड़ी संख्या में राजनीतिक व सामाजिक प्रतिनिधि अस्पताल पहुंचे।

दंपति की धारदार हथियार से हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बोकारो। हरला थाना इलाके के गेट नंबर तीन जोशी कालोनी में चाय-पकौड़ी की दुकान चलाने दंपति की धारदार हथियार से अज्ञात हत्यारों ने हत्या कर दी। सूचना मिलने पर 65 वर्षीय महावीर साव व इनकी पत्नी 63 वर्षीय कौशल्या देवी का शव पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। दोनों के चेहरे व गर्दन पर धारदार हथियार से हत्यारों ने वार कर हत्या की थी। महिला की आंख में भी चाकू गोदा गया था। दंपति मूल रूप से गोमिया के चीदरी चतरोचट्टी के रहने वाले थे और काफी लंबे समय से जोशी कालोनी में चाय-पकौड़ी की दुकान चलाते थे। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को शव सौंप दिया। हत्या की वजह का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस पुरानी रंजिश, लूट और पारिवारिक विवाद के बिंदुओं पर जांच कर रही है। सोमवार की सुबह महावीर साव की चाय दुकान पर हर दिन की तरह से लोग पहुंचे। दुकान बंद मिली। लोगों ने आवाज दी लेकिन भीतर से कोई उत्तर नहीं मिला। इसके बाद स्थानीय लोगों ने दरवाजे को धकेला और अंदर झांका। अंदर लोगों ने देखा कि जमीन पर काफी खून गिरा था। दुकानदार महावीर साव व इनकी पत्नी कौशल्या का यहां शव पड़ा था। कौशल्या की गर्दन पर धारदार हथियार से



वार कर हत्या की गई थी वहीं महावीर के शरीर पर कई जगहों पर चाकू से वार किया गया था। मृतक की छोटी बहू अनिता ने बताया कि स्थानीय लोगों ने उन लोगों को भी घटना की सूचना दी। वह लोग अपने गांव से यहां आए। यहां देखे कि सास-ससुर की बेरहमी से हत्या कर दी गई है। इधर सूचना मिलने पर सिटी डीएसपी आलोक रंजन, हरला थाना प्रभारी खुर्शीद आलम मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों के साथ विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम भी थी। घटनास्थल से फिंगर व फूट प्रिंट जुटाया गया। घटनास्थल को देखकर स्पष्ट हुआ कि लूट या फिर चोरी की नियत से इस हत्या को अंजाम नहीं दिया गया है। सभी सामान सुरक्षित था। पुरानी रंजिश से लेकर अन्य बिंदुओं पर इसके बाद जांच शुरू हुई। हरला थाना इलाके के जोशी कालोनी में चाय-पकौड़ी की दुकान चलाने वाले महावीर साव व कौशल्या देवी का शव मिला। धारदार हथियार से दोनों की हत्या की गई है। चेहरे व गर्दन पर हत्यारों ने वार कई बार किया। मौके पर सभी सामान सुरक्षित है। घटनास्थल को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि हत्या लूटपाट या चोरी की नियत से नहीं बल्कि अन्य किसी वजह से हुई है।

महादेव एप के सात एजेंट गिरफ्तार

छह ग्राहकों की आइडी से करोड़ों की ठगी का नेटवर्क ध्वस्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मेदिनीनगर। झारखंड के कई जिलों में ऑनलाइन ठगी और सट्टेबाजी के जरिए साइबर अपराधी लोगों के खातों से बड़ी रकम उड़ा रहे हैं। हालांकि पुलिस की लगातार कार्रवाई से इन घटनाओं में कुछ कमी आई है। इसी क्रम में पलामू पुलिस ने हुसैनाबाद में संचालित एक बड़े अंतरराज्यीय ऑनलाइन ठगी और सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए महादेव बेटिंग एप की फ्रेंचाइजी141 चलाने वाले सात एजेंटों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 30 नवंबर 2025 को गुप्त सूचना के आधार पर गठित एसआईटी टीम द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी लगभग 6,000 ग्राहकों की आईडी संचालित करते थे और प्रतिदिन 7 से 8 लाख रुपये तक की अवैध कमाई इस फ्रेंचाइज़ी के माध्यम से कर रहे थे। अब तक करोड़ों रुपये की ठगी किए जाने की पुष्टि हुई है। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों का नेटवर्क देशभर में फैला हुआ था। वे विभिन्न राज्यों के लोगों को फर्जी प्रलोभन देकर



ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी जाल में फंसाते थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कई मोबाइल फोन, लैपटॉप, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैंक डिटेल्स और डिजिटल वॉलेट संबंधी रिकॉर्ड बरामद किए हैं। पुलिस का कहना है कि पकड़ा गया गिरोह महादेव ऐप से जुड़ी कई ऐसी फ्रेंचाइज़ियों में से एक है, जो देशभर में अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी को बढ़ावा दे रही हैं। मनी लॉन्ड्रिंग की आशंका को देखते हुए आर्थिक अपराध शाखा और साइबर सेल की टीम को भी जांच में शामिल किया गया है। पलामू पुलिस ने बताया कि इस कार्रवाई से जिले में सक्रिय महादेव ऐप और इससे जुड़े अवैध सट्टेबाजी नेटवर्क पर बड़ा प्रहार किया गया है। पुलिस ने आगे और गिरफ्तारियों की संभावना जताई है।

हादसों पर ब्रेक लगाने के लिए झारखंड में नई पहल शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। झारखंड की सड़कों पर अब वाहनों की रफ्तार पर सख्ती होने जा रही है। राज्य सरकार जल्द ही अलग-अलग श्रेणी की सड़कों के लिए अधिकतम गति सीमा तय करेगी ताकि सड़क हादसों पर अंकुश लगाया जा सके। सड़क हादसों में होने वाली मौतों और विभिन्न तरह के हादसों के ऊपर ब्रेक लगाने के लिए झारखंड में एक नई पहल शुरू की गई है। अब झारखंड की विभिन्न सड़कों का मूल्यांकन किया जा रहा है और उसके बाद यह तय किया जाएगा कि सड़क पर वाहनों की स्पीड कितनी होगी। पुलिस मुख्यालय के सड़क सुरक्षा कोषांग ने सभी जिलों से राष्ट्रीय, राज्य, जिला एवं शहरी सड़कों की वर्तमान स्थिति और यातायात दबाव से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट के आधार पर प्रत्येक सड़क पर कार, बस, ट्रक और दोपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग गति सीमा निर्धारित की जाएगी। पुलिस मुख्यालय के सड़क सुरक्षा कोषांग ने इस संबंध में फॉर्मेट बनाकर सभी जिलों को भेज दिया है लेकिन कई जिले अभी तक इस पर काम पूरा नहीं कर पाए हैं। बहुत से जिले अभी तक रिपोर्ट नहीं भेज पाए हैं जिस पर संबंधित अधिकारियों को रिमाइंडर भेजा गया है। आपको बता दें कि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 183 में संशोधन के बाद गति सीमा उल्लंघन पर अधिक जुर्माना और लाइसेंस निलंबन का प्रावधान है। नई सीमा तय होने के बाद इसका कड़ाई से पालन कराया जाएगा, ताकि लापरवाही से वाहन चलाने वालों पर प्रभावी कार्रवाई हो सके।

शिक्षक हत्याकांड का खुलासा, तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

चाईबासा/ रांची। झारखंड में शिक्षक की बीते दिन हुई हत्या के मामले पर पुलिस ने खुलासा किया है। इस हत्याकांड में पुलिस ने 30 नवंबर को केजरा गांव से तीन आरोपियों सोमा सुन्डी, सीनू गौड़ और मंगल कारोवा को गिरफ्तार किया है। चाईबासा के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पुराना चाईबासा में पारा शिक्षक मुकरु देवगम (50) की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। शुक्रवार को रोज की तरह स्कूल गए मुकरु देवगम शाम तक घर नहीं लौटे थे। शनिवार सुबह उनका शव टोंटो थाना क्षेत्र के पूरनापानी बाजार टांड़ के पास मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मामले की गंभीरता को देखते हुए चाईबासा एसपी ने एक विशेष टीम का गठन किया। तकनीकी शाखा की मदद से त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 30 नवंबर को केजरा गांव से तीन आरोपियों सोमा सुन्डी, सीनू गौड़ और मंगल कारोवा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से खून लगे पत्थर, लकड़ी का डंडा, मिट्टी और घटना के समय पहने गए कपड़े भी बरामद किए हैं। जांच में पता चला कि हड़िया या रासी पीने को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपियों ने पत्थर और डंडे से मुकरु देवगम पर हमला कर उनकी हत्या कर दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है और आगे की जांच जारी है।

दस एकड़ में लगी अफीम की फसल को किया नष्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

लातेहार। जिले में अफीम की खेती के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई शुरू हो गई है। लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर पुलिस ने गुप्त सूचना पर बरियातू थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में कार्रवाई करते हुए लगभग 10 एकड़ जमीन में लगाई गई अफीम की फसल को नष्ट कर दिया। दरअसल लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के बरियातू थाना क्षेत्र के गुरुवे, बघमरी, कोटना सिमर आदि गांव में अफीम तस्करों के द्वारा बड़े पैमाने पर अफीम की खेती शुरू की गई है। सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी रंजन पासवान के नेतृत्व में पुलिस की टीम गठित की गई और अफीम की खेती के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान पुलिस की टीम ने लगभग 10 एकड़ में लगाए गए अफीम के पौधों को नष्ट कर दिया। इस दौरान पुलिस ने



स्थानीय ग्रामीणों को अफीम की खेती से दूर रहने और यदि कोई गांव के आसपास अफीम की खेती करता हो तो उसकी सूचना देने के प्रति भी जागरूक किया। इस संबंध में लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि सरकार के निर्देश पर पुलिस की टीम अफीम की खेती के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि अफीम की खेती के खिलाफ पुलिस ने ग्रामीण इलाकों में जागरूकता अभियान भी चला रखा है। इससे संभावना है कि इस बार अफीम की खेती कम होगी लेकिन कुछ स्थानों पर अफीम की खेती की सूचना मिल रही है जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अफीम की खेती के खिलाफ अभियान चलाकर उसे नष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि लातेहार-चतरा तथा लातेहार-पलामू जिले के बॉर्डर इलाके के सुदूरवर्ती इलाकों में कहीं-कहीं अफीम की खेती की सूचना मिली थी, वहां भी उसे नष्ट कर दिया गया है। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पिछले वर्ष लातेहार जिले में पुलिस के द्वारा लगभग 800 एकड़ भूमि में अफीम की फसल को नष्ट किया गया था। पुलिस की कार्रवाई से अफीम तस्करों को बड़ा नुकसान हुआ था। इस कारण संभावना है कि लातेहार जिले में अफीम की खेती पर अंकुश लगेगा। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि किसी भी सूरत में अफीम की खेती नहीं करें।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

आवश्यकता

1. बोकारो जिला मुख्यालय के अलावा प्रत्येक प्रखंड के लिए संवाददाता चाहिए।

2. नवबिहार टाइम्स के बोकारो कार्यालय के लिए उप सम्पादक/कार्यालय संवाददाता की आवश्यकता है। हिन्दी में समाचार लिखने और समाचार की समझ रखने वाले अनुभवी संवाददाता ही सम्पर्क करें। मानदेय-योग्यतानुसार।

3. बोकारो कार्यालय के लिए एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की आवश्यकता है। बोकारो, चास या आस-पास का ही निवासी होना अनिवार्य है

सम्पर्क करें:-

7295863300/8210783623

'नवबिहार टाइम्स' कार्यालय, 31 कॉपरेटीव कॉलोनी बोकारो (झारखण्ड) मो0- 7004247547/6206165107

E-mai : nbtimesbihar@gmail.com

चौपारण में सड़कें बदहाली की कगार पर

दैहर पंचायत की जर्जर सड़कों के शीघ्र मरम्मत की मांग, मुखिया ने डीडीसी को आवेदन सौंपा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चौपारण। दैहर पंचायत की सड़कों की दयनीय स्थिति से ग्रामीणों का दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बारिश के बाद हालत और खराब हो गई है, जिससे कई स्थानों पर पैदल चलना भी कठिन हो गया है। स्थिति को गंभीर देखते हुए पंचायत के मुखिया ब्रहम्देव भुईयां ने हजारीबाग के उपविकास आयुक्त (डीडीसी) को आवेदन सौंपकर तत्काल सड़क मरम्मति कार्य शुरू कराने की मांग की है।

मुखिया भुईयां ने बताया कि पंचायत की तीन प्रमुख सड़कों की हालत सबसे अधिक खराब है —

दैहर से बोंगा सीमा (1.25 किमी)।



वैहर मोड़ से दैहर (1 किमी)। नीमा से पंचायत सचिवालय (1.25 किमी)। इसके अलावा हथिन्दर से झापा तक 2 किमी नई सड़क निर्माण की मांग भी रखी गई है। ग्रामीणों के अनुसार दुरागड़ा, पथलगड़ा, करगा और मुड़िया जैसे आदिवासी बहुल गांवों की सड़कें भी पूरी तरह जर्जर हैं, जहाँ वाहन तो दूर पैदल गुजरना भी संघर्ष बन गया है। बदहाल सड़कों का सीधा असर स्कूली बच्चों, मरीजों, राहगीरों और दैनिक गतिविधियों पर पड़ रहा है। मुखिया भुईयां ने डीडीसी से तत्काल पहल कर मरम्मति कार्य शुरू कराने की अपील की है, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके और यातायात की स्थिति सामान्य हो सके।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-II व जल जीवन मिशन अंतर्गत गिरिडीह जिले में पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करें

ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-II एवं जल जीवन मिशन अंतर्गत गिरिडीह जिले में पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा सभी ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिले के पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल-01 एवं 02 के अधीन कुल 2364 जल सहिया कार्यकर्ता फील्ड वाटर टेस्टिंग किट जल जांच किट के उपयोग तथा वाटर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम पर ऑनलाइन प्रविष्टि से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं जल गुणवत्ता जांच, जल सहियाओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रशिक्षण के दौरान सभी जल सहियाओं को बताया जा रहा है कि पेयजल स्रोतों की गुणवत्ता की समय-समय पर जांच करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

उन्हें जल की पीएच माप, पानी की स्थिति का परीक्षण, तथा प्राप्त परिणामों को झार-जल मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से वाटर क्वालिटी मॉनिटरिंग पोर्टल पर नियमित रूप से अद्यतन करना अनिवार्य है। प्रत्येक जल सहिया को महीने में कम से कम एक बार जांच कर ऑनलाइन प्रविष्टि सुनिश्चित करनी होगी पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल-01 में प्रशिक्षण की विस्तृत योजना पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल-01 के कार्यपालक अभियंता राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि प्रमंडल-01 अंतर्गत आने वाली 1108 जल सहियाओं के लिए विस्तृत माइक्रोप्लान तैयार किया गया है। इसके अंतर्गत योजनाबद्ध तरीके से पंचायत-स्तर पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें जल जांच प्रक्रिया, किट का प्रयोग, डाटा एंट्री की विधि तथा जल सहियाओं की जवाबदेही पर विशेष बल दिया जा रहा है प्रमंडल-02 में 1257 जल सहियाओं का प्रशिक्षण जारी इसी क्रम में, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल-02 के कार्यपालक अभियंता अवीक अंबाला ने बताया कि प्रमंडल-02 के अंतर्गत 1257 जल सहियाओं को प्रखंड स्तर पर जल गुणवत्ता परीक्षण प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व शौचालय दिवस अभियान के तहत सामुदायिक एवं व्यक्तिगत शौचालयों की कार्यशीलता और सौंदर्यकरण सुनिश्चित करने हेतु जल सहियाओं, जनप्रतिनिधियों एवं समुदाय को लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं स्वच्छता एवं पेयजल संरक्षण को लेकर मजबूत प्रयास अभियंताओं ने बताया कि जिले में जल गुणवत्ता सुधार, शौचालयों के रखरखाव, ग्राम स्तर पर स्वच्छता संदेशों के प्रसार तथा सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए विभागीय टीम लगातार कार्यरत है। पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर पर जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को स्वच्छ जल, सुरक्षित स्वच्छता और घर-घर नल कनेक्शन के महत्व से अवगत कराया जा रहा है प्रशिक्षण में स्वच्छ भारत मिशन टीम एवं यूनिसेफ की सक्रिय भूमिका इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला समन्वयक रितेश कुमार, बीरेंद्र मंडल, यूनिसेफ प्रतिनिधि शशांक शेखर, तथा प्रखंड समन्वयक झ स्वच्छ भारत मिशन की महत्वपूर्ण सहभागिता सुनिश्चित की गई है। सभी विशेषज्ञ मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रत्येक जल सहिया तकनीकी ज्ञान प्राप्त करे तथा अपने पंचायत क्षेत्र में जल की गुणवत्ता सुधार में प्रभावी भूमिका निभा सके।

भक्ति का महासमर : 22 दिसंबर को हजारीबाग में गूंजेगा 'श्री श्याम समर्पण महोत्सव', रामगढ़ से पावन शीश का होगा आगमन

नवीन सिन्हा

हजारीबाग। हजारीबाग 22 दिसंबर को अद्भुत अध्यात्म, भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंगने वाला है। श्री श्याम टाबरिया समिति द्वारा लगातार दूसरे वर्ष अग्रसेन भवन परिसर में भव्य श्री श्याम समर्पण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

सोमवार को श्री रानी सती मंदिर प्रांगण में आयोजित समीक्षा बैठक में कार्यक्रम की व्यापक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस वर्ष महोत्सव को और अधिक दिव्य, आकर्षक तथा विशाल स्वरूप देने का लक्ष्य रखा गया है।

विशेष आकर्षण – रामगढ़ से बाबा श्याम का पावन शीश

इस महोत्सव का सबसे पवित्र क्षण वह होगा जब रामगढ़ से



बाबा श्याम का पावन शीश विधि-विधान के साथ हजारीबाग पहुंचेगा।

पावन शीश के दर्शन से पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा, उत्साह और भक्ति का दिव्य वातावरण बनने की संभावना है।

आयोजक श्री श्याम टाबरिया ने बताया कि कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से श्याम भक्त बड़ी संख्या में शामिल होंगे। साथ ही हजारीबाग, बोकारो, गिरिडीह, कोडरमा तथा आसपास के जिलों से भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा — 'बाबा श्याम की भक्ति समाज को एकता के सूत्र में बांधती है। यह महोत्सव भक्तों को अलौकिक आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करेगा।'

कार्यक्रम के मुख्य धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन

भव्य कीर्तन,मनमोहक भजन संध्या,आकर्षक श्रृंगार दर्शन

पवित्र प्रसाद वितरण

इन सभी कार्यक्रमों का उद्देश्य भक्तों को प्रेम, भक्ति और आध्यात्मिक शांति से सराबोर करना है।

22 दिसंबर को हजारीबाग में श्रद्धा और भक्ति का ऐतिहासिक दृश्य देखने को मिलेगा, जो शहर के आध्यात्मिक इतिहास में एक यादगार दिन के रूप में दर्ज होगा।

गिरिडीह की ट्रैफिक व्यवस्था दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है : डॉ. शैलेंद्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। डॉक्टर शैलेंद्र चौधरी ने प्रशासनिक पदाधिकारी और खास करके ट्रैफिक के पदाधिकारी से अनुरोध किया कि इस विषय का संज्ञान लें और अपने लोगों को रोड पर रहने का निर्देश दें।

ऐसी क्या स्थिति है कि कभी भी ट्रैफिक पुलिस रास्ते पर नजर नहीं आती है वहीं अगर कोई विआईपी काफिला गुजर रहा होता है या गुजरने वाला होता है तो हर जगह ट्रैफिक के लोग नजर आने लग जाते हैं बाकी समय क्या हुआ कुंभकरण की तरह सोते रहते हैंईस जाम से कितने बच्चों का स्कूल छूट जाता है क्योंकि इस जाम में छोटे-छोटे बच्चे अपने अभिभावकों के साथ एवं स्कूल के बसेज जाम में फंसे रह जाते हैंक्रोडो पर एंबुलेंस में पेशेंट है जो कंटिन्यू सायरन दे रही है फिर भी कोई सुनने वाला नहीं है मरीज और बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करना अच्छी बात नहीं है ककम से कम स्कूल के टाइम पर तो ट्रैफिक व्यवस्था सही रखने का मनसा होना चाहिए अगर यह वीडियो देखने के बाद भी गिरिडीह के तमाम प्रशासनिक पदाधिकारी को चिंता नहीं होती है तो फिर या बहुत ही गंभीर स्थिति है उपायुक्त गिरिडीह से निवेदन होगा कि इस विषय का संज्ञान लेते हुए ट्रैफिक पुलिस को अपना काम सही से करने के लिए निर्देशित करें।

विश्व एड्स दिवस पर बरही अस्पताल में जागरूकता अभियान : 'छूने से नहीं फैलता एड्स, भेदभाव खत्म करें': उपाधीक्षक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बरही हजारीबाग। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर 1 दिसंबर को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एचआईवीझएड्स के खिलाफ वैश्विक एकता और संघर्ष का प्रतीक माना जाता है। इसका उद्देश्य लोगों तक सही जानकारी पहुँचाना, डर और भ्रांतियों को खत्म करना और बीमारी से जुड़े भेदभाव को समाज से मिटाना है।

कार्यक्रम का नेतृत्व अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने किया। जागरूकता अभियान में अस्पताल के चिकित्सक एवं दर्जनों स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए। इस दौरान डॉ. ज्ञानी ने कहा कि आज भी कई लोग एड्स को लेकर अनावश्यक डर और गलत धारणाओं से घिरे रहते हैं, जबकि



सही जानकारी ही सुरक्षा और समाधान की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया—

एड्स छूने से नहीं फैलता

साथ बैठने, खाने या सामान्य संपर्क से संक्रमण नहीं होता।

एड्स पीड़ितों के प्रति भेदभाव समाज के स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़ा अवरोध है

डॉ. ज्ञानी ने कहा कि इस वर्ष विश्व एड्स दिवस की थीम— 'व्यवधान पर विजय, एड्स प्रत्युत्तर में सुधारह्व हमें प्रेरित करती है कि एचआईवी-एड्स से जुड़ी सामाजिक और मानसिक बाधाओं को दूर कर बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को सभी तक पहुंचाया जाए।

कार्यक्रम में दंत चिकित्सक डॉ. प्रवीण कुमार, आयुष चिकित्सक मेराजुल इस्लाम, कादम्बिनी दुबे, सुधांशु शेखर सिंह, गौतम कुमार, दीपक कुमार, कुलदीप कुमार, अनीता कुमारी, मोहम्मद शाहिद, विष्णु कुमार महतो, विनय कुमार, मोहम्मद जावेद अख्तर, टीपू कुरैशी, कैलाश प्रजापति, सिन्हा, विष्णु रविदास, सबिता कुजूर एवं कुमारी अमृता सहित अनेक कर्मी मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में अस्पताल प्रशासन ने संकल्प लिया कि एड्स से जुड़े भ्रम, डर और भेदभाव को खत्म करने के लिए जागरूकता गतिविधियाँ लगातार जारी रहेंगी।

महुआटाड़ मुफ्फसिल क्षेत्र का ट्रांसफार्मर माले के प्रयास से बदला गया : राजेश

आदिवासी, दलित, गरीब, दबे कुचले और उपेक्षित की आवाज है माले : कन्हाई पांडेय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। आदिवासी इलाका महुवाटांड में पिछले छ महीने से ट्रांसफार्मर खराब थी इसकी सूचना अन्य राजनीतिक पार्टियों और बिजली विभाग को दी गई थी जैसे ही माले के जिला कमिटी के राजेश सिन्हा को पता चला, उन्होंने बिजली विभाग के एसी सकील जीजेई अमित कुमार को इसकी जानकारी दी, साथ में आवेदन भी दिया गया।

सही जगह पर प्रयास किया गया तो बिजली विभाग ने दो दिन में ज्यादा पॉवर का ट्रांसफार्मर लगवा दिया, माले के जिला कमिटी के सदस्य कन्हाई पांडेय और प्रखंड सचिव मसूदन कोल के अलावे सभी संगठन और खास कर असंगठित मजदूर मोर्चा के केंद्रीय सचिव कन्हाई पांडेय ने कहा कि जिन गांव के वोट से सरकार बनी है जिनके वोट से प्रतिनिधि बने है उस एरिया का भी काम यदि नहीं हो पाए तो समझिए कि हमलोगों को उस पार्टी से सिर्फ चुनाव के समय में ही गठबंधन कर के खुद को ठगने की बात है माले नेता राजेश सिन्हा और माले अन्य साथियों के पास आंदोलन की शक्ति है कुछ भी कार्य के लिए किसी का जी हुजूरी करने या गिड़गिड़ाने की भी जरूरत नहीं है,आप आंदोलन के लिए तैयार रहिए अफसर खुद साथ देंगे, अफसर के पास और बिजली विभाग के पास संसाधन की कमी जरूर है किंतु कुछ अफसर सिर्फ काम के लिए जाने जाते है, कुछ टालमटोल करने वाले अफसर होते है लेकिन जरूरतमंद के हिसाब से सबका काम देर सबेर होता है, सिन्हा ने कहा कि गिरिडीह विधानसभा में बिजली संबंधित कही भी कोई दिक्कत हो या जिले भर में कही भी दिक्कत हो डायरेक्ट अफसरों से बात करें,आपका कार्य अवश्य होगा यदि नहीं हुआ तो माले को याद करें। उपस्थित थे मोहन कोल, सुरेश कोल,गणेश कोल,भीम कोल आदि ने ट्रांसफार्मर को लाने लगाने में बिजली विभाग की मदद की।

स्व. रामसेवक सिंह की 16वीं पुण्यतिथि पर

डॉ. बंसत नारायण सिंह उच्च विद्यालय में श्रद्धांजलि सभा, शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को किया गया स्मरण

चौपारण (हजारीबाग)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड अंतर्गत डॉ. बंसत नारायण सिंह उच्च विद्यालय, बसरिया में सोमवार को संस्थापक स्व. रामसेवक सिंह (बाबू) की 16वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा पर विद्यालय सचिव राजदेव यादव तथा स्थानीय मुखिया मंजू देवी ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने स्वर्गीय रामसेवक सिंह द्वारा शिक्षा के प्रति उनके अदम्य समर्पण एवं ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण योगदानों को याद किया।

विश्व एड्स दिवस पर सदर अस्पताल से निकाली गई जागरूकता रैली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोड्डा। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सोमवार को सदर अस्पताल गोड्डा की ओर से एड्स जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को नोडल पदाधिकारी सिविल सर्जन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान एड्स से बचाव एवं जनजागरूकता के लिए आम नागरिकों के बीच आईईसी पम्पलेट का वितरण भी किया गया।

वर्तमान में गोड्डा सदर अस्पताल में आईसीटीसी एवं एआरटी केंद्र संचालित हैं। यहां जांच, परामर्श तथा उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इसके साथ ही चालू वित्तीय वर्ष में सम्पूर्ण सुरक्षा केंद्र एसएसके यूनिट की स्थापना की भी योजना है। यह केंद्र उच्च जोखिम व्यवहार वाले व्यक्तियों के स्वास्थ्य परीक्षण और नए एचआईवी संक्रमणों की रोकथाम हेतु व्यापक सेवा पैकेज प्रदान करेगा नाको एवं भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की पहल के अंतर्गत स्थापित किए जा रहे इन केंद्रों का उद्देश्य एचआईवी संक्रमण को रोकते हुए समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है। साथ ही सभी गर्भवती महिलाओं की प्रथम तिमाही में एचआईवी एवं सिफलिस जांच सुनिश्चित करने पर भी बल दिया जा रहा है ताकि नवजात बच्चों को संक्रमण मुक्त रखा जा सके विश्व एड्स दिवस 2025 की थीम बाधाओं पर विजय, एड्स प्रतिक्रिया का रूपांतरण है, जो 2030 तक एड्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य



खतरे के रूप में समाप्त करने की दिशा में वैश्विक प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है कार्यक्रम में सिविल सर्जन लैब टेक्नीशियन अभिलाष कुमार टीआई एनजीओ, प्रोग्राम मैनेजर नीरज कुमार भरत कुमार, रवि कीर्ति, जुली कुमारी, प्रमिला कुमारी, ऊषा कुमारी, मैरी किस्कू , महारानी मरांडी, प्रियंका कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

ओरेंज द वर्ल्ड इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन द्वारा डिबेट प्रतियोगिता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। ओरेंज द वर्ल्ड : महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के खिलाफ अभियान अभियान के तहत इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन द्वारा रोटरी भवन, गिरिडीह में एक वाद-विवाद डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में कार्मेल स्कूल सीसीएल डीएवी स्कूल किरण पब्लिक स्कूल, ओपन माइंड्स ए वर्ल्ड स्कूल, विमेन्स कॉलेज बीएसएम स्कूल गर्ल्स हाई स्कूल, पचम्बा तथा अन्य विद्यालय सहित कई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया और महिलाओं के खिलाफ हिंसा जैसे संवेदनशील विषय पर अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का संचालन पीडीसी पूनम सहाय और क्लब की अध्यक्ष



कविता राजगढिया के नेतृत्व में किया गया प्रतियोगिता का मूल्यांकन क्लब की सदस्य एवं पूर्व सीसीएल डीएवी शिक्षिका सुषमा सिन्हा तथा नेहा राजगढिया ने किया। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने महिलाओं की सुरक्षा, अधिकारों और समाज में उनकी स्थिति से जुड़े कई प्रश्न भी पूछे, जिनका क्लब सदस्यों ने सरल और समझदारीपूर्ण तरीके से समाधान किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में पीसीसी पूनम सहाय, अध्यक्ष कविता राजगढिया, सचिव स्मृति आनंद, संपादक संगीता सिन्हा, सदस्य सुषमा सिन्हा, किरण बर्नवाल, शबाना रब्बानी, पूर्व अध्यक्ष सुमन गौरिसरिया, नमिता जमुवार तथा अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण उपस्थिति और सहयोग रहा इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन का यह प्रयास बच्चों में जागरूकता बढ़ाने और महिलाओं के सम्मान एवं सुरक्षा के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

श्री कबीर ज्ञान मंदिर में श्रीमद्भागवत गीता जयंती का भव्य आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। आज श्री कबीर ज्ञान मंदिर में श्रीमद्भागवत गीता जयंती का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाया गया। आयोजन के प्रथम दिवस में श्रीमद् भागवत गीता जी का अखण्ड पाठ किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

सदुरु मां ज्ञान के सान्निध्य में सबों ने सस्वर अखण्ड पाठ किया। बताया गया कि कल श्रीमद् भागवत गीता ज्ञानयज्ञ आयोजित है, जिसमें गीता मंत्रों के द्वारा हवन किया जाएगा इस अवसर पर सदगुरु मां ने अपने उद्गार में कहा कि जितनी भी मानवोपयोगी बाते है जो मानव कों मानव बनाने में सक्षम है, सब गीता में है। जितने भी का प्रकार का धर्म है, सबकी रचना श्रीमद्भागवत गीता के



पश्चात हुआ है। सभी धर्मग्रंथों में जो भी अच्छी बाते है, चाहे समर्पण हो, भक्ति हो या जीवन जीने की कला हो, वे सब के सब पहले से ही गीता में है। गीता में कर्मकांड नहीं है, अपितु अमृत का भंडार है सदुरु मां ने आगे कहा श्रीमद्भगवत गीता एक पुस्तक मात्र नहीं है, यह संविधान है सनातन धर्म का। यह संविधान है मानव मात्र का। इस सविधान को अंगीकार कर लेने से हमारा जीवन दिव्य गुणों से भर जाएगा गीता में बताए गए मार्ग मानव को महामानव बनाकर आपसी प्रेम का विस्तार करने वाला, आर्थिक और आध्यात्मिक जीवन की उत्तंग शिखर तक पहुंचाने वाला, जाती पाती और पंथवाद से ऊपर उठाने वाला, कर्मों में सजग और कर्मठ बनाने वाला, जीवन के विपरित परिस्थितियों में मुस्कुराने और मुश्किलों का हल निकालने वाला संजीवनी है आज से सृष्टि के आदि में यदि कोई धर्म था तो वह था सनातन धर्म। सनातन का अर्थ है जो आरंभ से है, सदा है, और सदा रहेगा। जो कभी नही बद्लता श्रीमद्भागवत गीता धर्म सनातन और पुरातन का पोषक है। पुरातन हमें जीवन की कला और जीवन जीने का सही तरीका सिखाता है। सनातन हमें मानव जन्म का उद्देश्य बताता है। श्रीमद्भागवत गीता सनातन और पुरातन का संगम है जो मानव जन्म पाकर, सनातन धर्म में आकर गीता गंगा में डुबकी नहीं लगाते है वे बहुत अभागे हैं।

छत्तीसगढ़ महादेव बेटिंग एप ऑनलाइन गेमिंग व सट्टा से ठगी के मामले का पुलिस ने किया पदार्फाश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। पलामू पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने छत्तीसगढ़ महादेव बेटिंग एप ऑनलाइन गेमिंग व सट्टा से ठगी के मामले का पदार्फाश किया है। पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने गिरफ्तार किए गए सात अपराधियों को प्रेस के सामने प्रस्तुत करते हुए उक्त जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हजारीबाग पुलिस ने उन्हें सूचना दी थी कि रामगढ़ के कुजू क्षेत्र में अयाज आलम नामक व्यक्ति अन्य व्यक्तियों का न्यू अकाउंट खुलवा कर उसे किराए पर ले रहा है। इसका केंद्र हुसैनाबाद क्षेत्र में है। इनपुट मिलते ही उन्होंने हुसैनाबाद सीडीपीओ एस मोहम्मद याकूब के नेतृत्व में एसआईटी का गठन कर कार्रवाई का निर्देश दिया। टीम को मालूम चला कि हुसैनाबाद अनुमंडल के पीछे स्थित अनिल कुमार विश्वकर्मा के मकान में तीन महीना से चार अज्ञात लड़के आ रहे हैं। वे किसी ऑनलाइन गेमिंग व सट्टा के माध्यम से ऑनलाइन गेम का काम कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक के बताया कि मकान की घेराबंदी कर तीसरी तल्ले पर दो कमरों में कुल सात लड़कों को टैब, मोबाइल व लैपटॉप पर काम करते हुए संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। इनमें 22 वर्षीय छत्तीसगढ़ के भिलाई का रहने

हुसैनाबाद में किराए के मकान लेकर ऑनलाइन गेमिंग व सट्टा खेलाने वाले सात को किया गिरफ्तार

वाला राहुल सिंह लोधी, बिहार के औरंगाबाद स्थित दलेल बीघा के सुजीत कुमार विश्वकर्मा, अजीत कुमार विश्वकर्मा, औरंगाबाद क्षेत्र के आजन गांव के रोहित कुमार सिंह को महादेव बेटिंग एप के खेलोयार डॉट साइट नामक गेमिंग साइट का फ्रेंचाइजी141 चला रहे थे। ये सभी महादेव बेटिंग एप के प्रमोटर से एक फ्रेंचाइजी141 के नाम से खरीद किया था। इसमें 6 हजार खिलाड़ी का आईडी को मॉनेटरी करने व कस्टमर के द्वारा खेल खेलने के लिए डिपॉजिट किए गए रूपयों को एक्सेप्ट कर खिलाड़ी के गेम आईडी में खेलने के लिए टोकन मनी देते थे। वे उस रूपयों को सेटल करने व खिलाड़ी के द्वारा रूपयों के विड्रोल रिक्वेस्ट डालने पर खिलाड़ी के अकाउंट में रुपए को डिपॉजिट करते थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ऑनलाइन गेमिंग में प्रतिदिन कस्टमर या खिड़की से 7 से 8 लाख रुपए तक की कमाई की जाती थी। इसमें प्रमोटर्स को 70 प्रतिशत की हिस्सेदारी थी व एक फ्रेंचाइजी के हिस्से में 30 प्रतिशत राशि मिलती थी। उन्होंने बताया कि पूरे विश्व में अनेक फ्रेंचाइजी काम कर रहे हैं। प्रत्येक फ्रेंचाइजी को पांच से छह हजार कस्टमर या खिलाड़ी के आईडी को मैनेज करने व उनके विड्रोल व डिपॉजिट को मैनेज करके उनके पास से आए रूपयों को प्रमोटर्स के द्वारा दिए गए अकाउंट नंबर में सेटल करने का काम करते थे। इस कार्य में प्रत्येक फ्रेंचाइजी को प्रति महीने करीबन 10 से 15 मूल अकाउंट की आवश्यकता होती थी। उस अकाउंट को रन करने का पूरा पावर फ्रेंचाइजी के पास रखना होता है। ताकि कस्टमर खिलाड़ी के द्वारा विड्रॉल व डिपॉजिट को एक्सेप्ट कर कस्टमर या खिलाड़ी के द्वारा डिपॉजिट रिक्वेस्ट आने पर कस्टमर या खिलाड़ी मूल अकाउंट को डिटेल दे देते थे। ताकि उसमें पैसा डिपॉजिट कर सके। कस्टमर या खिलाड़ी को गेम खेलने के लिए डिपॉजिट किए गए रुपए के बराबर टोकन मनी कस्टमर या खिलाड़ी के गेम आईडी में डाल दिया जाता था। ताकि कस्टमर या खिलाड़ी गेम खेल सके। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फ्रेंचाइजी के मालिक के द्वारा लड़कों को रखा जाता था । लड़कों द्वारा गांव के कुछ लोगों को पैसे का झांसा देकर उनका आईडी प्रूफ, पासबुक व एटीएम कार्ड इत्यादि इस्तेमाल कर फ्रेंचाइजी के



मालिक के द्वारा उपलब्ध कराए गए फर्जी मोबाइल नंबर से लिंक कराकर अकाउंट खोलते थे। साथ ही अकाउंट होल्डर का पांच से छह हजार रुपए देकर पासबुक एटीएम चेक बुक ले लिया जाता था। एक माह तक या एक अकाउंट में 50 से 60 लाख रुपए तक का ट्रांजेक्शन होने पर उस अकाउंट से सारे पैसे को विड्रोल कर पासबुक, एटीएम व चेक बुक अकाउंट होल्डर को वापस कर दिया जाता था । पकड़े गए लड़कों ने बताया कि महादेव बेटिंग एप के खेलोयार डॉट साइट नामक गेमिंग साइट के उनके फ्रेंचाइजी141 में अकाउंट होल्डर लाने का काम पकड़े गए अन्य चार व्यक्ति बिहार के जागेश्वर के कुंदा गांव के जुबेर अंसारी, पतरातू थाना के तलाटांड निवासी अयाज आलम, रांची जिले के तमाड़ थाना के पुंडीदीरी अक्षय कुमार कुंडू व औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना के मुखिया गांव का मुकेंद्र पासवान व अन्य के द्वारा किया जाता था।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि महादेव बेटिंग एप के खेलो यार डॉट साइट नमक गेमिंग साइट के फ्रेंचाइजी141 के मास्टरमाइंड सरगना छत्तीसगढ़ राज्य के भिलाई के पेट्रोल पंप के सामने स्थित शेल्वी उर्फ मनीष, बिहार के औरंगाबाद जिले के आजन गांव का राजन कुमार सिंह व प्रवीण भैया नामक व्यक्ति इसके मास्टरमाइंड हैं। महादेव वेटिंग एप के खेलो यार डॉट साइट नामक गेमिंग साइट के उनके फ्रेंचाइजी141 को मॉनिटर करने, रन कर लोगों को लुभावना गेम देकर व बाद में लगातार हराकर उनकी गाढ़ी कमाई को लूटा जा रहा था। छापेमारी के क्रम में उनके पास से महादेव बेटिंग एप के खेलो यार डॉट साइट नामक गेमिंग साइट के उनके फ्रेंचाइजी141 को मॉनिटर करने में इस्तेमाल किए जा रहे लैपटॉप, एक टैब, फर्जी मोबाइल नंबर वाले सिम सहित कूल 15 मोबाइल, विभिन्न बैंकों के मूल बैंक अकाउंट का कूल नौ पासबुक, नौ चेक बुक, नौ एटीएम व महादेव बेटिंग एप के खेलो यार डॉट साइट नामक गेमिंग साइट के उनके फ्रेंचाइजी141 के लिए नेटवर्क हेतु लगाए गए जिओ कंपनी का जिओ फाइबर सेट बरामद किया गया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस संबंध में हुसैनाबाद थाना कांड संख्या 271/2025 आईटी एक्ट व 11 बंगाल जुआ अधिनियम दर्ज किया गया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि छापेमारी दल में एसडीपीओ हुसैनाबाद एस मोहम्मद याकूब, हैदरनगर थाना प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक अफजल अंसारी, देवरी ओपी प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक बबलू कुमार, हुसैनाबाद थाना के पुलिस अवर निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक रमन यादव, पुलिस अवर निरीक्षक सौरभ चौबे, पुलिस अवर निरीक्षक नवदेश्वर सिंह, आरक्षी रंजन टूटी, आरक्षी सिप्रियन लकड़ा, आरक्षी परमेश्वर महतो, आरक्षी चालक सिकंदर भगत, आरक्षी रमेश कुमार नट, आरक्षी हरेंद्र राम, आरक्षी लाडले हसन, आरक्षी बेंजामिन एक्का, आरक्षी मिथिलेश तिवारी सहित सभी हुसैनाबाद व देवरी पुलिस के सशस्त्र बल व एसडीपीओ के अंगरक्षक शामिल थे।

ऑनलाइन गेम के चक्कर में न पड़ें युवा : पुलिस अधीक्षक

मेदिनीनगर। पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने पलामू वासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन वेटिंग एप, गेमिंग एप व ऑनलाइन गेमिंग साइट पर जाकर गेम खेलकर अपने मेहनत की गाढ़ी कमाई को लालच में आकर नहीं गवाएं। साथ ही किसी व्यक्ति को अपना पासबुक, एटीएम व चेकबुक किसी भी हाल में नहीं दें। चंद रूपयों के लिए किसी भी व्यक्ति के कहने पर बैंक में अपना अकाउंट नहीं खोलें। गलत काम करने वालों को साथ देने के जुर्म में ऐसे व्यक्ति को जेल जाना भी पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि वे बार-बार पलामू वासियों से आग्रह करती रही हैं कि कभी भी किसी को किराए पर मकान या कमरा देना हो तो उसके पहले संबंधित व्यक्ति का आधार कार्ड लेकर पुलिस से उसका वेरिफिकेशन जरूर कराएं। नहीं तो किसी न किसी दिन बड़ी मुसीबत में फंस सकते हैं।

बारात से लौट रही बस पुल की रेलिंग से टकरायी, एक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिहारशरीफ। बिहारशरीफ की बड़ी पहाड़ी से बरात से वापस लौट रही बस सोमवार को दीपनगर थाना क्षेत्र के कंचनपुर पुल के पास सुबह एक बड़े हादसे का शिकार हो गई। इस भीषण हादसे में बस के सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। यह दुर्घटना कंचनपुर के पास पंचाने नदी के ऊपर बने पुल के पास हुई, जहां अचानक ड्राइवर को नींद आ जाने से बस अनियंत्रित होकर बीच सड़क पुल से टकराई।

इस घटना में एक भैरो बिगहा गांव निवासी सिद्धेश्वर प्रसाद की मौत हो चुकी है, जबकि 35 वर्षीय मंटू कुमार, 50 वर्षीय अजय प्रसाद, 79 वर्षीय सुशांत कुमार, 25 वर्षीय सोनी कुमारी, संतोष कुमार समेत 10 और लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

बताया जाता है कि अर्जुन प्रसाद की पुत्री की शादी थी। सभी शादी समारोह समाप्त होने के बाद काशीचक लौट रहे थे। एक जख्मी ने बताया की बस पर कुल 50 लोग सवार थे। हादसा इतना भीषण था कि ड्राइवर के केबिन में बैठे कई लोग सामने का शीशा तोड़कर नीचे जा गिरे, जबकि जिस व्यक्ति की मौत हुई है, वह बस के ऊपर बैठा था।

टक्कर होने के बाद 40 फीट हवा में उछलकर ओवरब्रिज के नीचे जा गिरा, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घायल ने बताया कि वे लोग नवादा जिले के काशीचक स्थित भैरो बिगहा गांव से बिहारशरीफ बड़ी पहाड़ी शादी समारोह में गए हुए थे। सुबह वह वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान पुल के पास बस अनियंत्रित होकर पुल से जा टकराई।

ग्रामीणों ने बताया कि टक्कर की आवाज सुनते ही लोग घटनास्थल पर दौड़ पड़े और घायलों को बस से बाहर निकालने लगे। सूचना मिलते ही राष्ट्रीय राजमार्ग रजौली बख्तियारपुर फोरलेन स्थित चोरसुवा गांव के समीप गश्ती कर रही पावापुरी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के साथ सभी घायलों को भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान पावापुरी अस्पताल भेजा गया। चिकित्सकों के अनुसार, कई बरातयों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। घटनास्थल पर पहुंची दीपनगर पुलिस ने बस को क्रेन की मदद से सड़क के किनारे कर यातायात को बहाल किया।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल प्रशासन सतर्क हो गया। इमर्जेंसी वार्ड में डॉक्टरों और नर्सों की अतिरिक्त टीम तैनात कर दी गई। स्वास्थ्यकर्मियों ने बिना समय गंवाए घायलों की प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया। कई घायलों के सिर, कंधे और पैरों में गंभीर चोटें आईं। अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अजय कुमार ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए सभी डॉक्टरों को तुरंत बुलाया गया। हमारे पास आए घायलों में अधिकांश को प्राथमिक उपचार देकर स्थिर कर दिया गया है।

गरीब बेटी के विवाह के लिए की आर्थिक मदद

राजगंज (धनबाद)। राजगंज थाना अंतर्गत गोरगा गांव में सामाजिक सरोकार की मिसाल देखने को मिली, जहां डिफेंडर्स ऑफ इंटरनेशनल हुमन राइट्स काउंसिल की झारखंड इकाई ने एक गरीब परिवार की बेटी के विवाह हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान किया। आर्थिक तंगी से जूझ रहे इस परिवार के लिए यह मदद किसी संजीवनी से कम नहीं रही।परिवार की स्थिति को देखते हुए संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आगे आकर विवाह के सभी आवश्यक खर्चों में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। इस नेक पहल में विशेष योगदान देने वालों में भूषण राजक, उपाध्यक्ष, सूरज भुइयाँ, बजरंगी भुइयाँ, बनियादास भुइयाँ, गोराई मुंडा, और शिवम सिंह शामिल थे। इन सभी सदस्यों ने मिलकर सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए परिवार को सहयोग प्रदान किया, जिसकी बदौलत बेटी का विवाह सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सका। स्थानीय ग्रामीणों ने भी संगठन के इस कदम की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं तथा जरूरतमंदों को नई उम्मीद प्रदान करते हैं। संगठन ने असहाय परिवारों की मदद करने का आश्वासन दिया है।

रेलवे स्टेशनों पर टिकट बुकिंग एजेंटों की बहाली प्रकिया शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

समस्तीपुर। रेलवे ने समस्तीपुर मंडल के 31 रेलवे स्टेशनों पर अनारक्षित टिकट (जनरल टिकट) बनाने के लिए स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब इन स्टेशनों पर टिकट बुकिंग एजेंट यात्रियों के लिए अनारक्षित टिकट उपलब्ध कराएंगे।

रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार, एजेंटों को टिकट जारी करने के एवज में निर्धारित दर से कमीशन दिया जाएगा। इस बहाली प्रक्रिया के तहत इच्छुक उम्मीदवारों से 26 दिसंबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पंजीकृत डाक, कोरियर, सामान्य डाक या हाथों-हाथ कार्यालय में जमा कराया जा सकता है। अंतिम तिथि के बाद जमा होने वाले किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।रेलवे द्वारा स्पष्ट किया गया है कि स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट की नियुक्ति तीन वर्षों के लिए की जाएगी। चयनित उम्मीदवार को निर्धारित नियमों का पालन करना होगा। आवेदन के साथ आवेदक को चरित्र प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, स्व-प्रमाणित फोटो, निर्धारित शुल्क का डिमांड ड्राफ्ट तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है। इस योजना के तहत मैट्रिक (10वीं) पास बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। रेलवे ने इसे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार का एक महत्वपूर्ण अवसर बताया है। चयनित एजेंट अपने-अपने स्टेशन पर अनारक्षित टिकट जारी करेंगे और इसके बदले रेलवे द्वारा कमीशन प्रदान किया जाएगा।

समस्तीपुर मंडल के जिन स्टेशनों पर टिकट बुकिंग एजेंट की तैनाती की जाएगी, उनमें मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा, सहरसा, रक्सौल, बापूधाम मोतिहारी, जयनगर, सीतामढ़ी, बेतिया, मधुबनी, नरकटियागंज, जनकपुर रोड, मधेपुरा, सुपौल, झंझारपुर, रुसेरा घाट, सिमरी बख्तियारपुर, चकिया, सुगौली, बगहा, बैरगनिया, लहरिया सराय, हरी नगर, बनमनखी, सकरी, पूर्णिया कोर्ट, मुरलीगंज, हसनपुर रोड, मोतीपुर, ललित ग्राम और खुदीराम बोस पूसा स्टेशन शामिल हैं। रेलवे प्रशासन का कहना है कि इस पहल से यात्रियों को टिकट सुविधा सहज मिलेगी और स्थानीय स्तर पर बेरोजगार युवाओं को रोजगार का अवसर प्राप्त होगा।

पारा टीचर की हत्या मामले में तीन गिरफ्तार

चाईबासा। टोंटो थाना क्षेत्र के पुरनापानी बाजार टांड में शनिवार सुबह सनसनीखेज वारदात घटित हुई। यहां अज्ञात अपराधियों द्वारा पारा शिक्षक मुकरु देवगम (उम्र 50 वर्ष) की पत्थर से कुचलकर एवं लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। ग्रामीण मुण्डा पुरनापानी से सूचना मिलने पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मृतक मूल रूप से पुरना चाईबासा, टोला बारी पोखरी, थाना- मुफ्फसिल का निवासी था और सुन्डी सुरनियां में पारा टीचर के रूप में कार्यरत था। सूचना पर पुलिस अधीक्षक चाईबासा को अवगत कराया गया, जिसके बाद एसपी के निर्देश पर अनु.पु.पदा. जगन्नाथपुर के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और कांड के उद्भेदन के लिए त्वरित अभियान चलाया।

हत्या के बाद आरोपी जंगल के बीहड़ इलाकों में छिपे हुए थे। तकनीकी शाखा की मदद से पुलिस ने 30 नवंबर को ग्राम केजरा से घटना में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

तबादले के उपरांत समारोह पूर्वक दी गयी विदाई



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मनिहारी /कटिहार। बिहार ग्रामीण बैंक मनिहारी शाखा में पदस्थापित शाखा प्रवंधक बबलू रजक के स्थानांतरण के उपरांत उनके सहकर्मियों द्वारा समारोह पूर्वक विदाई दी गयी।

सहायक शाखा प्रबंधक कुमार अमित कुमार, कैशियर आलोक कुमार पंकज ने श्री रजक का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। सहकर्मियों ने अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया. प्रवंधक कुमार आलोक कुमार सहायक शाखा प्रवंधक कुमार अमित, कैशियर आलोक कुमार पंकज, शाखा मे कार्यरत परिचारी किशोर कुमार पासवान ने शाखा प्रवंधक श्री रजक की स्वस्थ्य सफल व दीघार्यु जीवन की कामना की। इस मौके पर जीविका समूह से जूडी जीविका दीदियों ने भी उनके कार्यकाल में मिले सहयोग की सराहना की।

डायन के शक में अपहरण कर वृद्धा की हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मधुपुर (देवघर)। मधुपुर के मिसरना गांव से पिछले दिनों डायन के शक में अपहृत 60 वर्षीय महिला का रविवार को सिर कटा शव खदान से बरामद किया गया। शव को गांव के पास गौरी पहाड़ी स्थित पत्थर खदान से मिला है। जब शव को खदान से निकाला गया तो सिर धड़ से गायब था। सिर ढूंढ़ने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन नहीं मिला। मामला अंधविश्वास से जुड़ा है।

बताया जाता है कि गांव के एक किशोर की कुछ दिनों पहले मौत हो गई थी। किशोर के घरवालों को शक था कि महिला डायन है और उसने ही जान ली है। माना जा रहा है कि बदले की आग में किशोर के स्वजन ने ही महिला की हत्या की है। शव को निकालने में एनडीआरएफ का सहयोग लिया गया। देवघर एनडीआरएफ की टीम के इंस्पेक्टर कृष्णकांत कनक के नेतृत्व में टीम ने शव को खदान से निकाला।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए शव को सदर अस्पताल भेज दिया है। स्वजन ने शव की पहचान कर ली है। बताया जाता है कि अपहरणकर्ता ने महिला का सिर काटकर उसकी हत्या कर दी। साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से उसका शरीर को खदान में फेंक दिया।

इधर, महिला की बेटी ने मधुपुर थाना में चार महिला समेत आठ लोग को नामजद आरोपित बनाया है। पुलिस फरार लोगों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है। एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद, इंस्पेक्टर इंचार्ज संतोष कुमार गुप्ता ने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है।

महिला का बेटा और बहू दिल्ली में इंजीनियर हैं। चार वर्ष पूर्व पति का निधन हो गया था। बेटा अपनी मां को दिल्ली में रखना चाहते था, लेकिन वह गांव के पैतृक घर में रहना पसंद करती थी। गुरुवार की शाम साढ़े सात बजे चार महिला और चार पुरुष महिला के घर आए और पड़ोस में हो रहे श्राद्ध के भोज में चलने के लिए कहा। महिला ने जब बीमारी को हवाला देते हुए मना किया तो आरोपित जबरन घर से घसीटते हुए ले गए। वह काफी चीखती- चिल्लाती रही, लेकिन किसी ने उसकी मदद नहीं की। इसके बाद घटना की सूचना मिलने पर पुलिस गांव पहुंची। पुलिस ने महिला की तलाश के लिए दुमका से श्वान दस्ता मंगाया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। महिला को पहले भी डायन कहकर प्रताड़ित किया गया था। तब मामले की शिकायत पर पुलिस प्रशासन के हस्तक्षेप से मामला को शांत कराया गया था। प्रताड़ित करने वालों को पुलिस ने कड़ी चेतावनी दी थी। तब महिला के पति भी जीवित थे। शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

एड्स छूने से नहीं,असुरक्षित यौन संबंध से फैलता है : पीएलभी रजि अहमद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। एड्स बीमारी छूने से नहीं, असुरक्षित यौन संबंध बनाने से फैलता है।

साथ ही संक्रमित खून चढ़ाने से भी एड्स रोग होता है। उक्त बातें पैरा लीगल वालेंटियर रजि अहमद ने कही। वे एड्स दिवस के अवसर पर सोमवार को हुसैनाबाद के परता व कुकही पंचायत में एड्स को ले डीएलएसए के नेतृत्व में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इसके लिए लोगों में जागरुकता जरूरी है। मौके पर रबिन्द्र कुमार, नन्दलाल मेहता, भोला नाथ शर्मा, रामचंद्र चौधरी ने लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया। कहा कि एड्स रोगियों की पहचान गोपनीय रखी जाती है। कहा कि एचआईवी लाईलाज बीमारी नहीं है। अगर समय पर जांच व उपचार किया जाए तो कोई भी व्यक्ति पूरी उम्र स्वस्थ रह सकता है।



इसके पूर्व परता पंचायत के पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पाण्डेय व मुखिया कौशल किशोर जी ने लोगों को एड्स के प्रति विशेष से जागरूक करते हुए किसी भी हाल में लापरवाही नहीं बरतने की सलाह दी। कहा कि बहुत से लोग इस बीमारी को लेकर कई भ्रांतियां व डर के साएं में जी रहे हैं। इसलिए जागरूकता व सही जानकारी देना बेहद जरूरी हो गया है। कुकही पंचायत में पंचायत समिति सदस्य राजीव कुमार शर्मा ने लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया। कहा कि एचआईवी पॉजिटिव लोगों को सरकार मुफ्त दवा दे रही है। कहा कि एचआईवी एक ऐसा वायरस है जो इंसान की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करता है। समय पर इलाज नहीं होने पर यह एड्स में बदल जाता है। यह स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन जाता है। मौके पर लोगों को बाल विवाह, बाल मजदूरी सहित डालसा व सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों के बारे में जागरूक किया गया।

मद्य निषेध टीम पर तस्करों ने चलाये ईंट-पत्थर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बक्सर। सोमवार की सुबह कुशलपुर हरनाहा हॉल्ट उस समय तनावपूर्ण माहौल में बदल गया, जब अवैध शराब की तस्करी को रोकने पहुंची मद्य निषेध टीम पर तस्करों ने अचानक पथराव कर दिया। घटना इतनी तेज और अप्रत्याशित थी कि कुछ ही क्षणों में हॉल्ट परिसर रणक्षेत्र जैसा दिखाई देने लगा। हालांकि इस हमले में किसी के घायल होने की जानकारी नहीं है, लेकिन तस्कर अफरातफरी का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, डुमरांव मद्य निषेध थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि डाउन संघमित्रा एक्सप्रेस के जरिए भारी मात्रा में अवैध शराब लाई जा रही है। सूचना मिलते ही उत्पाद टीम सुबह-सुबह ही कुशलपुर हॉल्ट पहुंच गई।

ठीक उसी समय ट्रेन में कथित रूप से चेन पुलिंग कर शराब से भरे बैग नीचे उतारे जा रहे थे। टीम ने जब तस्करों को घेरने की कोशिश की, तभी तस्करों ने रेलवे ट्रैक किनारे पड़े पत्थरों से हमला कर दिया।

आकस्मिक हमले के कारण टीम को कुछ पल के लिए पीछे हटना पड़ा और इसी बीच तस्कर मौके से चंपत हो गए। हालांकि टीम ने रेलवे ट्रैक के पास से एक बैग बरामद किया है जिसमें शराब भरी मिली है। बैग में कितनी मात्रा में शराब थी, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

घटना की पुष्टि करते हुए उत्पाद अधीक्षक अशरफ जमाल ने बताया कि टीम पूरी तरह सुरक्षित है और फरार तस्करों की पहचान के लिए तकनीकी और स्थानीय स्तर पर जांच जारी है।

उन्होंने इसे संगठित तस्करी गिरोह की सोची-समझी प्रतिक्रिया करार देते हुए बताया कि शराबबंदी के बाद तस्कर लगातार नए तरीके अपना रहे हैं और चेन पुलिंग कर शराब उतारना भी उन्हीं की योजनाओं का हिस्सा है।

थम नहीं रहा अश्लील और भड़काऊ वीडियो बनाने धंधा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेखपुरा। विधानसभा चुनाव में इंटरनेट मीडिया पर अश्लील और भड़काऊ वीडियो बनाने का मामला सुर्खियों में रहा। वहीं, शेखपुरा में लगातार पिछले कई महीनो से अश्लील वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर जारी किया जा रहा है परंतु यहां के पुलिस और प्रशासन के द्वारा कोई पहल नहीं हो रही है।

यह वीडियो रंगा यादव और खतरा लाल यादव नाम की आईडी से लगाया जाता है। इसको लेकर जिले का सामाजिक कार्यकर्ता अविनाश कुमार, सुमन कुमार इत्यादि ने बताया कि जिले के बिहटा गांव निवासी कुछ युवक गंदा वीडियो बनाकर

एसपी ने कहा मामले की होगी जांच

इंटरनेट मीडिया पर डालते हैं। उसमें गंदी गलियों का प्रयोग करते हुए सरेआम अश्लील शब्दों का प्रयोग करते हैं।

इसकी शिकायत कई बार स्थानीय प्रशासन से की गई परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसमें बच्चों का प्रयोग भी किया जाता है। इसको लेकर जिला किशोर न्यायालय के सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य मृत्युंजय कुमार कहते हैं कि उनके संज्ञान में यह बात है और यह बेहद ही खेदपूर्ण है कि प्रशासन इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

उन्होंने बताया कि कुछ माह पहले यह बात जब संज्ञान में आई थी तो जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा वीडियो बनाने वाले युवकों को नोटिस भी दिया गया परंतु उस पर कोई पहल फिर से प्रशासन के द्वारा नहीं हुआ।

मामला ठंडे वस्ते में चला गया। जबकि राज्य स्तर पर अश्लील वीडियो बनाने वालों पर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उधर इसको लेकर जिला के प्रभारी पुलिस अधीक्षक डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में आया है। इसकी जांच कराई जाएगी।

छह पुलिस पदाधिकारियों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी

मामला गिरफ्तारी के लिए छापेमारी के दौरान परिवार के साथ मारपीट करने का

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अरवल। अरवल के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनीष कुमार पांडे की अदालत ने पुलिस बर्बरता के मामले में एसडीपीओ समेत छह पुलिस पदाधिकारियों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। एसडीपीओ कृति कमल, तत्कालीन करपी थानाध्यक्ष उमेश राम, दरोगा राघव कुमार झा, सब इंस्पेक्टर प्रीति कुमारी, सब इंस्पेक्टर हरिवंश महतो, सब इंस्पेक्टर रोहित कुमार के खिलाफ वारंट जारी किया गया है।

मामला करपी थाना क्षेत्र से जुड़ा है। परिवादी करपी थाना क्षेत्र की तनीषा सिंह ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में परिवाद पत्र 336/2024 दायर किया गया था, जिसमें 12 पुलिस पदाधिकारियों पर घर में घुसकर महिला व पुरुष के साथ मारपीट करने, महिला की लज्जा भंग करने व लूटपाट के गंभीर आरोप लगाए थे।

मामले में सुनवाई के दौरान अदालत ने एसडीपीओ समेत छह पुलिस पदाधिकारियों को दोषी माना, जिन्हें अपना पक्ष रखने के लिए कई बार कोर्ट बुलाया गया, लेकिन अधिकांश तारीखों पर पुलिसकर्मी अनुपस्थित रहे। कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए पूर्व में गैर-जमानती वारंट जारी किया था, फिर भी हाजिर नहीं होने पर



25 नवंबर 2025 को गैर अजमानतीय वारंट निर्गत कर दिया।

वर्ष 2024 में करपी प्रखंड की खजूरी पंचायत में गत पैक्स चुनाव में तनीषा सिंह के पति प्रिंस कुमार चुनाव मैदान में उतरे थे। वोटिंग के दौरान बूथ पर पुलिस व तनीषा सिंह के परिवार के बीच झड़प हुई थी। मामले में पुलिस ने केस दर्ज करते हुए उसी रात एसडीपीओ कृति कमल के नेतृत्व में गिरफ्तारी के लिए तनीषा सिंह के घर पर छापेमारी की, आरोप था कि गिरफ्तारी के दौरान पुलिस बर्बरता से पेश आई।

घर की सभी महिला व पुरुष सदस्यों के साथ बेरहमी से मारपीट की। 80 वर्षीय दादी लखमानो देवी व सास ललिता देवी को भी मारा-पीटा गया। घर में लूटपाट करने का भी आरोप है।

इसके बाद कुल सात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

पुलिस की सारी कार्रवाई सीसी कैमरे में कैद हो गई, जिसको आधार बनाते हुए तनीषा सिंह ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनीष कुमार पांडे की अदालत में परिवाद दायर किया था, जिसमें आरोपितों पर कोर्ट के आदेश पर पूर्व में निलंबन की कार्रवाई भी हुई थी।

घर में लगी आग से वृद्ध की मौत

अररिया। किरकिचिया पंचायत के वार्ड संख्या दो कटहरा में बिजली की शॉर्ट सर्किट से आग लग जाने से एक घर जलकर पूरी तरह राख हो गया।जबकि, इस घटना में 90 साल के एक बुजुर्ग सुधीर यादव पिता स्व. महादेव यादव की झुलसने से मौत हो गई। आगलगी की घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिवार के सदस्यों द्वारा अग्निशमन विभाग को सूचना दिया गया। अग्निशमन विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। घटना में साढ़े तीन लाख रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियां भी जलकर राख हो गई। मृतक सुधीर यादव को एक बेटा और दो बेटी है। बेटा जगत नारायण यादव कपड़ों के फेरी का काम करता है, जबकि दोनों बेटी शादीशुदा है। सूचना पर मौके पर विधायक मनोज विश्वास, मुखिया प्रतिनिधि कपिल अंसारी, गजेंद्र उर्फ मंटू यादव ने पहुंचकर पीड़ित परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और घटना को लेकर दुख व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया। वहीं, विधायक ने मामले को लेकर अंचलाधिकारी से फोन पर बात की और पीड़ित परिवार को समुचित मुआवजा देने को निर्देशित किया।

इंटर स्कूल डिबेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार। एएएम चिल्ड्रेन्स एकेडमी फसिया टोला में इंटर स्कूल डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल सात विद्यालयों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागी स्कूलों में रामकृष्ण मिशन, डॉन बॉस्को,टीइओमल , केंद्रीय विद्यालय, एसबीपी विद्या विहार, स्कॉटिस पब्लिक स्कूल एवं एएएम चिल्ड्रेन्स एकेडमी शामिल रहे ।कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव अशोक पोद्दार, उपाध्यक्ष विवेन सरकार, प्राचार्य विकास चटर्जी, जूनियर विंग की प्राचार्या श्रीमती रचना सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।प्रतियोगिता में छात्रों ने अपने तार्किक विचारों, अभिव्यक्ति एवं सशक्त प्रस्तुति से दर्शकों एवं निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। परिणामस्वरूप स्कॉटिश पब्लिक स्कूल की संभवी आनंद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि केंद्रीय विद्यालय की आस्था प्रियदर्शनी द्वितीय स्थान पर रही। शेष सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन हेतु कॉन्सोलशन पुरस्कार प्रदान किये गये ।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और ऐसे आयोजनों से छात्रों के व्यक्तित्व विकास व वाक्शक्ति को बढ़ावा मिलने की बात कही।

विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार नगर। उत्पाद विभाग और रेलवे सुरक्षा बल ने संयुक्त कारवाई करते हुए रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 06 से भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। जिसके तहत एक आरोपी को 15.480 लीटर विदेशी शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया। गुप्त सूचना पर, उत्पाद विभाग और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने कटिहार रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 06 पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम मे उक्त व्यक्ति के पास से 15.480 लीटर विदेशी शराब प्राप्त हुई जिसे जब्त करते हुए व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमित कुमार(35)?पिता- विनय साह, शोगरी जमालपुर, वार्ड न०-30,थाना शोगरी जिला-खगड़िया निवासी के रूप मे हुई है। उत्पाद विभाग ने गिरफ्तार व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई कर रही है।

गड्ढे से शव बरामद

अररिया। नरपतगंज थाना क्षेत्र के पलासी वार्ड संख्या दो निवासी एसएसबी जवान अजीत कुमार सहनी (35 वर्ष) उर्फ सूरज का शव रविवार को संदिग्ध अवस्था में बथनाहा थाना क्षेत्र अंतर्गत भद्रेश्वर नहर के निकट सीता धार के समीप पानी से भरे एक गड्ढा से बरामद हुआ। वह बथनाहा स्थित एसएसबी 56वीं वाहिनी में पदस्थापित था और फिलहाल आईसीपी भेड़ियारी में तैनात था। वह पिछले कुछ दिनों से छुट्टी पर घर में रह रहा था।

इधर सूचना मिलने ही बथनाहा थानाध्यक्ष राजवीर साहू दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव को पुलिस अभिरक्षा में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु सदर अस्पताल अररिया भेज दिया। जहां से अंत्यपरीक्षण उपरांत शव स्वजनों को सौंप दिया गया।

घटना की खबर मिलते ही मृतक के घर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। वहीं, स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। घटना को लेकर बताया गया कि जवान अजीत कुमार सहनी शनिवार को नेपाल में अपने किसी स्वजन के पास गया हुआ था। जहां से लौटकर वह अपने घर नहीं पहुंचा। आखिरी बार उसकी बात पत्नी कल्पना देवी से हुई थी।

बम पूजा को लेकर किया गया भूमि पूजन

महादेव के नारों से गूंजायमान हुआ गांव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शिवाजीनगर। शिवाजी नगर प्रखंड के ग्राम पंचायत राज दहियार रन्ना अंतर्गत शहरू गांव में सोमवार, 01 दिसंबर से आगामी 7 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले श्री श्री 1008 सार्वजनिक बम पूजा की तैयारियों की शुरूआत पवित्र भूमि पूजन के साथ हुई। पूरा गांव हर-हर महादेव के जयकारों से जुटा रहा और माहौल पूर्णतः शिवमय बना रहा मुख्य यजमान ने संपन्न कराया भूमि पूजन इस अवसर पर मुख्य यजमान लाल बाबू मंडल एवं उनकी धर्मपत्नी रेखा देवी ने आचार्य गजेंद्र नारायण चौधरी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा स्थल पर विधिवत भूमि पूजन कराया। भूमि पूजन के बाद मंदिर स्थित महादेव की डोली



शोभायात्रा के रूप में पूजा स्थल पर लाई गई, जहां उन्हें पूरे विधि-विधान के साथ स्थापित किया गया श्रद्धालुओं की उमड़ी अपार भीड़ समस्तीपुर तथा दरभंगा दोनों जिलों की बम पूजा समितियों के सदस्य, ग्रामीण एवं आसपास के क्षेत्रों के हजारों श्रद्धालु इस अवसर पर एकत्र हुए। कार्यक्रम स्थल पर भक्ति, आस्था और उत्साह का ऐसा संगम देखने को मिला जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया उपस्थित प्रमुख सदस्य एवं जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में बम पूजा समिति के कई सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से महेंद्र बम, फूल बाबू बम, रेखा देवी बम, अरविंद कुमार बम, कपे मंडल बम, दामोदर मंडल बम, संजय कुमार बम, राकेश कुमार सिंह बम उर्फ राजेश, पंचायत समिति के प्रतिनिधि मदन प्रसाद सिंहा बम, रामचरित्र मंडल बम, प्रखंड प्रमुख डॉ. गोविंद कुमार बम, रामचंद्र मंडल बम, मनोज कुमार बम, रामबालक मंडल बम, कपि मंडल बम, गणेश मंडल बम, राजेश्वर प्रसाद सिंह बम, अरुण कुमार बम, शंकर मंडल बम, अनिल कुमार सिंह बम, संजय बम, बिकाऊ बम, पवन बम, रवि बम आदि सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे भक्तिमय माहौल चौपाड़ा, ऊख और भजन से झूम उठे श्रद्धालु पूरे स्थल को भक्ति के रंग में रंगने के लिए चौपाड़ा, ऊख तथा भक्ति संगीत की विशेष व्यवस्था की गई थी। कर्णप्रिय शिव भजनों ने ऐसा वातावरण बनाया कि श्रद्धालु झूम उठे और हर कोई नाचने-गाने को विवश हो गया। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने भक्ति की लय पर कदम मिलाकर कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया हजारों श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद और भोजन की व्यवस्था बम पूजा समिति द्वारा दूर-दराज से आए भक्तों के लिए प्रसाद वितरण और सामूहिक भोजन (भंडारा) की भव्य व्यवस्था की गई। समिति के सदस्यों ने हर श्रद्धालु तक प्रसाद पहुंचाकर सेवा भाव का परिचय दिया

आगामी बम पूजा को लेकर उत्साह चरम पर भूमि पूजन के साथ ही शहरू गांव में आगामी बम पूजा की तैयारियां औपचारिक रूप से शुरू हो गई हैं। स्थानीय लोगों में 7 जनवरी 2026 को होने वाले इस ऐतिहासिक और विशाल आयोजन को लेकर उत्साह अपने चरम पर है शहरू ग्राम में आयोजित भूमि पूजन ने इस बात का संदेश स्पष्ट कर दिया कि आने वाली बम पूजा पूरी भव्यता और धार्मिक आस्था के साथ ऐतिहासिक स्वरूप लेकर आएगी।

डिग्री कॉलेज के लिए दुनही पंचायत की जमीन चिह्नित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। गढ़पुरा में डिग्री कॉलेज नहीं है, जिसके कारण प्रखंड क्षेत्र की बहुत सी छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाती है। क्योंकि स्नातक की शिक्षा के लिए शहरी क्षेत्रों में पढ़ने की व्यवस्था है। जहां नित्य घर से जाकर पढ़ना छात्राओं के लिए संभव नहीं होता है।

प्रखंड के 11 उच्च विद्यालय को उत्क्रमित कर प्लस टू बनाया गया है। इसको लेकर बालिकाएं इंटर तक की शिक्षा लेकर घर बैठ जाती है। हालांकि राज्य सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने प्रखंड स्तर पर डिग्री कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है।

डिग्री कॉलेज के लिए अंचल अधिकारी को भूमि चयन करने के लिए जिला से निर्देश दिया गया था। जिसका अनुपालन करते हुए गढ़पुरा अंचल के सीओ राजन कुमार ने मौजा विजय नारायण के गैर मजरुआ आम पांच एकड़ जमीन चिह्नित किया है, जिसका सारा कागजात तैयार कर अनुमंडल के माध्यम से सरकार को भेज दिया गया है।

अब डिग्री कॉलेज बनने की जमीन संबंधित प्रक्रिया पूरी हो गई है। उपरोक्त जानकारी देते हुए सीओ ने बताया कि सरकार द्वारा डिग्री कॉलेज खोले जाने के लिए जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश मिला था, जिसका अनुपालन करते हुए इस कार्य को प्रमुखता से लेते हुए जमीन की तलाश की गई।

दुनही पंचायत के मौजा विजय नारायण के अंतर्गत थाना



नंबर 124, खाता संख्या 27, खेसर 279, रकबा 5 एक-ड़ डिग्री महाविद्यालय की स्थापना के लिए सरकार को भेजा गया है। सीओ ने बताया कि यह गैर मजरुआ आम जमीन, जिसका कुछ लोगों ने अपने नाम से बंदोबस्त करा कर जमाबंदी कायम करा लिया था, जिसे जिला के एडीएम को कागजात उपलब्ध कराकर गया।

बारीकी से अध्ययन करने के बाद एडीएम ने जमाबंदी रदीकरण वाद संख्या 191 वर्ष 2024-25 को उक्त जमीन की जमाबंदी रद कर दिया गया। उसके बाद उक्त खाता खेसरा और रकवा को दशार्ते हुए सारा कागजात अनुमंडल पदाधिकारी के माध्यम से सरकार को डिग्री महाविद्यालय खोले जाने के लिए भेज दिया गया है।

महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे मालीगांव गुवाहाटी के महाप्रबंधक निर्माण अंजनी कुमार ने सोमवार को कटिहार-डंडखोरा केडीपीआर रेल दोहरीकरण परियोजना के तहत चल रहे कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। यह दौरा उनके आधिकारिक टूर प्रोग्राम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। जिसका उद्देश्य परियोजना की प्रगति और गुणवत्ता की समीक्षा करना था। महाप्रबंधक अंजनी कुमार रविवार रात ट्रेन संख्या 15909 अटैच आरए से किशनगंज से रवाना हुए और सोमवार सुबह 10:35 बजे कटिहार पहुँचे। उन्होंने कटिहार - मनिहारी एमएफए और कटिहार - डंडखोरा केडीपीआर रेल दोहरीकरण परियोजनाओं के कार्यों का बारीकी से मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने परियोजना की वर्तमान प्रगति का जायजा लिया और कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने तथा समय पर काम पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण में उनके साथ मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सीएओ/सी /वन), मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सीएओ/सी/ टु,मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर और मुख्य इंजीनियर निर्माण -2 सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

विश्व एड्स दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार। बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति पटना के तत्वावधान में जिला एड्स बचाव एवं नियंत्रण इकाई कटिहार की ओर से 1 दिसंबर सोमवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह सदर अस्पताल से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी को संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर एसीएमओ डॉ.जेपी सिंह, सीडीओ डॉ अशरफ रिजवी एवं उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ. आशा शरण ने रवाना किया। यह प्रभात फेरी शाहीद चौक होते हुए विनोदपुर के रास्ते वापस सदर अस्पताल पहुंचकर समाप्त हो गया । जिला एड्स बचाव एवं नियंत्रण ने सिविल सर्जन सभागार में एचआईवी-एड्स की जागरूकता को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया। इसका उद्घाटन डॉ. रंजना झा, सीडीओ डॉ अशरफ रिजवी, ब्लड सेन्टर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरएस सुमन, डॉ सुलोचना, समाजसेवी मंजूश्री साहा ने संयुक्त रूप से किया। मंच संचालन डीपीएम डेप्कू शौनिक प्रकाश ने किया। सीडीओ डॉ अशरफ रिजवी ने बताया कि जागरूकता और सुरक्षित यौन संबंध से ही एचआईवी-एड्स को फैलने से रोका जा सकता है। डॉ रंजना झा ने कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं का प्रसव से पहले एचआईवी-एड्स की जांच जरूर कराएं। यदि प्रसव से पहले गर्भवती महिला की जांच रिपोर्ट में एचआईवी-एड्स पाया जाता है तो उस गर्भवती महिला को एआरटी सेन्टर से जोड़ा जाना चाहिए। डॉ. आरएस सुमन ने कहा कि पैसे से ब्लड नहीं खरीदें। पैसे से



खरीदे हुए ब्लड की जांच नहीं की जाती है। ऐसे ब्लड एचआईवी-एड्स से संक्रमित हो सकते हैं। उस संक्रमित ब्लड से जिस मरीज को ब्लड चढ़ाया जाएगा वो मरीज भी एचआईवी-एड्स से पीड़ित हो जाएगा। प्राइवेट नर्सिंग होम के मरीजों को सरकारी रक्त केंद्र में डोनर देकर पांच सौ रुपए में ब्लड उपलब्ध करा दिया जाता है। अगर मरीज सदर अस्पताल में इलाज करा रहा तो यह व्यवस्था निःशुल्क है। डॉ. सुलोचना ने बचाव की जानकारी को सबसे बेहतर इलाज बताया। डीआईएस मिथिलेश ठाकुर ने संपूर्ण सुरक्षा केंद्र की जानकारी दी। कार्यक्रम में पीपीटीसी महिला कांउनसेलर डॉ. आभा कुमारी, बैद्यनाथ कुमार , मीनू कुमारी, प्रवीण मिश्रा, जितेन्द्र कुमार महराज ने अपने-अपने विभाग की एचआईवी-एड्स से जुड़ी तकनीक जानकारी दी। मौके पर लेखापाल डेप्कू प्रभाकर लाल दास, मेरा युवा भारत के युवा अधिकारी जनक राज मीना, एमटीएस विक्रम कुमार, अश्वनी कुमार झा, राहुल कुमार, दिनेश कुमार, बबीता कुमारी, पिंकू कुमार, इंद्रजीत कुमार, रूबी कुमारी, महनूर बेगम, रवि शंकर झा, परवेज जफर अशरफी, राम निरेखन दुबे,संदीप कुमार उपस्थित रहे।

महापौर ने जनता दरबार में सुनीं जनसमस्याएं



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार। नगर निगम कटिहार में महापौर ऊषा देवी अग्रवाल के कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया।

महापौर ने अपने कार्यालय कक्ष में आये सभी 29 फरियादियों की समस्या सुनी। महापौर के द्वारा सभी फरियादियों की समस्या सुन त्वरित कारवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिया गया। जनता दरबार में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना, सड़क व नाला निर्माण, बिजली पोल एवं लाइट, रास्ते एवं अतिक्रमण से जुड़े विवाद, नालों की साफ-सफाई, सड़क अतिक्रमण करने वाले पे होगी करवाई एवं अन्य मामलों से संबंधित मामले आए। महापौर के द्वारा पिछले जनता दरबार में आये सभी आवेदनों की समीक्षा भी की गई। इस दौरान उप महापौर मंजूर खान, वार्ड पार्षद आदि मौजूद रहे।

चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मिले एसपी से

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। मेदिनीनगर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की टीम ने अध्यक्ष विकास शेट्टी की अध्यक्षता में सोमवार को पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन से शिष्टाचार मुलाकात की।

संगठन ने अपनी स्थापना के साथ शहर की सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही पुलिस प्रशासन द्वारा अब तक किए जा रहे बेहतर कार्यों के लिए आभार प्रकट किया। अध्यक्ष विकास शेट्टी ने कहा कहा कि महोदया के नेतृत्व में पलामू में शांति व्यवस्था काफी हद तक कायम है। किसी भी बड़ी घटना के होने पर पुलिस के तत्काल उद्भेदन किए जाने से आम जनता में भरोसा बढ़ा है।

संगठन ने मुलाकात के दौरान यह भी अवगत कराया कि शहर में अपराध, ड्रग एडिक्शन व अनैतिक गतिविधियों में शामिल कुछ असामाजिक तत्व लगातार नए स्थान व तरीके तलाश कर सक्रिय हो रहे हैं। इसलिए कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की सक्रियता बढ़ाने का अनुरोध किया गया। इनमें अंबेडकर पार्क, नदी



किनारे के क्षेत्र, इंडस्ट्रियल एरिया, हवाई अड्डा परिसर व शहर के शांत व सुनसान मार्ग शामिल है। इन क्षेत्रों में ड्रग एडिक्शन व अनैतिक गतिविधियां बढ़ने की शिकायतें मिल रही हैं। इनकी रोकथाम आवश्यक है। टीम ने यंग बाइकर्स द्वारा तेज रफ्तार व स्टंट ड्राइविंग को लेकर चिंता व्यक्त किया। कहा कि इससे शहर में दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ रही है। इस संदर्भ में प्रमुख मार्गों पर स्टॉप बैरियर लगाने, बाहरी क्षेत्रों से आने वाले रास्तों पर चेकिंग बढ़ाने व ट्रैफिक नियमों के कड़े अनुपालन की आवश्यकता पर बल दिया। शहर के अलावा आसपास के बाजार क्षेत्रों में चोरीझडकैती की घटनाओं में वृद्धि पर भी संगठन ने चिंता जताई। इसके समाधान हेतु संबंधित थाना क्षेत्रों के अधिकारियों को सशक्त करने व सभी हाईवे चौराहों पर नियमित वाहन चेकिंग अभियान चलाने का सुझाव दिया गया। इससे ड्रग्स, ड्रिंक एंड ड्राइव जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लग सकेगी। कहा कि पुलिस विभाग द्वारा बाजार क्षेत्र में सीसीटीवी लगाए जाने से अपराध पर काफी नियंत्रण हुआ है। इसी मॉडल को आगे बढ़ाते हुए संवेदनशील सार्वजनिक स्थलों पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाने एवं उनका कंट्रोल पुलिस विभाग के पास रखने व कैमरे लगे होने का साइन बोर्ड प्रदर्शित करने का आग्रह किया गया ताकि असामाजिक तत्वों में भय उत्पन्न हो। सुझाव दिया कि जल्द ही एक प्रेस वार्ता, जागरूकता अभियान व फ्लैग मार्च के माध्यम से यह स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं। दोपहिया वाहनों के लिए हेलमेट अनिवार्य, चारपहिया वाहनों के लिए सीट बेल्ट अनिवार्य व ब्लैक फिल्म पर पूर्ण प्रतिबंध लगवाने की अपील की गई।

पुलिस अधीक्षक ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। खासकर चिन्हित प्वाइंट पुलिस लाइन रोड, मिशन स्कूल रोड, मरीन ड्राइव नदी किनारे , केजी स्कूल रोड, हवाईअड्डा व आवश्यक सभी जगह पर स्टॉप बैरियर जल्दी लगाने व समय-समय पर वाहन जांच अभियान चलाने व आवश्यक कार्रवाई करने को आश्वासन दिया। मौके पर गुरबीर सिंह, संतोष कुमार गुप्ता, विजय प्रसाद, लव कुमार, विपिन वर्मा, आनंद वर्धन, पीयूष कुमार ,पवन कुमार निलेश चंद्र, अमित लाल व रंजीत कुमार मिश्रा उपस्थित थे।

डीईओ ने प्रधानाचार्य को किया निलंबित

मामला थाली में अंडा दिखाकर वापस लेने का

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जमालपुर । शिक्षा विभाग की छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से जमालपुर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 29 स्थित प्राथमिक विद्यालय फरीदपुर के प्रधानाचार्य संजीव कुमार द्वारा बच्चों को मध्यान भोजन के दौरान अंडा देकर तस्वीर खींची और वापस ले लेने की अमानवीय घटना पर संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी कुणाल गौरव ने प्रधानाचार्य को निलंबित कर दिया है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया एक और विभाग बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण स्थापित करने के लिए तरह-तरह के योजनाओं का संचालन कर रहा है। इस परिस्थिति में प्राथमिक विद्यालय फरीदपुर की घटना निंदनीय है।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एमडीएम द्वारा किए गए मामले की जांच में प्रधानाचार्य को दोषी पाते हुए निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के दौरान प्रधानाचार्य का मुख्यालय टेटिया बंबर प्रखंड किया गया है। उन्होंने कहा प्रधानाचार्य पर विभागीय कार्रवाई को लेकर विभाग को भी पत्राचार किया गया है। डीईओ ने स्पष्ट कहा है इनको जो जिम्मेदारी दी गई है उसका निर्वहन ईमानदारी और निष्ठा के साथ करें अन्यथा कार्रवाई को लेकर तैयार रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के मंदिर में किसी प्रकार की लापरवाही से समझौता नहीं किया जाएगा मामला संज्ञान में आने पर हर हाल में विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

50 वर्षों में एनटीपीसी ने दक्षता से किया राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान

सेवानिवृत्त अधिकारियों को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। एनटीपीसी स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय ने पटना स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम में 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया। इस भव्य सम्मान सह सांस्कृतिक संध्या में 50 से अधिक सेवानिवृत्त अधिकारी अपने परिवारों के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य सीएमडी-एनटीपीसी की उस अवधारणा को साकार करना था जिसमें स्वर्ण जयंती का उत्सव समावेशी रूप से मनाने और संगठन के निर्माण में योगदान देने वाले पूर्व अधिकारियों को विशेष सम्मान देने पर जोर दिया गया है।





कार्यक्रम में ऊर्जा सचिव मनोज कुमार सिंह, बिहार इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन के सदस्य अनिल कुमार सिन्हा, वित्त विभाग के संयुक्त सचिव संजीव मित्तल, एनटीपीसी सुजाता लेडीज क्लब की अध्यक्षा संगीता गोयल और पूर्वी क्षेत्र-1 के अंतर्गत आने वाली सभी परियोजनाओं के परियोजना प्रमुख और महाप्रबंधक परिजनों सहित मौजूद रहे। इस मौके पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत दीप प्रज्वलन और स्वागत गीत के साथ हुई। स्वागत भाषण में एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 के कार्यकारी निदेशक विजय गोयल ने सेवानिवृत्त अधिकारियों के योगदान को एनटीपीसी की मजबूती की आधारशिला बताते हुए धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर ऊर्जा सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि एनटीपीसी ने 50 वर्षों में अपनी तकनीकी क्षमता, पेशेवर दृष्टिकोण और राष्ट्रीय ऊर्जा क्षेत्र में योगदान के माध्यम से अद्वितीय स्थापित किया है। उन्होंने वर्तमान और पूर्व कर्मचारियों को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के सांस्कृतिक भाग में शास्त्रीय और लोक कलाकारों ने बिहार की सांस्कृतिक विरासत को मंच पर प्रस्तुत किया जिसे उपस्थित लोगों ने विशेष प्रशंसा दी। समारोह के दौरान पूर्व और वर्तमान कर्मचारियों ने पुराने अनुभवों और उपलब्धियों की याद साझा की। कार्यक्रम का समापन एनटीपीसी मानव संसाधन विभाग के महाप्रबंधक विल्सन अब्राहम के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। रात्रि भोज के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों और सेवानिवृत्त प्रतिभागियों ने पारस्परिक संवाद के माध्यम से पुनः जुड़ाव का भाव व्यक्त किया। कार्यकारी निदेशक विजय गोयल ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों और उनके परिवारों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनका आभार व्यक्त किया और संगठन की निरंतर प्रगति के लिए उनके आशीर्वाद की कामना की।

सकारात्मक बदलाव का आधार है युवा शक्ति : प्रो. रत्ना अमृत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बी.डी. कॉलेज, पटना की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय रेड रिबन वॉक में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी को समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बताया। यह कार्यक्रम बिहार राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी द्वारा आयोजित किया गया था। इसके मुख्य अतिथि बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत थे। प्रातः 6:00 बजे इको पार्क (गेट संख्या 02) से प्रारंभ होकर वीर कुंवर सिंह आजादी पार्क तक पहुंची इस यात्रा ने विकास भवन, बिहार विधानसभा, होटल चाणक्य और आर-ब्लॉक मार्ग को पार किया। इस दौरान बी.डी. कॉलेज के विद्यार्थियों ने एच.आई.वी./एड्स जागरूकता पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं जिनमें नुक्कड़ नाटक, फ्लैश मोब डांस और एन.सी.सी. द्वारा बैंड सहित गार्ड ऑफ ऑनर शामिल थे। जनता ने इन प्रस्तुतियों को अत्यधिक सराहा क्योंकि उन्होंने एच.आई.वी./एड्स की रोकथाम, जागरूकता, भेदभाव-निरोध और सामुदायिक समर्थन का संदेश प्रभावी ढंग से प्रसारित किया। बी.डी. कॉलेज जन-जागरूकता, युवा सशक्तिकरण और सामाजिक उत्तरदायित्व को आगे बढ़ाने हेतु निरंतर प्रयासरत है।

अलकतरा घोटाले में ट्रांसपोर्टर ने किया गुनाह कबूल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पटना स्थित एक विशेष अदालत ने बहुचर्चित अलकतरा घोटाले के तीन मामलों में दोष स्वीकार करने के बाद एक ट्रांसपोर्टर को प्रत्येक मुकदमे में छः-छः माह के सश्रम कारावास की सजा के साथ एक-एक हजार रूपए का जुर्माना भी किया है। केंद्रीय जांच ब्यूरो की विशेष अदालत की न्यायिक दंडाधिकारी अस्मिता कुमारी ने मामले में सुनवाई के बाद एवं अभियुक्त के द्वारा तीनों मामलों में अपना दोष स्वीकार कर लेने के तथ्य से संतुष्ट होकर यह सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को प्रत्येक मुकदमे में पन्द्रह-पन्द्रह दिनों के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। मामले के विशेष वरीय लोक अभियोजक राकेश दुबे ने बताया कि दोषी को वर्ष 1992-93 के बीच मधेपुरा रोड डिविजन में सौंपे जाने के लिए लाखों रूपयों के अलकतरा की आपूर्ति की गई थी जिसे उसने गंतव्य पर न पहुंचाकर गबन कर लिया था। इस संबंध में सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान किया था और दोषी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

जदयू जांच समिति की बैठक में कई मुद्दों पर मंथन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। जदयू जांच समिति की चौथी बैठक सोमवार को पार्टी दफ्तर में हुई। इसमें विधानसभा चुनाव की निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान पार्टी एवं एनडीए प्रत्याशियों के खिलाफ कथित गठबंधन-विरोधी गतिविधियों से संबंधित प्राप्त सभी परिवादों की समीक्षा की गई। पार्टी हर शिकायत की विस्तृत जांच करना चाहती है। बैठक में जांच समिति के संयोजक, पूर्वसांसद एवं अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, समिति के दोनों सदस्य, मुख्य प्रवक्ता सह विधानपार्षद नीरज कुमार एवं मुख्यालय प्रभारी अनिल कुमार के अलावा वासुदेव कुशवाहा व डॉ. अमरदीप शामिल थे।

डॉ. दिलीप जायसवाल, सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने चुनाव प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों को किया सम्मानित

चुनाव में प्रबंधन समिति का योगदान उल्लेखनीय : डॉ. दिलीप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा एनडीए को प्रचंड बहुमत मिलने के बाद आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें चुनाव प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने सभी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और तारीफ की। समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव में प्रबंधन समिति का प्रबंधन उल्लेखनीय रहा। प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने अपने परिश्रम से जीत की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम से यह साबित हुआ कि भाजपा और एनडीए का हर कार्यकर्ता अपने समर्पित भाव से चुनाव मैदान में उतरा और एनडीए को प्रचंड बहुमत दिलाया। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि भाजपा आज प्रदेश में विधायकों की संख्या के मामले में सबसे बड़ी पार्टी बन गई। उन्होंने इस मौके पर प्रबंधन समिति के सदस्यों को बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव-2025 में एनडीए का प्रचंड जनादेश कार्यकर्ताओं की निरंतर मेहनत और समर्पण का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का सम्मान ही भाजपा की पहचान है। भाजपा की सबसे बड़ी विशेषता है कि भाजपा का बूथ कार्यकर्ता ही पार्टी के सर्वोच्च पद तक पहुंच सकता है। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने समारोह को संबोधित करते हुए चुनावी प्रबंधन साथियों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि इन साथियों का उत्साह और निष्ठा विकसित बिहार की हमारी सामूहिक यात्रा को और बल देती है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि हम सब मिलकर बिहार को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता का परिश्रम और प्रतिबद्धता ही भाजपा की रीढ़ है और यही हमारी निरंतर जीत का आधार भी है। इस समारोह में बिहार सरकार के मंत्री मंगल पांडेय, लखींद्र पासवान, प्रदेश संगठन महामंत्री भिखू भाई दालसानिया, प्रदेश महामंत्री राधा मोहन शर्मा, राजेश वर्मा, राकेश कुमार सहित चुनाव प्रबंधन समिति के सभी लोग उपस्थित रहे।

नीपको में समीरन सिन्हा रे ने संभाली मुख्य मानव संसाधन अधिकारी की जिम्मेदारी

मानव संसाधन नेतृत्व को मजबूत करने पर रहेगा फोकस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली/शिलांग। नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (नीपको) ने मानव संसाधन क्षेत्र के अनुभवी विशेषज्ञ और एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी समीरन सिन्हा रे को अपना नया मुख्य मानव संसाधन अधिकारी नियुक्त किया है। लगभग 35 वर्षों के अनुभव वाले समीरन सिन्हा रे इससे पहले राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) के रूप में कार्यरत थे और प्रतिनियुक्ति पर नीपको से जुड़े थे। उनकी यह नियुक्ति संगठन में मानव संसाधन नेतृत्व को मजबूत करने और भविष्य की



विकास योजनाओं को गति देने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

35 वर्षों से अधिक का विशिष्ट अनुभव

समीरन सिन्हा रे ने वर्ष 1990 में एनटीपीसी में नियुक्ति के साथ अपने करियर की शुरुआत की थी। अपने तीन दशक से अधिक लंबे कार्यकाल में उन्होंने अनेक क्षेत्रीय कार्यालयों एवं परियोजनाओं में मानव संसाधन नेतृत्व की भूमिका निभाई और संगठनात्मक संस्कृति, प्रतिभा संवर्धन, कर्मचारी विकास और मानव संसाधन प्रणाली के सुदृढ़ीकरण में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। नीपको में शामिल होने से पूर्व वे एनटीपीसी के उत्तरी क्षेत्रीय मुख्यालय, लखनऊ में मानव संसाधन प्रमुख रहे। यह एनटीपीसी का सबसे बड़ा प्रशासनिक क्षेत्र है जिसमें आठ प्रमुख परियोजनाएं, दो संयुक्त उद्यम और राजस्थान के नोख में एक सौर परियोजना शामिल है। इसके अतिरिक्त उन्होंने भुवनेश्वर स्थित पूर्वी क्षेत्र-दो में भी मानव संसाधन प्रमुख के रूप में अतिरिक्त जिम्मेदारी निभाई और पांच प्रमुख विद्युत परियोजनाओं में कर्मचारी प्रबंधन को सुदृढ़ किया। इससे पहले वे पटना स्थित पूर्वी क्षेत्र-एक कार्यालय में मानव संसाधन प्रमुख रहे और फरक्का, नबीनगर तथा बरौनी जैसी प्रमुख विद्युत परियोजनाओं में भी नेतृत्वकारी भूमिका निभाई।

नीपको में रणनीतिक परिवर्तन की अपेक्षा

नीपको का मानना है कि समीरन सिन्हा रे के अनुभव और नेतृत्व से संगठन में मानव संसाधन प्रणाली और अधिक पारदर्शी, सक्षम और भविष्य उन्मुख होगी। उनकी नियुक्ति से प्रतिभा प्रबंधन, कौशल विकास, कर्मचारी कल्याण, संगठनात्मक संस्कृति और मानव संसाधन प्रक्रियाओं के आधुनिकीकरण को नई गति मिलने की उम्मीद है।

ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम उत्तर-पूर्व क्षेत्र की विद्युत उत्पादन इकाइयों के लिए परिवर्तनकारी साबित हो सकता है क्योंकि इससे मानव संसाधन व्यवस्थाओं को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। समीरन सिन्हा रे की यह नियुक्ति नीपको के दीर्घकालिक संगठनात्मक विकास और प्रबंधन की दिशा में एक निर्णायक कदम मानी जा रही है।

धान खरीद में लाएं तेजी : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने धान खरीदारी और बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन फेडरेशन (वेजफेड) को लेकर सोमवार को समीक्षा बैठक की है। इस बैठक में विभाग के अधिकारियों को उन्होंने धान खरीद में तेजी लाने का निर्देश दिया। तिरहुत एवं पूर्णिया प्रमंडल के जिलों की धान खरीद की समीक्षा मंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से की। इसमें निबंधक, सहयोग समितियां, रजनीश कुमार सिंह, धान खरीद के राज्य स्तरीय नोडल पदाधिकारी संयुक्त निबंधक शंभू सेन के साथ तिरहुत एवं पूर्णिया प्रमंडल के संयुक्त निबंधक उपस्थित रहे। साथ ही इन प्रमंडलों के सभी जिलों के जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला अंकेक्षण पदाधिकारी, प्रबंध निदेशक, जिला सहकारी बैंक तथा बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम के जिला स्तरीय पदाधिकारी जुड़े रहे। मंत्री ने तिरहुत एवं पूर्णिया प्रमंडल के सभी जिलों के पदाधिकारियों को धान खरीदारी में तेजी लाने को कहा। उन्हें मिशन मोड में इस काम को सम्पन्न करने और खरीफ विपणन मौसम 2025-26 में कुल 36.85 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदारी शत प्रतिशत सुनिश्चित को कहा है। मंत्री ने धान की खरीदारी के बाद राशि का भुगतान 48 घंटों के अंदर लाभुकों के नामित खाते में सुनिश्चित करने को कहा है। किसानों को होने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान करने और धान खरीदारी के कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करने का भी निदेश जिला स्तरीय पदाधिकारियों को दिया है। वेजफेड पर मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर थाली में बिहारी तरकारी अभियान को मिशन मोड में आगे बढ़ाना है। मंत्री ने निदेश दिया कि प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समितियां को सशक्त बनाने के लिए सदस्यता विस्तार की प्रक्रिया को तेज किया जाए। आधुनिक कृषि तकनीकों, वैज्ञानिक खेती और फसल प्रबंधन से किसानों को जोड़ने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की संख्या बढ़ाई जाये। बैठक में आधारभूत संरचना निर्माण से जुड़ी योजनाओं-विशेषकर प्याज भंडारण, कोल्ड चेन स्ट्रक्चर तथा नए तरकारी आउटलेट की स्थापना की प्रगति की समीक्षा करते हुए इन कार्यों में और तेजी लाने का निर्देश दिया।

डॉ मिथिलेश कुमारी मिश्र स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर प्रारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राजकीय संस्कृत महाविद्यालय काजीपुर पटना एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत संस्कृत एवं हिंदी विदुषी डॉ मिथिलेश कुमारी मिश्र की जयन्ती के शुभावसर पर सप्त दिवसीय डा मिथिलेश कुमारी मिश्र स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का संस्कृतमय वातावरण में प्रारंभ हुआ जिसमें संस्कृत महाविद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस शिविर का संचालन विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव एवं आधुनिक



भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार ओझा द्वारा पटना के राजकीय संस्कृत महाविद्यालय में किया जा रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार, डॉ ज्योत्स्ना, प्रो उमेश शर्मा, डॉ शिवानंद शुक्ल, डॉ शशिकांत तिवारी, डॉ विवेकानंद पासवान, डॉ अल्का कुमारी सहित महाविद्यालय के सभी छात्र उपस्थित थे।

जिलाधिकारी ने विकास योजनाओं को पूर्ण करने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अरवल। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा विकास योजनाओं को तेजी से और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने मनरेगा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण करते हुए कहा कि जिले में ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना और खेल मैदान के निर्माण कार्य तेजी के साथ पूर्ण करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह लगातार इसका अनुश्रवण और मॉनिटरिंग करें और प्रगति रिपोर्ट जिला मुख्यालय को प्रस्तुत करें। इस दौरान उप विकास आयुक्त और प्रखंड विकास पदाधिकारी, मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन कैंप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट निर्वाह करते हुए आज निःशुल्क एचपीवी सर्वाइकल कैंसर बचाव हेतु वैक्सीन कैंप का सफल आयोजन मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी परिसर राजेन्द्रनगर में किया। यह जानकारी देते हुए अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि इसका उद्देश्य बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान कराना है तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने बताया कि इस कैम्प में पहली खुराक ले चुकी 100 बच्चियों को दूसरी खुराक दी गई। इसके साथ ही अभियान को आगे बढ़ाते हुए 9 से 14 वर्ष की लगभग 40 नई बच्चियों को पहली खुराक भी प्रदान की गई। सभी लाभार्थी बच्चियों को नाश्ता का तथा उपस्थित परिजनों के लिए चाय-बिस्कुट की व्यवस्था की गई। मौके पर सचिव दिनेश अग्रवाल ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से



बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन अत्यंत आवश्यक है। हमारा प्रयास है कि समाज की हर बच्ची स्वस्थ भविष्य की ओर बढ़े। अग्रवाल ने बताया कि यह कैंप बेंगलुरु साड़ी हाउस के चांडक परिवार के सहयोग से आयोजित किया गया। सोसाइटी द्वारा आयोजित यह कैम्प डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. उषा अग्रवाल, डॉ. चारू मोदी एवं डॉ. निमिषा अग्रवाल की देख-रेख में अत्यंत सुव्यवस्थित और सुरक्षित रूप से सम्पन्न हुआ। इस कैम्प को सफल बनाने में पूर्व अध्यक्ष रमेश गुप्ता, प्रशांत बंका, शम्भू अग्रवाल, बिनोद अग्रवाल, अनिल रिटोलिया सहित अन्य सदस्य लगे हुए थे।

एड्स दिवस पर छात्राओं ने पोस्टर बनाकर किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। वीमेंस ट्रेनिंग कॉलेज में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बीएड सत्र (2025-27) की प्रथम वर्ष की छात्राओं ने हिस्सा लिया। छात्राओं ने एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पोस्टर बनाकर प्रदर्शन किया। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ मुनव्वर जहां, राजू कुमार व सभी शिक्षक-छात्राओं का मनोबल बढ़ाने के लिए उपस्थित रहे। इसके साथ ही कॉलेज की 25 छात्राओं ने बिहार राज्य सरकार की ओर से आयोजित रेड रिबन वॉक में भी सक्रिय रूप से सहभागिता की। एड्स के प्रति जागरूकता के लिए आयोजित यह वॉक इको पार्क गेट नंबर 2 से शुरू हुआ और विकास भवन, बिहार विधानसभा, होटल चाणक्य, आर ब्लॉक होते हुए वीर कुंवर सिंह आजादी पार्क, पटना स्थित मंच पर समाप्त हुई। कॉलेज की छात्राओं का नेतृत्व शिक्षक डॉ राजकमल और विवेक ने किया।

वोट चोरी की खिलाफत और संगठन की मजबूती पर कांग्रेस करेगी काम : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित जिलाध्यक्षों, प्रदेश पदाधिकारियों और फ्रंटल संगठनों मंच मोर्चा प्रमुखों की बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि वोट चोरी के खिलाफ हम ठोस मुहिम चलाएंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि संगठन को जिला से लेकर पंचायत तक सुदृढ़ करने पर हम काम करेंगे। साथ ही भाजपा के द्वारा चुनाव आयोग के मिलीभगत से वोट चोरी के खिलाफ दिल्ली में बड़ी रैली का आयोजन



आगामी 14 दिसंबर को है जिसमें बड़ी संख्या में बिहार से कार्यकर्ताओं का जत्था शामिल होगा। संगठन की मजबूती के लिए पंचायतों तक कांग्रेस को मजबूत करने और सशक्त बूथ कमिटियों के गठन को भी जिलाध्यक्षों के साथ विवेचना हुई। इस दौरान प्रदेश में सघन दौरे करने का निर्णय भी लिया गया। साथ ही जनता के बीच उनके मुद्दों के साथ सड़क से सदन तक कांग्रेस अपनी जिम्मेदारी निभाएगी। बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने फ्रंटल संगठन प्रमुखों, सभी जिलाध्यक्षों से व्यक्तिगत मंत्रणा की और उन्होंने सभी से पार्टी के सांगठनिक मजबूती के लिए आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। देर शाम पार्टी के सभी छह विधायकों के साथ भी प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने बैठक की। बताते चलें कि इससे पूर्व दिल्ली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने बिहार के शीर्ष नेताओं, नवनिर्वाचित विधायकों और प्रत्याशियों के साथ बैठक आयोजित की थी और उसमें भी चुनाव और संगठन को लेकर वृहद समीक्षा हुई थी।

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव को भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने दी बधाई



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया/पटना। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने मुलाकात कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. मिश्रा ने कहा कि रामकृपाल यादव का व्यापक राजनीतिक अनुभव, सरल स्वभाव और जनसेवा के प्रति समर्पण उन्हें एक विशिष्ट एवं लोकप्रिय जननेता बनाता है। वे लंबे समय तक सांसद, विधायक तथा केंद्र सरकार में मंत्री के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि बिहार को नए जनादेश में जो दिशा मिली है, उसमें रामकृपाल यादव की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहने वाली है।

संपादकीय

अश्लील सामग्री से बचाने, सुप्रीम कोर्ट का आधार उम्र सत्यापन प्रस्ताव

सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया कि बच्चों को ऑनलाइन अश्लील और आपत्तिजनक सामग्री से बचाने के लिए उम्र की पुष्टि आधार से की जाए। इंटरनेट की स्वतंत्रता और सुरक्षा के बीच संतुलन चुनौतीपूर्ण है। रोजगार से लेकर पढ़ाई-लिखाई और मनोरंजन जैसी जरूरतों के लिए इंटरनेट पर निर्भरता का दायरा बहुत ज्यादा बढ़ा है। पिछले कुछ समय से इंटरनेट की असीमित दुनिया में पसरी वैसी सामग्री को लेकर एक व्यापक चिंता पैदा हुई है, जो बच्चों और किशोरों के व्यक्तित्व पर नकारात्मक असर डालती है, उनके सोचने-समझने की दिशा को बुरी तरह प्रभावित करती है। इसके मद्देनजर दुनिया के कई देशों ने अपने स्तर पर ऐसे नियम-कायदे भी बनाए हैं, जिनके जरिए सोशल मीडिया और इस तरह के अन्य इंटरनेट मंचों तक बच्चों और किशोरों की पहुंच को सीमित किया गया। भारत में भी इस मसले पर चिंता के स्वर उभरे हैं कि व्यापक उपयोगिता के समांतर इंटरनेट की निर्बाध दुनिया में मौजूद आपत्तिजनक सामग्री को लेकर एक ठोस नियमन हो, ताकि नाबालिगों को उसके नकारात्मक असर से बचाया जा सके। इसके अलावा, अगर कोई व्यक्ति अपने सोशल मीडिया खाते या वीडियो चैनल पर किसी तरह की आपत्तिजनक सामग्री तैयार करके जारी करता है, तो उसे रोकने को लेकर नियम-कायदे की भी कमी है। यही वजह है कि किशोरों या नाबालिगों सहित इंटरनेट की सुविधा रखने वाला हर व्यक्ति अलग-अलग मंचों पर उपलब्ध अश्लील या आपत्तिजनक सामग्री तक भी आसान पहुंच रखता है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि इस संबंध में एक स्वायत्त नियामक संस्था के गठन की जरूरत है, जो इस पर लगाम लगा सके। एक मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने सुझाव के तौर पर यह भी कहा कि इंटरनेट पर उपलब्ध अश्लील या वयस्क प्रकृति की सामग्री को बच्चों से दूर रखने के लिए आधार नंबर से उम्र की पुष्टि करने पर विचार किया जाना चाहिए। इसमें कोई दोराय नहीं कि नई तकनीक और प्रौद्योगिकी के तेजी से विस्तार के दौर में आसपास की दुनिया और व्यवस्थागत ढांचे में भी व्यापक बदलाव आ रहे हैं। रोजगार से लेकर पढ़ाई-लिखाई और मनोरंजन जैसी जरूरतों के लिए इंटरनेट पर निर्भरता का दायरा बहुत ज्यादा बढ़ा है। मुश्किल यह है कि जिस साइबर संसार ने जीवन को आसान बनाया है और अध्ययन तथा शोध से संबंधित मामलों में अपनी उपयोगिता साबित की है।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा अपने छोटे बेटे अभिमन्यु यादव का विवाह भव्य सामूहिक समारोह में कराना, भारतीय राजनीति और समाज में एक असाधारण घटना है। 30 नवंबर 2025 को यह विवाह संपन्न हुआ। यह पहल राजनीति और सत्ता के गलियारों में प्रचलित अप्रत्याशित भव्यता व अपार खर्च के विपरीत एक नया विमर्श पैदा करती है। यह सवाल उठाती है कि क्या यह वास्तव में सामाजिक उत्तरदायित्व की एक अभूतपूर्व मिसाल है अथवा वीआईपी प्रोटोकॉल की अनिवार्यताओं में लिपटी एक कुशल राजनीतिक पहल है?

मिसाल या राजनीतिक संदेश, सामूहिक विवाह के आईने में सीएम मोहन यादव की 'सादगी'

(विनोद पाठक)

इस द्वंद्वात्मक प्रश्न का उत्तर इस आयोजन की उद्देश्यपूर्ण सादगी और व्यवहारिक भव्यता के गहन विश्लेषण में छिपा है, जो समाज पर इसके संभावित दीर्घकालिक प्रभावों को भी रेखांकित करता है। मुख्यमंत्री मोहन यादव का यह निर्णय अपने पुत्र के विवाह को 'स्टेट इवेंट' की व्यक्तिगत भव्यता से दूर रखकर सामूहिक विवाह का हिस्सा बनाना, मात्र एक पारिवारिक घटना नहीं, बल्कि एक सार्वजनिक घोषणा थी। सत्ता के शीर्ष पर बैठे व्यक्ति के लिए यह निर्णय न केवल व्यक्तिगत संयम को दर्शाता है, बल्कि एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक मानक भी स्थापित करने का प्रयास करता है। निमंत्रण पत्र पर स्पष्ट रूप से मुद्रित संदेश 'उपहार के लिए क्षमा... आपका आशीर्वाद ही नवदंपती के लिए अमूल्य उपहार है।' इस पूरे आयोजन की नैतिक आधारशिला है। यह सीधा और मुखर संदेश उस सामाजिक प्रतिस्पर्धा और दबाव को नकारता है, जहां शादियां अक्सर उपहारों के संग्रह, प्रदर्शन और व्यापक वित्तीय बोझ का मंच बन जाती हैं।



'स्टेटस सिम्बल' से ऊपर 'संस्कार'

यह भारतीय संस्कृति में विवाह के 'संस्कार' पक्ष को उसके 'स्टेटस सिम्बल' पक्ष पर वरीयता देने का स्पष्ट संकेत है। यह पहल उन लाखों मध्यम और निम्न-मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए एक सशक्त उदाहरण पेश करती है, जो सामाजिक प्रतिष्ठा बनाए रखने की होड़ में अनावश्यक कर्ज के बोझ तले दब जाते हैं।

इस समारोह का केंद्रीय और सबसे गहरा संदेश सामाजिक समरसता में निहित है। अभिमन्यु यादव और उनकी पत्नी ईशिता यादव सहित कुल 22 जोड़े, जिनमें 21 अन्य सामान्य सामाजिक पृष्ठभूमि के परिवार शामिल थे, एक ही मंच पर, समान विवाह मंडप और साझा रस्मों के साथ विवाह बंधन में बंधे।

यह व्यवस्था सामाजिक समानता का एक जीवंत प्रदर्शन है। जब राज्य के सर्वोच्च पद पर आसीन व्यक्ति का पुत्र सामान्य पृष्ठभूमि के अन्य जोड़ों के साथ एक ही मंच साझा करता है तो यह प्रतीकात्मक रूप से सामाजिक दर्जे की दीवारों को ध्वस्त करता है।

यह स्पष्ट करता है कि विवाह जैसे पवित्र बंधन में सभी जोड़े समान हैं, चाहे उनकी आर्थिक या सामाजिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो। इस आयोजन ने सामूहिक विवाह समारोहों को नई सामाजिक स्वीकार्यता और गरिमा प्रदान की है। अब यह मॉडल केवल 'गरीबों' या 'सरकारी योजनाओं' तक सीमित न रहकर, समाज के सभी वर्गों के लिए एक प्रतिष्ठित और समावेशी विकल्प के रूप में उभर सकता है। शादियों में होने वाले खर्च के संदर्भ में यह पहल एक महत्वपूर्ण आर्थिक संदेश देती है। भारत में एक औसत मध्यमवर्गीय विवाह में लाखों रुपए खर्च हो जाते हैं, जबकि अमीर परिवारों में यह आंकड़ा करोड़ों तक पहुंच जाता है। यह खर्च मुख्य रूप से वैन्यू, कैटरिंग, सजावट, और उपहारों पर होता है। इस आयोजन का विश्लेषण करते हुए, यह स्पष्ट है कि पारंपरिक भव्य विवाह और सामूहिक विवाह के मॉडल में मौलिक अंतर हैं।

एक ओर पारंपरिक भव्य विवाह में प्रतिष्ठा का आधार वित्तीय प्रदर्शन और सामाजिक दिखावा होता है, जिसका परिणाम अक्सर 10 लाख से 1 करोड़ रुपए या अधिक का वित्तीय बोझ होता है।

इस प्रक्रिया में परिवारों पर सामाजिक दबाव अत्यधिक होता है, जो कई बार उन्हें कर्ज लेने तक के लिए मजबूर करता है। इसके विपरीत, सामूहिक विवाह का मॉडल प्रतिष्ठा का आधार संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व को मानता है, जिसके कारण व्यक्तिगत वित्तीय बोझ काफी कम होता, आमतौर पर यह खर्च सरकारी योजनाओं में 1-2 लाख रुपए या व्यक्तिगत रूप से आयोजित विवाह की तुलना में नगण्य होता है।

यह मॉडल सामाजिक दबाव को कम करता है और सामूहिक सहयोग तथा सहभागिता को बढ़ावा देता है, जिससे यह सिद्ध होता है कि विवाह को सादगी और वित्तीय विवेक के साथ भी संपन्न किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री के बेटे की शादी के बावजूद व्यक्तिगत परिवार पर पड़ने वाला खर्च निश्चित रूप से व्यक्तिगत रूप से आयोजित एक भव्य विवाह की तुलना में नगण्य रहा होगा। यह मॉडल परिवारों को वित्तीय विवेक अपनाने की ओर प्रेरित करता है, जिससे बचत को नवविवाहित जोड़े के भविष्य और राष्ट्र निर्माण में लगाया जा सके।

महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा

सामूहिक विवाह का यह मॉडल अप्रत्यक्ष रूप से महिला सशक्तीकरण को भी बढ़ावा देता है। भारतीय समाज में विवाह से जुड़ा सबसे बड़ा सामाजिक बोझ और दबाव अक्सर लड़कियों के परिवारों पर पड़ता है, जो दहेज, भव्य आयोजन और 'कन्यादान' की रस्मों के कारण होता है।

सामूहिक विवाह समारोह दहेज प्रथा को सामाजिक रूप से अस्वीकार्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, क्योंकि ऐसे मंच पर दहेज का लेन-देन संभव नहीं होता। साथ ही, जब शादी सरल और सामूहिक होती है तो महिला के परिवार पर प्रतिष्ठा बनाए रखने का दबाव कम होता है, जिससे वे सम्मान के साथ अपनी बेटी का विवाह कर पाते हैं।

मुख्यमंत्री की पहल इस मॉडल को समाज के उच्च स्तरों पर ले जाती है, जिससे इसका प्रभाव और अधिक व्यापक होता है। यह एक स्वस्थ सामाजिक संकेत है कि अब बेटियों का विवाह वित्तीय लेन-देन नहीं, बल्कि समान और सम्मानजनक सामाजिक भागीदारी है।

प्रदर्शनवादी प्रवृत्ति के खिलाफ एक सुधारात्मक कदम

दरअसल, भारतीय राजनीति में नेताओं की शादियां हमेशा सुर्खियों में रही हैं। अतीत में, कई राजनेताओं ने अपने बच्चों की शादियों को सादगी से संपन्न कराकर मिसाल पेश की है। हालांकि, हाल के वर्षों में, सत्ता और धन के प्रदर्शन की प्रवृत्ति बढ़ी है, जिसने अक्सर वीआईपी कल्चर को बढ़ावा दिया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव की पहल इस प्रदर्शनवादी प्रवृत्ति के खिलाफ एक सुधारात्मक कदम के रूप में देखी जा सकती है।

यह पहल राजनीति और आम जनता के बीच की खाई को पाटने का प्रयास करती है। यह केवल एक राजनीतिक संदेश नहीं है, बल्कि एक प्रशासनिक संदेश भी है कि सरकारें जिस सामूहिक विवाह योजनाओं को बढ़ावा देती हैं (जैसे मध्य प्रदेश में (मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना), उन्हें उच्च नेतृत्व द्वारा भी स्वीकारा जाता है। मुख्यमंत्री का अपने बेटे को इस मंच पर शामिल करना, सरकारी नीतियों पर 'भरोसा' और 'ईमानदारी' को स्थापित करता है।

यह एक स्पष्ट संदेश है कि जो नियम और योजनाएं आम जनता के लिए हैं, वे नेताओं के परिवारों पर भी लागू होती हैं। हालांकि, यहां सबसे बड़ा विरोधाभास आयोजन की अनिवार्यता और घोषित उद्देश्य के बीच उत्पन्न होता है। यह स्वीकार करना आवश्यक है कि उद्देश्य सादगी, यथार्थ, वीआईपी प्रोटोकॉल के कारण भव्यता रही। जब प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, और बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति शामिल होते हैं तो सुरक्षा व्यवस्था, प्रशासनिक प्रबंधन, मीडिया और प्रोटोकॉल के कारण आयोजन का पैमाना स्वतः ही बढ़ जाता है।

विशाल पंडाल और व्यापक सुरक्षा व्यवस्थाएं किसी भी सामान्य सामूहिक विवाह की तुलना में इसे भव्य बना देती हैं। यह विरोधाभास मुख्यमंत्री की व्यक्तिगत मंशा और उनके पद की अनिवार्यता के बीच का है। एक मुख्यमंत्री सुरक्षा और भीड़ को अनदेखा नहीं कर सकता। इसलिए इस आयोजन को 'पूर्णतः सादगीपूर्ण' कहना यथार्थ से परे होगा, लेकिन इसे 'व्यक्तिगत तौर पर आयोजित होने वाले अत्यधिक भव्य विवाह समारोह का एक सुसंगठित, नैतिक और सामूहिक विकल्प' कहना अधिक सटीक होगा।

यह आयोजन उस भव्यता को कम करने का प्रयास है जो व्यक्तिगत इच्छा से आती है, न कि उस भव्यता को जो पद की अनिवार्यताओं से आती है और यहीं इस पहल का वास्तविक नैतिक बल निहित है।

निश्चित रूप से मुख्यमंत्री मोहन यादव का यह निर्णय एक परिवार की सीमा से बाहर निकलकर सामाजिक जिम्मेदारी का मंच बन गया। इस आयोजन ने समाज को विवाह में अनावश्यक प्रतिस्पर्धा, खर्चीले दिखावे और सामाजिक बोझ पर पुनर्विचार करने के लिए एक विमर्श का मंच प्रदान किया है। भले वीआईपी उपस्थिति और पद की अनिवार्यता ने इसे पूर्णतः सादगीपूर्ण होने से रोका हो, लेकिन इसकी बुनियादी मंशा, प्रतीकात्मकता, सामाजिक भागीदारी, और आर्थिक संदेश का महत्व अत्यंत उच्च है। आज समाज में विवाह को लेकर जो प्रतिस्पर्धा, आर्थिक बोझ और दिखावा व्याप्त है, उसके बीच यह आयोजन एक वैकल्पिक मार्ग सुझाता है, जहां विवाह को सरल, सामूहिक, नैतिक और सामाजिक रूप से जिम्मेदार बनाया जा सकता है। सच यही है कि परिवर्तन की शुरुआत एक कदम से होती है और यह कदम, यथार्थ की सीमाओं के बावजूद, उस नैतिक बदलाव की दिशा में एक सशक्त और आवश्यक शुरुआत है। इसका वास्तविक दीर्घकालिक प्रभाव तब दिखेगा जब आम जनता इसे सिर्फ एक राजनीतिक घटना के रूप में नहीं, बल्कि अपने जीवन में अपनाने योग्य एक सामाजिक प्रेरणा के रूप में देखेगी। यह लेखक के निजी विचार हैं।

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के बीच कितने असरदार हैं वियरेबल एयर प्यूरीफायर?



(सुधांशु माहेश्वरी)

ये छोटे आकार के पोर्टेबल उपकरण होते हैं, जिन्हें आसानी से अपने साथ रखा जा सकता है। मार्केट में फिलहाल दो तरह के वियरेबल एयर प्यूरीफायर उपलब्ध हैं। राजधानी दिल्ली में प्रदूषण का स्तर लगातार खराब श्रेणी में बना हुआ है। पिछले कई दिनों से लोग जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। बढ़ते प्रदूषण ने न केवल बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है, बल्कि इसका असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर भी साफ दिखाई देने लगा है- चाहे फेफड़ों की समस्या हो या अन्य बीमारियां।

इस बिगड़ती हवा के बीच तकनीक ने भी काफी प्रगति की है। सोशल मीडिया पर लगातार यह बहस चल रही है कि क्या खराब हवा से बचाने में एयर प्यूरीफायर वास्तव में कारगर हैं? और क्या घर के अंदर रहने वाला व्यक्ति साफ हवा ले सकता है?

इसी सवाल का एक नया जवाब है-वियरेबल एयर प्यूरीफायर। ये छोटे आकार के पोर्टेबल उपकरण होते हैं, जिन्हें आसानी से अपने साथ रखा जा सकता है। मार्केट में फिलहाल दो तरह के वियरेबल एयर प्यूरीफायर उपलब्ध हैं- मास्क-टाइप प्यूरीफायर, और कॉम्पैक्ट डिवाइस, जिन्हें गले में पहन सकते हैं। गले में पहनने वाले प्यूरीफायर बैटरी से चलते हैं और चार्ज्ड आयन छोड़ते हैं। ये आयन फाइन पार्टिकुलेट मैटर से चिपक जाते हैं, जिससे कणों का भार बढ़ जाता है और वे हवा में तैरने के बजाय नीचे बैठ जाते हैं। जानकारों का मानना है कि इससे व्यक्ति के आसपास एक तरह का पर्सनल क्लीन-एयर जोन बन जाता है।

इनकी प्रभावशीलता पूरी तरह उपयोग की गई तकनीक पर निर्भर करती है। जिन प्यूरीफायर में एचईपीए फिल्टर होते हैं, वे प्रदूषक कणों और एलर्जन को प्रभावी ढंग से कम कर सकते हैं। कुछ आंकड़ों के अनुसार ऐसे प्यूरीफायर पीएम 2.5 जैसे कणों को 40 से 90 प्रतिशत तक घटा सकते हैं। हालांकि आईआईटीकानपुर की नेशनल एरोसोल फैसिलिटी की एक स्टडी बताती है कि इनडोर वातावरण में वियरेबल प्यूरीफायर की वजह से हवा में मौजूद कण 90 प्रतिशत तक कम हो सकते हैं, वह भी सिर्फ 30 मिनट के भीतर। लेकिन बाहर के खुले माहौल में इनका असर कम हो जाता है, क्योंकि हवा का रुख और गति लगातार बदलती रहती है।

इन उपकरणों को लेकर विशेषज्ञ यह भी कहते हैं कि वियरेबल प्यूरीफायर एन95 मास्क का विकल्प नहीं बन सकते। एन95 मास्क जिस स्तर की फिल्ट्रेशन क्षमता रखते हैं, उतना सुरक्षा स्तर यह डिवाइस नहीं दे पाते। इसलिए जहां प्रदूषण का स्तर बहुत अधिक हो, वहां एन95 मास्क को ही प्राथमिकता देने की सलाह दी जाती है। वियरेबल प्यूरीफायर केवल एक अतिरिक्त सपोर्ट हैं, उनकी जगह नहीं।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्या एआई का बुलबुला फूटेगा? फिलहाल बदलाव लाने की इसकी ताकत पर भरोसा किया जा सकता है

(ज्योति भास्कर)

कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई का बुलबुला फूटे या न फूटे, लेकिन बदलाव लाने की इसकी ताकत पर भरोसा किया जा सकता है। यह चिंता वाजिब है कि क्या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनियों की आसमान छूती वैल्यूएशन एक ऐसा बुलबुला है, जो फट जाएगा और आपके रिटायरमेंट पर कहर बरपाएगा। बुलबुले का फूटना सच में दर्दनाक हो सकता है। लेकिन क्या होगा अगर हम एक ऐसी स्थिति में हों, जब कंपनी की कीमत उसकी फंडामेंटल वैल्यू से ऊपर चली जाए, जो हमारी अर्थव्यवस्था को असल में बेहतर जगह पर ले जाए? बुलबुले तब बढ़ते हैं, जब निवेशक (जो अक्सर जोश में झुंड जैसा व्यवहार करते हैं) वैल्यूएशन को जमीनी स्तर पर जरूरी चीजों से कहीं ज्यादा बढ़ा देते हैं। लेकिन, एआई का जोश, जैसा कि एनविडिया की जबर्दस्त कमाई में देखा गया, पूरी अर्थव्यवस्था में होने वाले बदलाव को सही दिखाता है। अगर कुछ ही दांव हजार गुना रिटर्न दे सकते हैं, तो कई दांवों पर सब कुछ गंवाने का जोखिम लेना आर्थिक रूप से सही नहीं है। इसका मतलब यह नहीं है कि एआई का बुलबुला नहीं फूटेगा। निवेशकों और सरकारों ने रेस के घोड़े के एक समूह पर दांव लगाया है, जिनमें से कुछ ही जीतेंगे। प्रतिस्पर्धा खुद ऐसे नवाचार लाएगी, जिनसे कई लोगों के लिए बहुत बेहतर नतीजे निकल सकते हैं, जो आमतौर पर नहीं होते। यह बुलबुला इसलिए नहीं फूटेगा, कि निवेशक एआई को ज्यादा आंक रहे हैं, बल्कि इन तीन वजहों से फूटेगा- सबसे पहले, उन सभी टेक कंपनियों के बारे में सोचें, जो नए मॉडल पर काम कर रही हैं, यानी बड़ी कंपनियों के बीच हथियारों की होड़। सभी कामयाब नहीं होंगी, खासकर तब, जब जरूरी फंड बढ़ रहे हैं। गूगल व माइक्रोसॉफ्ट अपने रेवेन्यू जेनरेटर पर निर्भर रह सकते हैं, लेकिन दूसरी कंपनियों को डेट फंडिंग या सर्कुलर फाइनेंसिंग पर और भी ज्यादा निर्भर रहना होगा, जो टिकाऊ साबित नहीं होगा। दूसरा, सोने की होड़ खोजकर्ताओं को आकर्षित करती है। कंपनियां आम सर्विस पर एआई का लेबल लगा देती हैं, जिससे कम जानकारी वाले निवेशक आकर्षित होते हैं। यह 1990 के दशक के



आखिर के डॉट कॉम बुलबुले की याद दिलाती है, जब किसी स्टार्टअप के नाम में 'डॉट कॉम' जोड़ना आखिर में धोखा देने वाली वैल्यूएशन का शॉर्ट-कट था। तीसरा, बाहरी घटनाओं से कुछ कंपनियां पटरी से उतर सकती हैं। इनमें अचानक नियामकीय बदलाव, बुरे लोग, एआई आपूर्ति श्रृंखला में भू-राजनीतिक दिक्कतें और बड़े पैमाने पर एआई को अपनाने में कमी शामिल हो सकती है। इनमें से कोई भी चीज कंपनियों की राजस्व कमाने की काबिलियत में रुकावट डालेगी। ऐसा इसलिए है, क्योंकि कुछ बड़े टेक नामों की तरफ आकर्षित हुए निवेशकों ने इंडेक्स फंड्स समेत इन्वेस्टमेंट व्हीकल्स में बहुत ज्यादा खरीदारी की है। यह देखना आसान है कि इसका अंत कितना बुरा होगा। लेकिन क्या होगा, अगर बुलबुला एक क्रांतिकारी टूल को विकसित करने और अपनाने का जरूरी हिस्सा हो, जो उत्पादकता और विकास को असल में बेहतर बनाए? एआई एक ऐसी तकनीक है, जो शायद कई आर्थिक गतिविधियों को पूरी तरह से बदल देगी। एआई खासतौर पर स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में नई खोजों के लिए तैयार है। इस तरह के फायदों से अर्थव्यवस्था बिना महंगाई बढ़ाए तेजी से बढ़ेगी, जिसे अर्थशास्त्री नॉन-इन्फ्लेशनरी ग्रोथ के लिए 'गति-सीमा' बढ़ाना कहते हैं। बढ़ी हुई उत्पादकता और एक बड़ी अर्थव्यवस्था हमें उन समस्याओं को हल करने के ज्यादा मौके देती है, जो एक पीढ़ी अपनी भावी पीढ़ियों के लिए छोड़ रही है- ज्यादा कर्ज, जलवायु परिवर्तन और अधिक आय असमानता। एआई में निवेश करने के बहुत फायदे हैं। निवेशकों के अनुसार, ज्यादा निवेश करने से पीछे रह जाना ज्यादा नुकसानदायक है, और उन्हें कुछ खोने का डर है। उनके नजरिये से, जिसे कुछ लोग बहुत ज्यादा खर्च मान सकते हैं, वह असल में एक सोचा-समझा पोर्टफोलियो प्ले है, जो प्रतिस्पर्धा व नवाचार को बढ़ावा देता है। आर्थिक भलाई के लिए मेरी उम्मीद आज सिर्फ एआई की काबिलियत पर आधारित है। फिर भी, आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस की खोज यह पक्का करती है कि यह सीमा स्थिर नहीं है; यह आगे बढ़ती रहेगी, और ऐसे विकास का वादा करेगी, जिन्हें अभी पूरी तरह समझना मुश्किल है। इनमें रोबोटिक्स, लाइफ साइंस और आखिर में क्वांटम कंप्यूटिंग में नवाचार के साथ एआई का संयोजन शामिल होगा। एआई की बदलाव लाने वाली ताकत पर भरोसा सही है। इसके नतीजे में पूंजी की बाढ़ एक तार्किक जवाब है। बेशक कुछ लोग नुकसान में रहेंगे, लेकिन कुल मिलाकर, हम बहुत बेहतर हालत में होंगे।

डैल-ई 3 डैल-ई 3 ओपनएआई द्वारा विकसित एक बेहद उन्नत एआई इमेज जनरेशन टूल है। यह किसी टेक्स्ट को आसानी से समझकर उससे जुड़ी शानदार और बेहद सटीक तस्वीरें बना सकता है। इसमें बस एक विस्तृत टेक्स्ट प्रॉम्प्ट (निर्देश) डालना होता है और यह ठीक उसी तरह की छवि तैयार कर देता है जैसी उपयोगकर्ता चाहता है। इसकी खासियत है कि यह छोटे-से-छोटे विवरण-जैसे रंग, माहौल, बैकग्राउंड, स्टाइल, आदि को भी समझ लेता है, और उन्हें तस्वीर में बेहद बारीकी व खूबसूरती से शामिल करता है। इसकी मदद से तस्वीर के किसी खास हिस्से पर क्लिक करके उसे बदला, हटाया या उसमें सुधार भी किया जा सकता है। (यह लेखक के अपने विचार हैं)

संक्षिप्त समाचार

विद्युत करेंट से बच्चे की मौत

बिहट/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बरौनी थाना अंतर्गत नींगा वार्ड संख्या 6 निवासी मनोज तांती का 12 वर्षीय पुत्र विकास कुमार की मौत रविवार की शाम घर के पास विद्युत तार में सटने की वजह से हो गई है। जानकारी अनुसार मृतक के पिता मनोज तांती ने बरौनी थाना में दिए आवेदन में बताया कि रविवार को घर के पास शादी था।हम लोग घर के पास थे। विधुत तार नीचे रहने की वजह से विकास कुमार तार के संपर्क में आ जाने की वजह से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार के लोग ने देखा कि करेंट लगा है।आनन फानन में परिजनों ने ईलाज हेतु बेगूसराय ले गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।इसकी सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बरौनी थाना पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर आगे की कारवाई में जुट गई।

चिकित्सक के कर्मी से मारपीट

बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। नगर के मोहर्रम चौक स्थित एक निजी अस्पताल में 28 नवंबर को सुजीत कुमार पासवान, जो काउंटर स्टाफ हैं, के साथ मारपीट, जाति सूचक गाली देने और 25 हजार रुपये छीनने की घटना हुई। आरोप है कि महावत टोली निवासी सदरुल इस्लाम उर्फ शिबू ने फोन पर चिकित्सक से बात करने को कहा और गाली-गलौज करते हुए धमकी दी। इसके बाद, शिबू और उसके साथी लोहे के रॉड, चाकू, डंडा और पिस्टल से लैस होकर अस्पताल पहुंचे और सुजीत के साथ मारपीट की। आरोपितों ने अस्पताल में रखे पैसे भी छीन लिए और एक हड्डी के चिकित्सक के साथ भी मारपीट की। बीच-बचाव करने आए सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी के साथ भी गाली-गलौज की गई। सुजीत कुमार ने इस घटना की शिकायत पुलिस में की, जिसके बाद अनुसूचित जाति जनजाति थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है और जांच जारी है।एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

स्कूलों में मनाया जाएगा भाषा उत्सव

भगवानपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सुब्रमण्यम भारती के जयंती पर भारतीय भाषा उत्सव स्कूलों में मनाया जाएगा। इसको लेकर शिक्षा विभाग के निदेश के आलोक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रारंभिक शिक्षा व सर्व शिक्षा अभियान बेगूसराय ने पत्र जारी किया है। 4 दिसम्बर से 11 दिसम्बर की अवधि में विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के संबंध में निदेश दिया गया है। यह उत्सव सात दिनों तक चलेगा। इसका उद्देश्य भारत की भाषाई विविधता को बढ़ावा देना व सभी भाषाओं में एकता का संदेश फैलाना है।पहले दिन 4 दिसम्बर को भाषा वृक्ष प्रदर्शनी व भाषा विरासत दीवार,5 दिसम्बर को भाषाओं में कविता एवं संगीत, 6 दिसम्बर को कई जुबान के त्योहार व भाषा पॉडकास्ट का आयोजन किया जाएगा। चैथे दिन 8 दिसम्बर को कहावतों में एकता व भाषा मित्र सहयोग कार्यक्रम, 9 दिसम्बर को भाषा बंधु पत्र व बहुभाषी कहानी श्रृंखला,10 दिसम्बर को भाषा अन्वेषण क्लब एवं 11 दिसम्बर को इंटरएक्टिव भाषा मेला व भाषा थियेटर प्रदर्शन थीम का आयोजन होगा।

कचरा उठाव हेतु जागरूकता अभियान

भगवानपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड के मध्य विद्यालय मेहदौली में बच्चों को सोमवार को गीला और सूखा कचरा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। साथ ही जागरूकता अभियान भी चलाया गया। प्रखंड समन्वयक नीतेश कुमार सिंह व पंचायत स्वच्छता पर्यवेक्षक प्रणव कुमार ने गीला और सूखा कचरा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने गीला कचरा व सूखा कचरा को अलग-अलग कूड़ेदान में डालना सिखाया।छात्रों को सिखाया कि गीले कचरे के लिए हरे व सूखे कचरे के लिए नीले कूड़ेदान का उपयोग करें।

रबी फसलों के लिए किसान चैपाल का आयोजन

नावकोठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में रबी किसान चैपाल की तिथि निर्धारित कर दी गयी है। इसकी जानकारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी रौशन कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि प्रखंड की नौ पंचायतों में 9 दिसंबर से 15 दिसम्बर तक रबी किसान चैपाल आयोजित होगा। 9 दिसम्बर को समसा तथा विष्णु पुर पंचायत के पंचायत भवन में चैपाल आयोजित किया जाएगा। वहीं हसनपुर बागर और रजाकपुर पंचायत में 11 दिसम्बर को चैपाल का आयोजन पंचायत भवन पर किया जाएगा। 13 दिसम्बर को डफरपुर पंचायत भवन तथा नावकोठी पंचायत के प्रखंड किसान भवन पर चैपाल का आयोजन होगा।

चोरी की बाइक व शराब के साथ एक घराया

मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। इनरवा पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान बारवा परसौनी गांव से चोरी की बइक में छुपा कर ला रहे शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि सुपर स्प्लेंडर बाइक एवं 80 लीटर शराब के साथ भंगहा थाना के सुरूजपूर गांव के मुसतफा मियां को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

नदी में डूबने से किशोर की मौत

मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भंगहा थाना क्षेत्र के बीरहा नदी में डुबने से एक किशोर की मौत हो गई। मृत किशोर भंगहा के पचरुखी सेरवा गांव के प्रमोद शर्मा का 9 वर्षिय पुत्र सागर कुमार बताया जाता है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि उक्त किशोर नदी में नहाने के दौरान डूब गया। इधर घटना को लेकर परिवारवालों का रो रो कर बूरा हाल है।

प्रभारी एसपी ने किया पुलिस केंद्र का निरीक्षण

बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। महिला स्वाभिमान बटालियन की समादेष्टा सह प्रभारी एसपी निर्मला कुमारी ने रविवार की देर शाम नगर थाना सहित पुलिस केंद्र व कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरन उन्होंने ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों की उपस्थिति, रिकॉर्ड संधारण, संचार तंत्र, नियंत्रण कक्ष की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। साथ ही नगर थाने में लंबित मामलों की समीक्षा की। उन्होंने पुलिस कर्मियों को सतर्कता, अनुशासन एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। प्रभारी एसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को आम जनता की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने, गश्ती व्यवस्था मजबूत करने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया।

अनिश्चितकाल हड़ताल पर गए बीसीओ

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिहार सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संघ के आह्वान पर अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर सोमवार से सभी बीसीओ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। बीसीओ सौरभ कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि धान अधिप्राप्ति में पैक्स व मिलर की गलती का खामियाजा उन सबको उठाना पड़ता है। निर्दोष होने के बावजूद उनलोगों को विभाग से पक्षपात पूर्ण रवैया झेलना पड़ता है। बीसीओ ने बताया कि संघ के सभी सदस्यों की मांग है कि सरकार प्रखंड स्तर पर सहकार मंडल की स्थापना समेत कार्यालय में कर्मियों की पदस्थापना करें।

डीएम ने की कार्यों की समीक्षा, गंभीर लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बेतिया। समाहरणालय सभागार में आयोजित सोमवारीय बैठक में जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने विभिन्न विभागों की कार्यप्रगति की गहन समीक्षा की और कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत लाभुकों को समय पर किस्तों का भुगतान न किए जाने पर गंभीर नाराजगी जताई और दोषी आवास सहायक एवं आवास पर्यवेक्षक के वेतन पर तुरंत रोक लगाने की बात कही।

उन्होंने निर्देश दिया कि इन अधिकारियों को शोकॉज किया जाए और प्रखंड विकास पदाधिकारियों के खिलाफ भी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।पंचायत सरकार भवनों के निर्माण में मानक की अनदेखी पर उन्होंने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी निमार्णाधीन भवनों का नियमित निरीक्षण किया जाए, और गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों, अभियंताओं और संवेदकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। बालू घाटों पर अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए उन्होंने जिला खनिज पदाधिकारी को लगातार छापेमारी करने के निर्देश दिए। साथ ही, भूमि अधिग्रहण मामलों में रैयतों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए कैंप आयोजित करने का आदेश दिया।जिला पदाधिकारी ने बच्चों की सुरक्षा और पोषण से संबंधित योजनाओं को तेजी से लागू करने के लिए डीपीओ, आईसीडीएस को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कंबल वितरण कार्य 25 दिसंबर तक पूरा किया जाए, ताकि ठंड से प्रभावित गरीबों को राहत मिल सके।बैठक में उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, निगम आयुक्त लक्ष्मण तिवारी सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी ने बैठक में साफ तौर पर कहा कि अनियमितता और लापरवाही को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

संकुल स्तरीय टीएलएम मेला में शिक्षकों ने दिखाई प्रतिभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। संकुल स्तरीय बाल मेला का आयोजन सोमवार को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिरिऔना में किया गया। इसका उदघाटन प्रधानाध्यापक सह संचालक सरोज कुमार महतो एवं समन्वयक रमण कुमार झा ने किया।

इस मेले में उत्क्रमित मध्य विद्यालय गम्हरिया, मजनूपुर, गरही तथा मध्य विद्यालय अकहा रिरिऔना के शिक्षकों ने हिस्सा लिया। इसमें गणित, विज्ञान,भाषा, पर्यावरण विषय पर टीएल एम बनाये गये थे। मेला में बच्चों ने भी बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी दी। शिक्षकों में दीक्षा श्रीवास्तव ने रक्त परिसंचरण, इन्दु कुमारी ने यौगिक सूत्र,नवनीता कुमारी ने क्रिया,वचन, अवनीश कुमार ने क्वीज बोर्ड, मनीष कुमार ने कंज्यूमर राइट, दीपक कुमार ने वायुमंडल की परतें आदि पर मॉडल प्रस्तुत किया। वहीं अभिमन्यु कुमार ने ज्वालामुखी, राहुल कुमार ने राज्य और राजधानी, ज्योति राज ने वर्षा जल संग्रहण और उससे खेतों की सिंचाई, अर्चना कुमारी ने हिन्दी व्याकरण में विलोम शब्द, संज्ञा एवं रोमण अंक, अजीत कुमार ने चुम्बक, दांत के प्रकार, हमारा जंगल, अमरजीत कुमार ने वचन एवं गणित में कोण और उसके प्रकार तथा निर्मला सिन्हा ने पर्यायवाची शब्द एवं चित्र बोलता है पर शिक्षण अधिगम सामग्री तैयार कर प्रस्तुत किया। निर्णायक में अमित कुमार,नवनीत कुमार और पंकज जयसवाल थे।मेला संयोजिका समर शीरीन ने कहा कि शिक्षण को आसान बनाने के लिए शिक्षण अधिगम सामग्री की सख्त जरूरत है। बदलते परिवेश में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण का उद्देश्य शिक्षण अधिगम सामग्री पर ही निर्भर करता है।

हाई मास्ट लाइट से जगमग होगा बाजार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

वीरपुर। प्रखंड के प्रसिद्ध सब्जी मंडी जो सप्ताह के सातो दिन लगता है। जो वीरपुर बाजार में स्थित है जहां खरीददारी करने के लिए प्रखंड क्षेत्र के अलावे सीमा से सटे हुए भगवानपुर, बरौनी, तेघड़ा प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों लोग आते हैं जहां लाइट की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से छोटे-छोटे व्यापारियों और किसान भाईयों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। लेकिन विकास कार्यों में तेजी लाते हुए वीरपुर के जिला परिषद की योजना अंतर्गत हाई मास्ट लाइट का सोमवार को सफलतापूर्वक अधिष्ठापन किया गया।

जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर जिलापरिषद प्रतिनिधि रौशन चैरसिया ने बताया कि यह महत्वपूर्ण कार्य षष्ठम राज्य वित्त आयोग की लगभग 7,49,000 की राशि से जिला परिषद सदस्या श्रीमती शिल्पी कुमारी के अनुशंसा पर पूरा किया गया है। वही इसकी विधिवत् उद्घाटन करते हुए श्री मति शिल्पी ने कहा कि सब्जी मंडी में लंबे समय से प्रकाश व्यवस्था की कमी के कारण गरीब सब्जी विक्रेताओं और खरीददारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अंधेरे में व्यापार करना विक्रेताओं के लिए मजबूरी बन गया था, वहीं स्थानीय लोगों को रात्रि में आवागमन एवं खरीदारी के दौरान असुविधा और सुरक्षा संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। अब हाई मास्ट लाइट लगने से इस समस्या का स्थाई समाधान हो गया है। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि 'लंबे समय के बाद बाजार में ऐसी सुविधा उपलब्ध हुई है जो प्रतिदिन हमारे जीवन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करेगी।

नवनिर्मित अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइ बनी शोभा की वस्तु

नावकोठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड क्षेत्र में लाखों रुपये की लागत से निर्मित अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयां आज शोभा की वस्तु बनकर रह गई हैं।

स्वच्छ भारत मिशन तथा लोहिया स्वच्छता बिहार योजना के तहत गांवों को साफ-सुथरा बनाने का सपना धराशायी होता दिख रहा है। डब्ल्यू पीयू के बदले पंचायत के गड्ढे व सड़कों पर कचरे का जमाव हो रहा है। फलतः गीले व सूखे कचरे से जैविक खाद निर्माण कार्य भी कचरे की ढेर में समा गया है। ग्रामीणों में अखिलेश कुमार,र मेश कुमार, अजीत राय, मो. असफाक, मो. नजरुल, सकीना खातून आदि ने बताया कि नौ पंचायतों में कचरा निपटान की व्यवस्था चरमरा गई है।

एड्स व महिला हिंसा के विरुद्ध जागरूकता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय नगर। जीडी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा सेहत केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को एड्स जागरूकता एवं महिलाओं पर हिंसा उन्मूलन विषय पर एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एच.आई.वी व एड्स के प्रति सही जानकारी का प्रसार करना और महिलाओं पर बढ़ती हिंसा के विविध रूपों की पहचान, रोकथाम तथा समाधान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेहत केंद्र की नोडल ऑफिसर सह राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट एक कि कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सहर अफरोज ने संबोधन में कहा कि आज के दौर में स्वास्थ्य सुरक्षा और लैंगिक समानता दो ऐसे क्षेत्र हैं जिन पर लगातार जागरूकता की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया ताकि छात्र-छात्राएँ न केवल खुद जागरूक हों बल्कि समाज में भी संदेश फैलाएँ। इसके पश्चात महिलाओं पर हिंसा के बढ़ते मामलों पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि हिंसा केवल शारीरिक रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक, भावनात्मक, आर्थिक और डिजिटल रूपों में भी मौजूद है। मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट दो के कार्यक्रम पदाधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि एच.आई.वी संक्रमण केवल असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त, संक्रमित सुई या माँ से शिशु में प्रसव के दौरान संक्रमण के माध्यम से फैलता है। सामान्य संपर्क जैसे हाथ मिलाना, साथ खाना, एक ही वस्तु का उपयोग या किसी को गले लगाने से एच.आई.वी व एड्स नहीं फैलता।इसके जाँच को लेकर समाज में अनावश्यक डर और झिझक है, जबकि वास्तविकता यह है कि प्रारंभिक जाँच और समय पर उपचार से व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है।

एआरटी दवाओं की उपलब्धता और सरकारी योजनाओं के कारण यह बीमारी अब नियंत्रित और प्रबंधनीय हो चुकी है।स्वयंसेवक अजित कुमार ने बताया कि एच.आई.वी व एड्स के जागरूकता का सबसे बड़ा हथियार जागरूकता है। सही जानकारी ही भेदभाव और सामाजिक दूरी को मिटा सकती है।साथ ही उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में यह संदेश दिया गया कि महिलाओं की सुरक्षा केवल उनकी व्यक्तिगत लड़ाई नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है।

बैंक ऑफ इंडिया, पटना अंचल में कार्यपालक निदेशक का दौरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

ग्राहक सम्पर्क कार्यक्रम का हुआ आयोजन, वितरित किए गए ऋण स्वीकृति-पत्र



पटना। दिनांक 29 नवम्बर 2025 को श्री सुब्रत कुमार, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ इंडिया, प्रधान कार्यालय ने पटना का दौरा किया। इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया, पटना अंचल द्वारा एक विशेष टाउन हाल बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री सुब्रत कुमार जी ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में फील्ड महाप्रबंधक, पटना श्री एस. बी. साहनी जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सम्मानित मंच के कर-कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और सामूहिक आराधना के साथ हुआ। कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत करते हुए सर्वप्रथम आँचलिक प्रबंधक श्री ओ. पी. चौधरी ने कार्यपालक निदेशक महोदय सहित समस्त उपस्थितों का इस कार्यक्रम में स्वागत किया, तत्पश्चात अंचल में व्यवसाय के त्वरित, अबाध एवं व्यवस्थित परिचालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दुहराया। इसके बाद यह बैठक 'धोखाधड़ी, जोखिम एवं नैतिकता' विषय पर केन्द्रित रही। कार्यक्रम में ग्राहकों को विभिन्न प्रकार की धोखाधड़ी से बचाने, कर्मचारियों के जोखिमों को कम करने और बैंकरों में नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में एक ग्राहक जनसम्पर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें माननीय कार्यपालक निदेशक महोदय के साथ फील्ड जनरल मैनेजर श्री एस. बी. साहनी सर एवं आंचलिक प्रबन्धक श्री ओ.पी. चौधरी जी ने उपस्थित ग्राहकों से संवाद स्थापित किया। इस कार्यक्रम में पटना नगर-परिधि की चुनिंदा शाखाओं के प्रमुख, समस्त जोनल ऑफिस टीम, एवं प्रोसेसिंग सेंटर के स्टाफ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न व्यवसाय-क्षेत्रों और उद्योगों से सम्बद्ध कुल 30 मौजूदा और कई संभावित ग्राहक शामिल हुए। जनसम्पर्क कार्यक्रम के दौरान संभावित उधारकताओं को ₹22 करोड़ की राशि के कुल 13 ऋण स्वीकृति-पत्र सौंपे गए। ग्राहकों ने बैंक की उत्तम ग्राहक सेवाओं और कार्यशैली की सराहना की। अपने सुदीर्घ और ओजस्वी संबोधन में माननीय कार्यपालक निदेशक महोदय ने बदलते बैंकिंग परिदृश्य में व्यवसाय-संवर्धन हेतु विषद मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने इस अवसर पर ग्राहकों से सीधा संवाद किया, एवं उन्हें मिल सुविधाओं एवं पेश आ रही असुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यपालक निदेशक महोदय ने पटना अंचल की सकल कारोबार उपलब्धियों की सराहना करते हुए शीर्ष नेतृत्व सहित समस्त टीम को अपनी शुभकामनाएं प्रदान की। बैठक का समापन उप महाप्रबन्धक एफजीएमओ, पटना, श्री एस. मलयदास जी द्वारा दिए गए औपचारिक धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। कार्यक्रम अत्यंत सुगठित, सौहार्दपूर्ण एवं प्रेरणाप्रद रहा।

वर्ल्ड एड्स डे पर लीडर इंस्टीट्यूट, समस्तीपुर की जागरूकता रैली

चेयरमैन मोनि ने दिया समाज को स्वस्थ रहने का संदेश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

समस्तीपुर। लीडर इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, समस्तीपुर द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। संस्थान के विद्यार्थियों ने पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से शहरवासियों को एड्स के प्रति जागरूक किया और सुरक्षित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

इस रैली का नेतृत्व संस्थान की चेयरमैन मोनि रानी ने किया, जो शिक्षा और सामाजिक विकास दोनों क्षेत्रों में अपनी सक्रिय भूमिका के लिए जानी जाती हैं। मोनि रानी लंबे समय से महिला सशक्तिकरण, शिक्षा को बढ़ावा, स्वास्थ्य जागरूकता और ग्रामीण क्षेत्रों में जनसेवा जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। वह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने से जुड़े कार्यक्रमों को निरंतर समर्थन देती रही हैं। मोनि रानी ने रैली को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि एड्स आज भी जागरूकता की कमी के कारण गंभीर समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि— 'बीमारी से डरना नहीं, बल्कि उसके बारे में सही जानकारी फैलाना हमारा कर्तव्य है। युवाओं की भागीदारी से ही समाज इस बीमारी से लड़ने में सक्षम बन सकता है।' उन्होंने यह भी बताया कि लीडर इंस्टीट्यूट शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाने में हमेशा अग्रसर रहता है और भविष्य में भी इसी प्रकार के कार्य करता रहेगा। रैली में बड़ी संख्या में छात्रों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने हिस्सा लिया। सभी ने एचआईवी/ एड्स से जुड़े मिथकों को दूर करने और नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने की अपील की। मोनि रानी की प्रेरणादायक भूमिका ने इस कार्यक्रम को और प्रभावशाली बनाया तथा विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता फैलाने का संकल्प मजबूत किया।

डॉ० आर. के. मोदी को दी गई श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



पटना। विख्यात चिकित्सक डॉ० राम कृष्णा मोदी एक अविस्मरणीय चिकित्सक थे। डॉ० साहब बचपन से ही बहुत मिलनसार, मृदुभाषी तथा समाज सेवी थे। उन्हें डॉ० बनने की चाह शुरू से थी। पटना मेडिकल कॉलेज (PMCH) से एम.बी.बी.एस., 1962 में किये थे। उसके बाद राजेन्द्र मेमोरियल रिसर्च इन्स्टीच्यूट (RMRI) से दम्मा, खाँसी, एलर्जी एवं फेफड़ों से संबंधित बिमारियों पर शोध कार्य डॉ० आर विश्वनाथन के मार्गदर्शन में किया था, जो एक निदेर्शात्मक डेटा (Reference Data) बन गया है। पूर्वी भारत (Eastern India) के प्रथम एलर्जी विशेषज्ञ थे। डॉ० मोदी की ख्याती न केवल बिहार मे थी बल्कि सारे भारत में फैली थी। डॉ० मोदी ने अपना निजी क्लीनिक सन् 1988 में स्थापित किया था। अब उनके ज्येष्ठ पुत्र डॉ० गौतम मोदी उसे सुचारू रूप से चला रहें है। डॉ० मोदी एक मंझे हुए कलाकार, गायक एवं तबला वादक थे। उन्होंने कई नाटको को स्वयं लिखा था तथा उनका मंचन यानी Stage Show भी किया था। 30 नवम्बर, 2016 को हृदय की गति रूक जाने से उनका निधन हो गया था। उनकी पत्नी डॉ० प्रमिला मोदी ने कहा कि उनकी कमी सदा रहेगी, उनकी मधुर स्मृतियों के सहारे, उनके बताये गये सिद्धांतों को हम कार्यान्वित कर रहे हैं तथा भविष्य में भी करते रहेंगे। डॉ० मोदी की पत्नी डॉ० प्रमिला मोदी, पुत्र- डॉ० गौतम मोदी, डॉ० स्यामल मोदी, पुत्रबधु- डॉ० चारू मोदी, डॉ० स्मृति मोदी, पौत्र- चि० चिन्मय मोदी, चि० उत्कृष्ट मोदी, चि० उदित मोदी, पौत्री चि० उपासना एवं शुभचिन्को ने उनकी तस्वीर (Photo) पर मार्ल्यापण कर तथा पूजा अचर्ना की और नारायण सेवा भी कर डॉ० मोदी को श्रद्धांजलि अर्पित किया। ईश्वर उनकी आत्मा को शान्ति दें।

तीन दिन बाद बेटे की शादी, सड़क हादसे में मां की मौत

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। शिकारपूर थाना क्षेत्र में एक दुखद सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौके पर मौत हो गई। मृतका की पहचान रामनगर थाना क्षेत्र के बड़ा बेलवा गांव की लालमती देवी के रूप में हुई है, जिनके बेटे की शादी तीन दिन बाद होनी थी। सोमवार को शगुन का कार्यक्रम था, और वे अपने पति के साथ बाइक से शिकारपुर के पुरैनिया गांव स्थित मायके जा रहे थे। तभी, सड़क पर बेतरतीब फैली बालू के कारण बाइक फिसल गई। संतुलन खोने पर महिला सड़क पर गिर पड़ी, और पीछे से तेज रफ्तार में आ रही ट्रक ने उसे कुचल दिया।

लॉन-बॉल्स प्रशिक्षण कैंप का शुभारंभ, छात्रों में नई ऊर्जा का संचार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



मझौलिया। मझौलिया में मोतीलाल 10$2 उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में सोमवार को तीन दिवसीय लॉन-बॉल्स चयन सह प्रशिक्षण कैंप का भव्य उद्घाटन हुआ। उद्घाटन बीईओ हफीजुर्रहमान, थानाध्यक्ष अवनीश कुमार, तिरूवाह विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष मो. जियाउद्दीन और प्रधानाध्यापक सचिन्द्र राय ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं के स्वागत गीत ने उत्साह का माहौल बनाया।बॉलिंग संघ के सचिव डॉ. मो. सरफराज आलम ने लॉन-बॉल्स के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उभरते अवसरों पर चर्चा की। बीईओ ने खेल की शुरूआत बॉल लुढ़काकर की और नियमित अभ्यास और अनुशासन को सफलता की कुंजी बताया। इंस्पेक्टर अवनीश कुमार ने छात्रों को खेल और पढ़ाई में संतुलन बनाने की सलाह दी।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुमित चौबे ने किया, और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अरशद ने किया।

बगही पुल के नीचे मिला दवा व्यवसायी का शव

मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के सरिसवा पेट्रोल पंप के पास बगही नदी के पुल के नीचे सोमवार की शाम पानी में एक शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान सरिसवा बाजार के 60 वर्षीय प्रतिष्ठित दवा व्यवसायी सत्रुधन प्रसाद साह के रूप में हुई। वे सुबह रोज की तरह टहलने निकले थे, लेकिन देर तक घर नहीं लौटे। परिजनों ने खोजबीन की, पर कोई पता नहीं चला।स्थानीय लोगों ने पुल के नीचे पानी में उल्टा पड़ा शव देखा, जिसकी पीठ पर ईंट का टुकड़ा बंधा हुआ था। यह दृश्य सामने आते ही क्षेत्र में दहशत फैल गई और लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही मझौलिया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम हेतु जीएमसीएच भेज दिया।

सरैंया : अतिक्रमण हटाओ, नहीं तो होगी कारवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



आरा। भोजपुर जिले के शहरों के बाद अब प्रखंडों में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण मुक्त अभियान शुरू हो चुका है। मंगलवार को बड़हरा प्रखंड के सरैंया बाजार में अभियान आज शाम शुरू हुआ। लोगों को सरैंया दुर्गा मंदिर से हाईस्कूल तक जाम से निजात मिलने की आस जगने लगी है।

पूर्व से सड़क किनारे लगाए गए ठेला, खोमचा एवं सब्जी दुकानों को हटाया गया। जिससे लंबे समय से जाम के कारण गमनागमन में परेशानी हो रही थी। यह कारवाई सरैयाँ दुर्गा मंदिर से लेकर हाई स्कूल के आगे मोड़ तक पूरे बाजार क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्र से घोषणा कर दुकानदारों को हिदायत दी कि वे अपने-अपने दुकान के सामने रखी अतिरिक्त सामग्री, सामान, अतिक्रमण की गई जमीन पर से सभी तरह के सामान को तुरंत हटा लें। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यदि आगे से किसी प्रकार का अतिक्रमण पाया गया, तो न केवल सख्त कार्रवाई की जाएगी, बल्कि संबंधित सामग्री को भी जब्त कर लिया जाएगा। अभियान के दौरान मजिस्ट्रेट फैजल खान, एसआई संतोष कुमार, एएसआई संदीप चंदेला, एएसआई धर्मेंद्र यादव, एएसआई धर्मेंद्र केवट समेत भारी पुलिस बल सड़क के दोनों किनारे के दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए समझाया। अधिकारियों ने कहा कि बाजार को व्यवस्थित और सुचारू रखने के लिए यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि स्थानीय लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित और जाम-मुक्त वातावरण मिल सके। यदि दुकानदार या अन्य दोबारा अतिक्रमण करने का प्रयास किया उस पर कानूनी कारवाई की जाएगी। यह कारवाई आगे भी जारी रहेगी।

100 करोड़ रुपये से ज्यादा के मुनाफे के बाद तूफानी तेजी

नई दिल्ली, एजेंसी। हाल में बाजार में लिस्ट हुई कंपनी लेंसकार्ट के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। बाजार की नई-नवेली कंपनी लेंसकार्ट के शेयर सोमवार को बीएसई में 5 पर्सेंट से ज्यादा उछलकर 432.25 रुपये पर पहुंच गए हैं। चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही के शानदार नतीजों के बाद लेंसकार्ट के शेयरों में यह तेजी देखने को मिली है। लेंसकार्ट सॉल्यूशंस के शेयर 10 नवंबर 2025 को बाजार में लिस्ट हुए हैं। लेंसकार्ट को हुआ है 102 करोड़ रुपये से ज्यादा का मुनाफा लेंसकार्ट का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 20 पर्सेंट बढ़ा है। शेयर बाजार की इस नई-नवेली कंपनी को सितंबर 2025 तिमाही में टैक्स भुगतान के बाद 102.22 करोड़ रुपये का कंसॉलिडेटेड प्रॉफिट हुआ है। एक साल पहले की समान अवधि में लेंसकार्ट को 85.47 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। लेंसकार्ट ने अपनी लिस्टिंग के बाद शनिवार को अपने पहले तिमाही नतीजे जारी किए हैं। लेंसकार्ट का मुनाफा तिमाही आधार पर 67 पर्सेंट बढ़ा है। कंपनी को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 61.17 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ था। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में कंपनी को 164.62 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट हुआ है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी को 75.35 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। कंपनी का रेवेन्यू सालाना आधार पर 20.8 पर्सेंट बढ़कर 2096.14 करोड़ रुपये रहा है। पिछले साल की समान अवधि में कंपनी का रेवेन्यू 1735.68 करोड़ रुपये था। आईपीओ में लेंसकार्ट के शेयर का दाम 402 रुपये था। कंपनी के शेयर बीएसई में डिस्काउंट के साथ 390 रुपये पर और एनएसईमें 395 रुपये पर लिस्ट हुए थे। लिस्टिंग के बाद कंपनी के शेयर बीएसई में 403.30 रुपये पर बंद हुए। वहीं, एनएसईपर कंपनी के शेयर 403.10 रुपये पर बंद हुए। लेंसकार्ट का आईपीओ टोटल 28.27 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कंपनी के आईपीओ में आम निवेशकों की कैटेगरी में 7.56 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था।

एमटीएनएल पर 5.42 लाख रुपये का जुर्माना फिर भी चढ़े शेयर के भाव

नई दिल्ली, एजेंसी। शेयर बाजार एनएसई और बीएसई ने निदेशक मंडल में नियुक्ति से संबंधित नियमों का पालन नहीं करने के लिए कर्ज में डूबी सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी एमटीएनएल पर 5.42 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके बावजूद इसके शेयर आज बढ़त पर हैं। शुरुआती कारोबार में स्टॉक में काफी उतार-चढ़ाव दिख रहा है। आज यह स्टॉक 38.32 रुपये पर खुला और 38.60 रुपये के हाई पर पहुंचा। वहीं, 38.19 रुपये के लो को भी टच किया। सुबह साढ़े 10 बजे के करीब यह मामूली बढ़त के साथ 38.39 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। इसका 52 हफ्ते का हाई 61.87 रुपये और लो 37.42 रुपये है। इस साल शेयर ने 23.89 प्रतिशत का नुकसान पहुंचाया है और पिछले 5 दिनों में 1.82 प्रतिशत का नुकसान हुआ है। कंपनी ने अपने आखिरी तिमाही में 943.15 करोड़ रुपये का नुकसान (नेट प्रॉफिट - 943.15 करोड़) दर्ज किया है। विदेशी संस्थागत निवेशकों के पास इस शेयर में 30 सितंबर 2025 तक 0.04 प्रतिशत की होल्डिंग है, जो पिछली तिमाही के मुकाबले कम हुई है। एमटीएनएल ने शनिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसे नियमों के अनुसार चार और स्वतंत्र निदेशक नियुक्त करने हैं, लेकिन वह ऐसा करने में असमर्थ रही है। शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसार, एनएसई और बीएसई दोनों ने सेबी (एलओडीआर) विनियम 2015 की धारा 17(1) के उल्लंघन के लिए कंपनी पर 5,42,800 रुपये का जुर्माना लगाया है। इसमें 4.6 लाख रुपये मूल जुर्माना तथा 82,800 रुपये 18 प्रतिशत जीएसटी शामिल है। कंपनी ने कहा कि वह सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है और निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशकों सहित सभी नियुक्तियां प्रशासनिक मंत्रालय यानी दूरसंचार विभाग (डीओटी) द्वारा की जाती हैं।

गडकरी की स्कीम पर टूटे लोग, साढ़े तीन महीने में 36.3 लाख यूजर्स जुड़े

नई दिल्ली, एजेंसी। देश में फास्टैगएनुअल पास की लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। टोल वाले नेशनल हाइवेज पर सफर करने वाला हर पांच में से एक कार यूजर अब फास्टैग एनुअल पास का यूज कर रहा है। यह स्कीम लॉन्च होने के सिर्फ साढ़े तीन महीने में ही बहुत पॉपुलर हो गई है। अभी तक 36.3 लाख लोग इस पास का इस्तेमाल कर रहे हैं और हर दिन करीब 20,000 नए लोग इसे खरीद रहे हैं। फास्टैग एनुअल पास की कीमत 3,000 रुपये है। इस पास से कार मालिक साल भर में 200 टोल प्लाजा पार कर सकते हैं। प्लाजा पर सिर्फ 15 रुपये का खर्च आता है। शहरों के बीच सफर करने वालों के लिए यह सबसे आसान और सस्ता तरीका साबित हुआ है। 12 से ज्यादा टोल प्लाजा से मिले आंकड़ों के मुताबिक, 40 प्रतिशत से ज्यादा कार यूजर इसी एनुअल पास से टोल चुका रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि पूरे देश में, कारों के लिए होने वाले कुल टोल पेमेंट में से करीब 22 प्रतिशत एनुअल पास से हो रहे हैं। दिल्ली के द्वारका एक्सप्रेसवे पर नया शुरू हुआ बिजवासन टोल प्लाजा सबसे आगे है, जहां 50 प्रतिशत से ज्यादा पेमेंट इसी पास से हो रहे हैं। इसके बाद दिल्ली का मुंडका टोल प्लाजा (48.2 प्रतिशत) और हरियाणा के सोनीपत का जिंझोली प्लाजा (47 प्रतिशत से ज्यादा) हैं। आंकड़े यह भी बताते हैं कि हर दिन औसतन करीब 13 लाख टोल पेमेंट एनुअल पास के जरिए हो रहे हैं।



ब्याज दरों में कटौती की आस में उछला सोना

● केंद्रीय बैंकों की बैठकों पर निगाहें ● दरों में बदलाव की संभावना ● विशेषज्ञों ने बताए ये अहम स्तर

नई दिल्ली, एजेंसी। सोने की कीमतों में सोमवार, 1 दिसंबर को भारी तेजी देखने को मिली। एमसीएक्स पर सोने के फरवरी वायदा में करीब 0.71 प्रतिशत की बढ़त के साथ भाव 1,30,425 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गए। वहीं, चांदी के मार्च वायदा 1.9 प्रतिशत चढ़कर 1,78,289 रुपये पर कारोबार कर रहे थे। यह उछाल अमेरिकी फेडरल रिजर्व और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इसी महीने ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों के कारण आया है।

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति 3 से 5 दिसंबर तक बैठक करेगी। इस दौरान बेंचमार्क ब्याज दरों और नीतिगत रुख पर फैसला लिया जाएगा। वर्तमान में देश में मुद्रास्फीति रिकॉर्ड निचले स्तर पर है और आर्थिक विकास दर मजबूत है। वहीं, अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी 9-10 दिसंबर को बैठक कर अमेरिकी ब्याज दर पर निर्णय लेगी। बाजार अमेरिकी फेड से दर में कटौती की उम्मीद कर रहा है। ष्टरूश्व के फेडवॉच टूल के मुताबिक, व्यापारी अगले हफ्ते फेड की दर कटौती की 87 प्रतिशत संभावना आंक रहे हैं। हालांकि, भारत में अनुकूल विकास-मुद्रास्फीति के माहौल को देखते हुए आरबीआई ब्याज दरों में कोई बदलाव न करने का फैसला कर सकता है।



सोने में सालभर रही तेजी का दौर

भारत की दूसरी तिमाही की सकल घरेलू उत्पाद विकास दर 8.2 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जबकि अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति 0.25 प्रतिशत के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई है। इस साल भू-राजनीतिक तनाव, अमेरिकी टैरिफ के आर्थिक असर की चिंताओं, केंद्रीय बैंकों की जोरदार खरीदारी और मजबूत खुदरा मांग के चलते सोने की कीमतों में तेज उछाल देखा गया है। घरेलू स्पॉट सोने के भाव में इस साल अब तक 66 प्रतिशत की बढ़त दर्ज हुई है। रिलायंस सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक जिगर त्रिवेदी ने बताया कि सोने ने इस साल लगभग हर महीने लाभ दर्ज किया है और 1979 के बाद से इसका सबसे अच्छा वार्षिक प्रदर्शन होने जा रहा है। पृथ्वीफिनमार्ट कमोडिटी रिसर्च के मनोज कुमार जैन के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का समर्थन 4,234 और 4,200 प्रति ट्रॉय औंस पर है।

दिल्ली-मुंबई एयरपोर्ट से यात्रा करना होगा महंगा!

● 22 गुना बढ़ सकती है फीस, 50,000 करोड़ का नुकसान

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट्स से सफर करना अब यात्रियों के लिए महंगा पड़ सकता है। इन एयरपोर्ट्स पर यूजर चार्जेस में भारी बढ़ोतरी हो सकती है। यह बढ़ोतरी 22 गुना तक हो सकती है। टेलीकॉम डिस्प्यूट्स सेटलमेंट एंड अपीलेट ट्रिब्यूनल के एक आदेश के बाद यह नौबत आई है। इस आदेश ने 2009 से 2014 तक के पांच साल के लिए टैरिफ यानी यात्रियों से वसूले जाने वाले शुल्कों की गणना का तरीका बदल दिया है।

इस नए तरीके से पता चला है कि इस दौरान एयरपोर्ट्स को 50,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ है। इस नुकसान की भरपाई यात्रियों से ली जाने वाली फीस, लैंडिंग और पार्किंग चार्जेस के जरिए की जाएगी। इससे हवाई टिकटों के दाम बढ़ जाएंगे, जो यात्रियों की संख्या पर असर डाल सकता है। इस फैसले के खिलाफ एयरपोर्ट्स इकनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी, घरेलू एयरलाइंस और लुफ्थांसा, एयर फ्रांस और गल्फ एयर जैसी विदेशी एयरलाइंस ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इसकी सुनवाई बुधवार को होगी।



कितनी बढ़ सकती है फीस?= सूत्रों का कहना है कि अगर यह आदेश लागू हुआ तो दिल्ली एयरपोर्ट पर घरेलू यात्रियों से लिया जाने वाला यूजर डेवलपमेंट फीस 129 रुपये से बढ़कर 1,261 रुपये हो सकता है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए यह 650 रुपये से बढ़कर 6,356 रुपये हो सकता है। मुंबई एयरपोर्ट पर भी घरेलू यात्रियों के लिए यह फीस 175 रुपये से बढ़कर 3,856 रुपये हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को मुंबई में यह 615 रुपये के बजाय 13,495 रुपये तक देने पड़ सकते हैं।

क्या है मामला?

उन्होंने कहा कि यह यात्रियों के लिए एक बड़ा झटका होगा क्योंकि रातोंरात टिकट की कीमतों में भारी बढ़ोतरी होगी। एयरलाइंस के पास इन चार्जेज को यात्रियों पर डालने के अलावा कोई और विकल्प नहीं होगा। यह विवाद लगभग दो दशक पहले शुरू हुआ था, जब 2006 में एयरपोर्ट्स के निजीकरण का पहला दौर चला था। ईएआरए हर पांच साल के लिए एयरपोर्ट्स के चार्जेज तय करता है। यह तय करते समय ऑपरेटरों के निवेश और कमाई को ध्यान में रखा जाता है।

किस बात की है लड़ाई?

इससे 1 अप्रैल 2008 से 31 मार्च 2009 तक की अवधि के लिए संपत्ति का मूल्य तय किया गया। एचआरएबी , संपत्ति का एक काल्पनिक मूल्य है जिसका उपयोग रेगुलेटर टैरिफ या शुल्क तय करने के लिए करता है, जब वास्तविक राशि उपलब्ध नहीं होती है। एफवाय09-14 के लिए टैरिफ तय करते समय, ईएआरएने केवल एरोनॉटिकल एसेट्स के मूल्य को ही ध्यान में रखा था। एरोनॉटिकल एसेट्स वे इन्फ्रास्ट्रक्चर और सुविधाएं हैं जो सीधे उड़ान संचालन और यात्रियों के प्रबंधन के लिए जरूरी होती हैं।

यूपीआई से नवंबर में 24.58 लाख करोड़ रुपये के 19 अरब से अधिक हुए लेनदेन

नई दिल्ली, एजेंसी। यूपीआई से लेनदेन की रफ्तार जारी है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के मुताबिक, 28 नवंबर तक यूपीआई से 24.58 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 19 अरब से अधिक लेनदेन हुए। पिछले वर्ष की इसी अवधि में 21.55 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 15.48 अरब लेनदेन दर्ज किए गए थे। आंकड़ों के मुताबिक, इस साल नवंबर में यूपीआई लेनदेन की संख्या 2024 के समान माह की तुलना में लगभग 23 प्रतिशत बढ़ी। इस दौरान लेनदेन मूल्य में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई। नवंबर 2023 की तुलना में यह वृद्धि 70 प्रतिशत और 41 प्रतिशत से भी अधिक रही। एनपीसीआई के आंकड़े पिछले पांच वर्षों में लगातार वृद्धि दर्शाते हैं।



नवंबर 2021 में, यूपीआई से 7.68 लाख करोड़ के केवल 4.18 अरब लेनदेन हुए। नवंबर, 2022 तक यह संख्या लगभग दोगुनी हो गई। पांच वर्षों का रुझान इस परिवर्तन की स्पष्ट तस्वीर प्रस्तुत करता है। 2021 से 2025 तक यूपीआई के लेनदेन की संख्या चार गुना से अधिक बढ़ गई है। कुल मूल्य तीन गुना से अधिक बढ़ गया है।

यह उल्लेखनीय वृद्धि डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ के रूप में इस प्लेटफॉर्म की भूमिका को रेखांकित करती है। 2025-26 में अब तक यूपीआई ने 12.41 अरब लेनदेन पूरे किए हैं।

कब खुलेगा आईपीओ

अगले सप्ताह खुल रहा है वेकफिट का आईपीओ

मुंबई, एजेंसी। बेड के गद्दे और घर के फर्नीचर बनाने वाली कंपनी है वेकफिट इनोवेशन्स । इस कंपनी ने अपना इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग लाने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के पास रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। कंपनी इस आईपीओ के जरिए करीब 1400 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। इस कंपनी का आईपीओ आगामी 8 दिसंबर को खुलेगा। इसमें निवेशक 10 दिसंबर तक आवेदन कर सकेंगे। उम्मीद है कि यह 15 दिसंबर को शेयर बाजार में लिस्ट हो जाएंगे। इसमें ऑफर फॉर सेल का हिस्सा भी होगा, जिसके तहत कंपनी के मौजूदा शेयरधारक 4.67 करोड़ शेयर बेचेंगे। इस ओ एफ एस के तहत वेकफिट के संस्थापक अंकित गर्ग और चैतन्य रामलिंगेगौड़ा, पीक एक्स वी पार्टनर्स और वेरलिंवेस्ट जैसे निवेशक अपने कुछ शेयर बेचेंगे। इससे पहले, 27 जून को कंपनी ने जो ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया था, उसमें उसने नए शेयर बेचकर 468 करोड़ रुपये जुटाने का प्रस्ताव रखा था। कंपनी की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार आईपीओ से जुटाई गई रकम का इस्तेमाल कंपनी के खुद के 117 रिटेल आउटलेट खोलने (जिसके लिए 31 करोड़ रुपये), लीज के खर्चों (161 करोड़ रुपये), नए उपकरण और मशीनरी खरीदने (15 करोड़ रुपये) और मार्केटिंग व विज्ञापन (108 करोड़ रुपये) के लिए करेगी। उल्लेखनीय है कि कंपनी ने 2022 में ऑफलाइन रिटेल में कदम रखा था और सितंबर 2025 तक उसके 125 स्टोर हो चुके थे। बीते 30 सितंबर को खत्म हुई छह महीनों की अवधि के दौरान कंपनी ने 724 करोड़ रुपये के रेवेन्यू पर 35.5 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया। वहीं, वित्त वर्ष 2025 में वेकफिट ने 1,274 करोड़ रुपये का रेवेन्यू दर्ज किया, लेकिन उसे 35 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। साल 2016 में स्थापित हुई यह पीक एक्स वी -समर्थित कंपनी शुरुआत में गद्दे, तकिए और बेड फ्रेम जैसे बेडरूम प्रोडक्ट्स पर ध्यान केंद्रित करती थी। समय के साथ, इसने अपने उत्पादों की रेंज को बढ़ाकर सोफे, डाइनिंग सेट, अलमारी, स्टडी टेबल और बुकशेल्फ़ जैसे घर के कई अन्य सामानों को भी शामिल कर लिया है। 30 सितंबर को खत्म हुई छह महीनों की अवधि में, कंपनी के कुल ऑपरेटिंग रेवेन्यू में उसके अपने चैनलों का योगदान लगभग 65 प्रतिशत था।

आरबीआई ने एफडी, जमा खातों पर ब्याज दरों को लेकर जारी किए निर्देश

नियम भी बदले, न्यूनतम अवधि से पहले एफडी तोड़ने पर ब्याज नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देशभर के व्यावसायिक बैंकों के लिए जमा खाता की ब्याज दर से जुड़े नए नियम जारी किए हैं। इसके तहत बचत खाते में एक लाख रुपये तक की धनराशि पर सभी बैंक एक समान दर से ब्याज देंगे। एक लाख रुपये से अधिक की धनराशि खाते में होने पर अलग-अलग ब्याज दर लागू कर सकते हैं।

मौजूदा नियमों के हिसाब से बैंक बचत खाते में जमा धनराशि पर अलग-अलग दर से ब्याज देते हैं, लेकिन अब आरबीआई ने उसे दो हिस्सों में बांट कर ब्याज निर्धारित करने का निर्देश दिया है। ब्याज हर दिन के अंत के खाते में जमा रकम के हिसाब से लगेगा। बैंकों को ब्याज तीन महीने में एक



बार खाते में जमा कराना होगा। आरबीआई ने कहा कि इन नियमों का उद्देश्य ग्राहक हितों की सुरक्षा, पारदर्शिता और बैंकिंग व्यवस्था में एकरूपता लाना है।

आरबीआई ने बचत, चालू बैंक खाते समेत सावधि जमा (एफडी) और ओवरड्यू एफडी समेत अन्य नियमों में कई अहम बदलाव किए हैं। इसके मुताबिक, बैंक द्वारा तय न्यूनतम अवधि से पहले एफडी तोड़ने पर कोई ब्याज नहीं मिलेगा। आरबीआई ने एफडी की न्यूनतम मानक अवधि सात दिन की है, लेकिन बैंक अपने मुताबिक इसे अधिक न्यूनतम अवधि तय कर सकते हैं। नए नियमों में न्यूनतम अ?वधि पूरी होने पर एफडी तोड़ी जाती है तो बैंक आपको वही ब्याज देगा, जो उस अवधि के लिए लागू है। यानी जितने समय तक पैसा बैंक में रहा, इस अ?वधि का ही ब्याज मिलेगा। पहले से तय तय की गई ऊंची ब्याज दर लागू नहीं होगी। यही नहीं, नए नियमों में यह भी जोड़ा गया है कि अगर किसी एफडी की मेच्योरिटी पीरियड गैर-कारोबारी दिन पर पड़ती है, तो ग्राहक को उस दिन का भी ब्याज मिलेगा और बैंक अगले कार्यदिवस को भुगतान करेगा। नए नियमों के अनुसार, अब बैंकों को एफडी से जुड़े सभी नियम ग्राहकों को पहले से स्पष्ट रूप से बताने होंगे।

मुंबई में टूट गए प्रॉपर्टी बिक्री के सारे रेकॉर्ड

भर गया सरकार का खजाना

नई दिल्ली, एजेंसी। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में नवंबर में प्रॉपर्टी ब्रिकी के सारे रेकॉर्ड टूट गए हैं। मुंबई देश का सबसे बड़ा और सबसे महंगा प्रॉपर्टी बाजार है। शहर में चल रहे इन्फ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी के बड़े प्रोजेक्ट्स के कारण शहर की तस्वीर बदल रही है और प्रॉपर्टी की डिमांड भी बढ़ रही है। नवंबर में शहर में 12,219 प्रॉपर्टी का रजिस्ट्रेशन हुआ, जो पिछले साल के मुकाबले 20 प्रतिशत ज्यादा है। इससे सरकारी खजाने को भी फायदा हुआ है। रजिस्ट्रेशन और स्टांप ड्यूटी से राज्य को 1,038 करोड़ रुपये मिले हैं, जो पिछले साल से 12 प्रतिशत ज्यादा है। यह जानकारी महाराष्ट्र के इंस्पेक्टर जनरल ऑफ रजिस्ट्रेशन एंड कंट्रोलर ऑफ स्टाम्प्स के आंकड़ों से मिली है।

ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक नाइट फ्रैंक इंडिया के सी एम डी , शिशिर बैजल ने कहा, मुंबई का आवासीय बाजार नवंबर में भी अपनी लगातार अच्छी चाल बनाए



हुए है। सभी सेगमेंट में मांग मजबूत है और लोग ऊंचे दामों वाले घरों की ओर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। पहले 11 महीनों में 135,000 से ज्यादा यूनिट्स का रजिस्ट्रेशन हुआ है, जिससे बाजार एक मजबूत स्तर पर पहुंच गया है। हर महीने की गतिविधि लगातार अच्छी बनी हुई है। वॉल्यूम और रेवेन्यू दोनों में स्थिरता एक परिपक्व डिमांड साइकल और मुंबई में खरीदारों के भरोसे को दर्शाती है।

12,224 करोड़ का रेवेन्यू

इस साल के पहले 11 महीनों में मुंबई में कुल 135,807 प्रॉपर्टी डील हुईं। इससे सरकार को 12,224 करोड़ रुपये का रेवेन्यू मिला है। यह साल प्रॉपर्टी बिक्री के लिए रिकॉर्ड तोड़ने वाला साबित हो रहा है। रजिस्ट्रेशन में पिछले साल के मुकाबले 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और राजस्व में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह खरीदारों के मजबूत भरोसे के कारण बाजार में लगातार बनी हुई तेजी को दिखाता है। शेठ रियलिटी के सी एम डी , चिन्तन शेठ ने कहा, मुंबई में बड़े पैमाने पर हो रहे इन्फ्रास्ट्रक्चर के काम शहर की कनेक्टिविटी को बेहतर बना रहे हैं और विकास के नए रास्ते खोल रहे हैं। इसका सीधा असर जमीन पर हो रही प्रॉपर्टी की बिक्री में दिख रहा है। बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर से नए इलाकों में रहने की सुविधा बढ़ रही है, इसलिए खरीदार आत्मविश्वास से आगे आ रहे हैं। बाजार में यह लगातार बनी हुई तेजी एक मजबूत बाजार माहौल को दर्शाती है। इसके साथ ही मॉर्गेज रेट्स का कम होना भी प्रॉपर्टी की बिक्री को बढ़ावा दे रहा है। रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी की मांग सबसे ज्यादा रही। नवंबर में हुए कुल रजिस्ट्रेशन में से 80 प्रतिशत आवासीय प्रॉपर्टी के थे। बड़े और प्रीमियम घरों की मांग बढ़ी है। 5 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत वाले घरों का हिस्सा बढ़कर 7 प्रतिशत हो गया है, जो पिछले साल 5 प्रतिशत था। 1 करोड़ से 2 करोड़ रुपये के बीच के घरों का हिस्सा बढ़कर 33 प्रतिशत हो गया है। वहीं, 1 करोड़ रुपये से कम कीमत वाले घरों का हिस्सा घटकर 42 प्रतिशत रह गया है। यह दिखाता है कि कम कीमत वाले घरों की कीमत बढ़ने से लोगों को थोड़ी मुश्किल हो रही है। 2 करोड़ से 5 करोड़ रुपये के बीच के घरों का हिस्सा 18 प्रतिशत पर स्थिर रहा। 1,000 वर्ग फुट तक के छोटे घर अभी भी सबसे ज्यादा बिक रहे हैं। कुल रजिस्ट्रेशन में इनका हिस्सा 84 प्रतिशत रहा। 500 से 1,000 वर्ग फुट के बीच के घर सबसे ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। 1,000 से 2,000 वर्ग फुट के बड़े घरों का हिस्सा बढ़कर 13 प्रतिशत हो गया है।

रेल यात्रियों के लिए जरूरी खबर, चुनिंदा ट्रेन में ओटीपी से ही तत्काल टिकट बुक करवा सकेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रेलवे ने तत्काल टिकट बुकिंग के नियमों में बड़ा बदलाव किया है, जो 1 दिसंबर यानी आज से लागू हो जाएगा। अब टिकट बुक करते समय ओटीपी आएगा। इसके बाद ही बुकिंग प्रक्रिया पूरी होगी। यह नियम पश्चिमी रेलवे ने चुनिंदा ट्रेनों पर लागू किया है। बाद में सभी रेलवे जोन में इसे लागू किया जाएगा। रेलवे के मुताबिक, यह व्यवस्था एक दिसंबर से मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद शताब्दी एक्सप्रेस पर शुरू होगी। इसे लागू करने का मुख्य उद्देश्य ऐसे यात्रियों को लाभ पहुंचाना है, जो वास्तव में तुरंत यात्रा करना चाहते हैं, लेकिन टिकट नहीं मिल पाता। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए रेलवे बोर्ड ने ओटीपी आधारित तत्काल टिकट व्यवस्था को मंजूरी दी है। बुकिंग के समय पंजीकृत मोबाइल नंबर आए ओटीपी को दर्ज करने पर ही टिकट जारी होगा।

सफाई कर्मियों ने आगजनी करते हुए तालाबंदी की, प्रदर्शन, हडताल की दी चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दानापुर। सात सूत्री मांगों को लेकर सोमवार की सुबह नप के दैनिक सफाई कर्मियों ने आगजनी कर कार्यालय के मुख्य गेट का ताला जड़ दिया। जमकर परिषद प्रशासन व सफाई एजेंसी एडम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे कर्मियों ने बताया कि परिषद प्रशासन व एडम एजेंसी द्वारा आज तक पहचान पत्र (आइकार्ड) नहीं दिया गया है और वर्दी तक नही दिया गया है। पीएफ का भी भुगतान नही होता है। जिससे आक्रिशात होकर कर्मियों ने पटना नगर निगम के तर्ज पर मानदेय वेतन की भुगतान करने की मांग किया हैं और पीएफ का साक्ष्य नही दिया जाता है। जिससे सार्वजनिक करने की मांग किया। कर्मियों को परिषद के कर्मियों व एजेंसी द्वारा बिना कारण के मनमानी तरीके से हटाया दिया जाता है।दस वर्षों से कार्य कर रहे कर्मियों को नियमित करने की मांग किया । कर्मियों को एक सामान कार्य और एक सामान मजदूरी देने की मांग किया। कर्मियों ने बताया कि पिछले 25 नवंबर को अपनी मांग का लिखित आवेदन परिषद के प्रशिक्षु आईएस अधिकारी विग्नेश टीए को दिया गया था। आवेदन देने के बाद कोई उचित पहल नहीं किया गया तो बाध्य होकर सोमवार को परिषद प्रशासन व एजेंसी एडम के खिलाफ आगजनी करते हुए परिषद कार्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया गया है और किसी भी कर्मियों और अधिकारी को अंदर जाने नहीं दिया जा रहा है। परिषद के स्वच्छता अधिकारी अपर्णा व प्रभारी प्रधान लिपिक को भी अंदर घुसने नहीं दिया गया। जिससे वे वापस लौट गए। कर्मियों ने बताया कि एजेंसी एडम मनमानी करते हुए दैनिक सफाई कर्मियों को हटा देते हैं और धमकी भी देते हैं कि सीएम, नगर विकास मंत्री समेत जिससे भी शिकायत करने पर मेरे कोई कुछ नहीं कर सकता है। प्रदर्शन कर रहे दैनिक सफाई कर्मियों मांगों पूरा नही होता है तो हडताल पर जाने की चेतावनी दी है। कर्मियों ने बताया कि पार्षद भी दैनिक सफाई कर्मियों से मनमानी तरीके से काम करते हैं। परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि दैनिक सफाई कर्मियों का मांगो को जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एजेंसी एडम को दैनिक सफाई कर्मियों को पांचों दिनों के अंदर मांगो को पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

दानापुर बीआरसी के द्वितीय बिहार बटालियन का मना स्थापना दिवस

दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिहार रेजीमेंट केंद्र के द्वितीय बिहार बटालियन का स्थापना दिवस सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। बिहार रेजिमेंट की द्वितीय बटालियन की स्थापना 1 दिसंबर 1942 को लेफ्टिनेंट कर्नल जीएल टार्वर और सूबेदार मेजर हरनंदन सिंह के कुशल नेतृत्व में आगरा छावनी में की गई। बटालियन की सरंचना राजपूत, अहीर, ब्राह्मण, मुस्लिम और आदिवासी वर्ग के आधार पर की गई थी।गठन के बाद से ही बटालियन पूरे समर्पण और उत्साह के साथ देश की सेवा कर रही है। बटालियन ने युद्ध क्षेत्र के साथ-साथ शांतिकाल में भी अपनी व्यावसायिक दक्षता साबित की है। बटालियन को समय-समय पर कई प्रतिष्ठित वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। देश की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बटालियन के वीर सैनिकों को याद करने और सम्मानित करने के लिए रेजिमेंट के वीर स्मृति स्थल पर एक विशेष श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया गया। रेजिमेंट के कमांडेंट ब्रिगेडियर राकेश कुमार बोरा, लेफ्टीनेंट कर्नल एके सिंह, दंडपाल सह लेफ्टीनेंट कर्नल अंकुर कुमार मिश्रा, दंडपाल, सूबेदार मेजर विपिन कुमार प्रधान समेत कई सैन्य अधिकारी,जेसीओ व सैनिक शामिल थे।

पिस्तौल व गोली के साथ दो युवक गिरफ्तार

दानापुर। पुलिस ने गुप्त सूचना पर नासरीगंज घाट से दो युवको को एक पिस्तौल व एक गोली के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार रोशन कुमार उर्फ विरजन झखडी महादेव गैय गोदाम व मनीष मांझी गाभतल टाउन राउंड मुसहरी निवासी है। सिटी एसपी पश्चिमी ममता कल्याणी ने पत्रकारों को बताया कि दानापुर पुलिस ने गुप्त सूचना पर नासरीगंज घाट से अपराधिक घटना का योजना बना रहे थे। पुलिस ने छापेमारी कर रोशन व मनीष को एक देसी पिस्तोल व एक गोली के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार रोशन व मनीष से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

दिव्यांगजन के सम्मान में एम्स पटना का विशेष सप्ताह

व्हीलचेयर और कृत्रिम अंग देकर बढ़ाया हौसला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

फुलवारीशरीफ। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस (3 दिसंबर) के अवसर पर एम्स पटना में दिव्यांगजन सप्ताह 29 नवंबर से 4 दिसंबर तक मनाया जा रहा है। सोमवार 1 दिसंबर को भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास विभाग द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें दिव्यांगजनों के अधिकार, सम्मान और पुनर्वास पर व्यापक चर्चा हुई। इस मौके परकार्यकारी निदेशक ने दिव्यांगजनों से बातचीत कर उनकी जरूरतों, समस्याओं और अनुभवों को गहराई से समझा। एम्स पटना की ओर से दिव्यांगजन लाभार्थियों को 10 व्हीलचेयर, 6 कृत्रिम अंग और 6 ऑर्थोसिस प्रदान किए गए। सहायता सामग्री पाकर लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दिव्यांगजन और उनके



परिजन मौजूद रहे।

मुख्य संरक्षक के रूप में उपस्थित संस्थान के कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिग.) डॉ. राजू अग्रवाल ने कहा कि आत्मबल दिव्यांगजन की सबसे बड़ी शक्ति है। समाज को चाहिए कि वह हर दिव्यांग व्यक्ति के आत्मविश्वास को बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाए। मंच पर उपस्थित विशेषज्ञों और अधिकारियों ने भी दिव्यांगजनों की हौसला अफजाई की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर बिहार सरकार की सामाजिक कल्याण विभाग की सचिव बंधना प्रेयसी, एम्स नई दिल्ली के पीएमआर विभागाध्यक्ष डॉ। संजय वाधवा, जेआईपीएमईआर पुडुचेरी के प्रो। (डॉ.) नवीन कुमार, प्रो. (डॉ.) पुनम प्रसाद भदानी, प्रो. (डॉ.) संजय पांडेय, प्रो. (डॉ.) रुचि सिन्हा, प्रो. (डॉ.) मनोज कुमार, प्रो. (डॉ.) अनुप कुमार तथा उप निदेशक नीलोत्पल बल भी उपस्थित थे।

बाल विवाह को लेकर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। धनरूआ सीडीपीओ कार्यालय में महिला एवं बाल विकास निगम के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा पखवारा के तहत जेंडर आधारित हिंसा पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महिला बाल विकास निगम की निशा कुमारी एवं सीडीपीओ जीनत कौसर ने किया। कार्यक्रम के दौरान सीडीपीओ जीनत कौसर ने जेंडर हिंसा रोकथाम का जन जन तक प्रचार प्रसार करने के लिए सभी एलएस को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि संबंधित क्षेत्र में लैंगिक हिंसा से सम्बंधित किसी भी प्रकार कि शिकायत नहीं मिलनी



चाहिए। लैंगिक हिंसा की रोकथाम एवं जागरूकता हेतु सभी को आवश्यक कदम उठाने तथा ट्रांसजेंडर को भी समाज में बराबरी का हक मिले उसपर बल दिया। लैंगिक रोकथाम एवं बेटा-बेटी में किसी भी तरह का भेदभाव नहीं करने की बात कही। इस दौरान लैंगिक हिंसा, दहेज प्रथा, बाल विवाह आदि पर रोक लगाने की जानकारी दी। उन्होंने इस दौरान बेटा व बेटी के जन्म में अंतर को समाप्त करने के लिये लोगो को जागरूक किया। इसके अलावा सीडीपीओ ने पीएम वीआई, मुख्यमंत्री कन्या सुरक्षा योजना की भी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बेटी की शादी 19 वर्ष से कम में ना कराए। उन्होंने आंगनबाड़ी सेविका को लाभुकों का बैठक कर पीएमवीवाइ का फॉर्म भरने का निर्देश दिए।

विश्व एड्स दिवस पर मसौढ़ी में जागरूकता कार्यक्रम, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। हर वर्ष 1 दिसंबर को मनाया जाने वाला विश्व एड्स दिवस सिर्फ एक औपचारिक तिथि नहीं, बल्कि एचआईवी/एड्स के खिलाफ वैश्विक एकजुटता का प्रतीक है। इसी संदेश को मजबूत करने के उद्देश्य से रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पीएचसी प्रभारी डॉ. रामानुज, स्वास्थ्य प्रबंधक ललन कुमार सिंह, बीएओ चंद्रभूषण प्रसाद, अस्पताल स्टाफ एवं जीएनएम शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. रामानुज ने कहा कि आज भी बड़ी संख्या में लोग एचआईवी/एड्स को लेकर भ्रम और डर के बीच जी रहे हैं। ऐसी स्थिति में जागरूकता बढ़ाना, सही जानकारी देना और मिथकों को दूर करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विश्व एड्स दिवस की थीम "व्यवधान पर विजय, एड्स प्रत्युत्तर में सुधार" निर्धारित की गई है, जिसका उद्देश्य एचआईवी/एड्स रोकथाम और उपचार से जुड़ी बाधाओं को खत्म कर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सभी तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि समाज में एचआईवी से पीड़ित लोगों के प्रति सहानुभूति और सम्मान का भाव विकसित करना आज की सबसे बड़ी जरूरत है।

सेंट मेरीज़ स्कूल में नासा के डॉ. मुखर्जी की स्टेम कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। बिहार के छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान और आधुनिक तकनीक से जोड़ने की ऐतिहासिक पहल सोमवार को तब देखने को मिली जब नासा फ्लोरिडा स्पेस ग्रांट कंसोर्टियम (FSGC) के निदेशक डॉ. जयदीप मुखर्जी अपनी पत्नी श्रीला मित्रा के साथ मसौढ़ी पहुँचे। उन्होंने सेंट मेरीज़ स्कूल में छात्र-छात्राओं के बीच स्पेस साइंस और STEM (Science, Technology, Engineering, Mathematics) शिक्षा पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला के दौरान डॉ. मुखर्जी ने छात्रों को स्पेस रिसर्च, ग्रहों पर जीवन, ब्लैक होल, टेलीस्कोप, यूनिवर्स की संरचना और आधुनिक अंतरिक्ष मिशनों के वैज्ञानिक सिद्धांतों पर विस्तृत



जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को बताया कि सेंट मेरीज़ स्कूल को जल्द ही फ्लोरिडा से रिमोट प्रोग्रामिंग के माध्यम से विशेष प्रोजेक्ट्स दिए जाएंगे, जिन पर काम कर छात्र अंतरराष्ट्रीय स्तर की रिसर्च से जुड़ सकेंगे। छात्र-छात्राओं ने उत्सुकता से मंगलयान, चंद्रयान, रोबोटिक्स, वेब स्पेस साइंस, AI आधारित स्पेस टेक्नोलॉजी और विभिन्न अंतरिक्ष अभियानों से जुड़े सवाल पूछे, जिनका डॉ. मुखर्जी ने सरल और रोचक तरीके से उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि जैसे वे फ्लोरिडा के छात्रों को स्पेस रिसर्च में आगे बढ़ा रहे हैं, वैसे ही बिहार के युवाओं को भी STEM के क्षेत्र में नई उड़ान दिलाना उनका उद्देश्य है। कार्यक्रम में सेंट मेरीज़ स्कूल के प्राचार्य फादर पैकीएम बास्कर, सचिव फादर बासु डेविस, कोलकाता से आए फादर देवराज, उप-प्राचार्य सी. माटिल्डा, शिक्षामित्र राहुल चंद्रा, रितेश समेत कई शिक्षक उपस्थित रहे।

अगहनी चूड़ा की सौंधी-सौंधी खुशबू से गुलजार हो रहा है पूरा इलाका, दिन-रात कुटाई में जुटे किसान

शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। गुलाबी ठंड के दस्तक देते ही मसौढ़ी में अगहनी चूड़ा की कुटाई शुरू हो चुकी है और इस चूड़े की मांग मकर संक्रांति के अवसर और भी बढ़ जाती है। इसके साथ ही इसकी खुशबू विदेशों तक जाती है। दरअसल मसौढ़ी इलाके में नए धान की फसल तैयार होने के बाद यहां चूड़ा मीलों में अगहनी चूड़ा की कूटाई शुरू हो जाती है। दरअसल सर्द के इस मौसम में नये धान तैयार होने के बाद किसान अगहनी चूड़ा की कुटाई में इन दिनों लगे हैं। मसौढ़ी के ग्रामीण इलाकों के गांव में इन दिनों रात-दिन चूड़ा मीलों में भट्टियों में आग धधक रही है और अगहनी चूड़ा की कुटाई हो रही है। अगहनी चूड़ा की सोंधी सोंधी खुशबू से पूरा इलाका इन दिनों गुलजार हो रहा है। गौरतलब है की मकर संक्रांति पर्व पर लोग चूड़ा दही का जायका लगाते हैं इसके साथ ही अगर अगहनी चूड़ा मिल जाए तो इसका जायका और भी लाजवाब हो जाता है। अगहनी चूड़ा सौंधी स्वाद को लेकर प्रसिद्ध है और इसकी सौंधी खुशबू से पूरा इलाका इन दिनों गुलजार हो रहा है, दिन रात मिलो में चूड़ा कुटाई की होड़ मची है। इन दिनों अगहनी चूड़ा का डिमांड भी बहुत अधिक बढ़ गया है। उत्तर भारत में डिमांड और भी अधिक रहती है दक्षिण भारत में तो चूड़ा दही का लोग सालों आनंद लेते हैं लेकिन उत्तर भारत में लोग चूड़ा दही का जायका मकर संक्रांति के पर्व पर ही लेते हैं। अगहनी चूड़ा न केवल अन्य राज्यों



में बल्कि विदेशों तक इसकी खुशबू बिखर रही है।

पटवन को लेकर हुई मारपीट के विवाद का फरार अभियुक्त गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। धनरूआ थाना क्षेत्र के ओरियारा गांव में बीते 10 मई 2013 को घटित घटना में खेत में पटवन को लेकर दो गुटों में जमकर हिंसक मारपीट की घटनाएं घटित हुई थी। जिसमें फरार चल रहे अभियुक्त टुन्नु राम पिता सुरेश राम को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि धनरूआ थाना कांड संख्या 163/13 के तहत वादी पवन राम पिता कामेश्वर राम ने चार लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की थी। उसी के आलोक में फरार अभियुक्त टुन्नु राम को गिरफ्तार किया गया है। वहीं न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आधार पर इसकी गिरफ्तारी कर आग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। कोर्ट में इसके खिलाफ एसपीडी ट्रायल भी शुरू कर दी गई है।

बंद घर से पांच लाख की संपत्ति गायब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। शहर में ठंड की दस्तक के साथ चोरी की घटनाएँ लगातार बढ़ने लगी हैं। इसी क्रम में बीते रविवार की देर रात चोरों ने पटेल नगर स्थित एक बंद घर को निशाना बनाते हुए करीब 5 लाख रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित संजय कुमार, जो संत मेरीज़ स्कूल में शिक्षक हैं, 29 नवंबर को परिवार के साथ टाटा में आयोजित एक शादी समारोह में गए हुए थे। 30 नवंबर की शाम उनके पड़ोसी ने फोन कर बताया कि उनके घर का दरवाज़ा टूटा हुआ है और अंदर सामान बिखरा पड़ा है। सूचना मिलते ही संजय कुमार मसौढ़ी पहुंचे और देखा कि उनके घर की अलमारी, बक्से और गोदरेज का ताला तोड़कर चोर कीमती आभूषण और नगदी लेकर फरार हो चुके थे। पीड़ित ने कुल लगभग पांच लाख रुपये की संपत्ति चोरी होने की बात कही है। घटना की शिकायत मसौढ़ी थाना में दर्ज करा दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है, हालांकि चोरी की वारदात के बाद मोहल्ले में सुरक्षा को लेकर लोगों में भारी चिंता व्याप्त है।

पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा (सीनि. डीईएन/I/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के लिए) नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं। क्रमांक एवं एनआईटी सं.; कार्य का विवरण; अनुमानित लागत; बयाना राशि: (1) 180_2025-26, दिनांक 27.11.2025; बैण्डेल डिपो में बीसीएन प्रीमियम रेक का परीक्षण; रु. 1,56,80,935.42; रु. 2,28,400; (2) 181_2025-26, दिनांक 27.11.2025; सीनि. डीईएन/1/हावड़ा के अधीन पूर्व रेलवे के यार्ड एवं निकटवर्ती क्षेत्र के लिए ड्रोन/लाईडार तथा डीजीपीएस/टीएस, अनमैन्ड एरियल सिस्टम (यूएएस) तथा स्टीरियो फोटोग्रामेटरी तकनीक का प्रयोग कर मौजूदा प्लानों में सुधार द्वारा यार्ड प्लानों को तैयार करना एवं पूर्व रेलवे के सक्षम प्राधिकारी द्वारा उसका अनुमोदन प्राप्त करना एवं सीएडी प्रारूप तथा पीडीएफ प्रारूप में डिलीवरी करना; रु. 46,99,058.70; रु. 94,000; (3) 182_2025-26, दिनांक 27.11.2025; सीनि. डीईएन/1/हावड़ा के अधीन 31 रेलवे यार्डों की निकासी योजना तैयार करने के लिए व्यापक निकासी प्रणाली का अध्ययन; रु. 49,71,662.82; रु. 99,400; निविदा प्रपत्र की लागत: शून्य (प्रत्येक के लिए)। समापन अवधि: छह (06) महीने (क्रमांक 1 के लिए) एवं चार (04) महीने (क्रमांक 2 एवं 3 के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, चूंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 15.12.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक। निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान- ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-427/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/580, दिनांक 28.11.2025; सीनि. डीएसटीई, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: ई-निविदा सं.: एसडीएसटीई/सिग/टी/01/25-26/आरआरएसके; कार्य का नाम साथ में उसका स्थान: सियालदह मंडल में बीआरपी-एनएमकेए (डाउन) टीआरआर(पी)-8.782 टीकेएम एवं आरएचए-बीएनजे (एसएल) टीआरआर(पी)-13.585 तथा एसपीआर-सीजी (डाउन) टीआरआर(पी)-15.564 टीकेएम के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। निविदा मूल्य: रु. 82,41,541.70; जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा: रु. 1,64,800; निविदा दस्तावेज की कीमत: शून्य। कार्य समापन अवधि: 06 महीने। निविदा जमा शुरू होने की तारीख: 10.12.2025; निविदा जमा करने की अंतिम तारीख: 24.12.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक। निविदा बोली खुलने की तारीख: 24.12.2025 को अपराह्न 2.30 बजे। विस्तृत विवरण: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। पात्रता के तकनीकी मानदंड: निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिए: (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। पात्रता के वित्तीय मानदंड: निविदादाता द्वारा वी/एन अथवा 'वी' जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां वी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में "कुल अनुबंधकीय भुगतान" के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलनग्नक-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेज: जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। समतुल्य प्रकृति का कार्य: इस निविदा कार्य के लिए डाटा लॉगर अथवा आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना अथवा ईआई अथवा आर आर आई अथवा पीआई अथवा आईबीएस अथवा आईबीएच अथवा एलसी गेट इंटरलॉकिंग अथवा यार्ड मॉडिफिकेशन अथवा यूएफएसबीआई अथवा ट्रैक सर्किट (एएफटीसी अथवा डीसी टीसी) अथवा एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी अथवा एमएसडीएसी अथवा एचएएसएसडीएसी) अथवा स्वचालित सिग्नलिंग सम्मिलित कोई भी सिग्नल इंटरलॉकिंग कार्य को समतुल्य प्रकृति का कार्य माना जाएगा। टिप्पणी: निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए।

(SDAH-281/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता/पतरातू पूर्व मध्य रेल, पतरातू सुयोग्य एवं अनुभवी प्रतिष्ठानों या ठेकेदारों से ई–निविदा सं. PH16Paint60 हेतु खुला ई. निविदा आमंत्रित करती है। कार्य का नाम तथा स्थान : (क) आरडीएसओ स्पेसिफिकैशन संख्या एम एंड सी/ पीसीएन/100/2018 के अनुरूप 60 एचएचपी इंजनों की इपॉक्सी सह पॉलीयूरेथेन पेंट से पेंटिंग (ख) आरडीएसओ स्पेसिफिकैशन संख्या एम एंड सी/पीसीएन/ 100/2018 के अनुरूप 19 एचएचपी इंजनों की इपॉक्सी सह पॉलीयूरेथेन पेंट से पेंटिंग। स्थान – पतरातू। कार्य का अनुमानित लागत : 85,15,082.18 (रूपये पचयासी लाख पंद्रह हजार ब्यासि रूपये और अठराह पैसे मात्र)। अग्रधन राशि : 1,70,300/– (रूपये एक लाख सत्तर हजार तीन सौ मात्र), निविदा जमा करने तथा बंद होने की तिथि तथा समय : 08.12.2025 से 22.12.2025 को 11:00 बजे निविदा बंद होने तक। वेबसाईट का विवरण जहां निविदा दस्तावेज उपलब्ध है : IREPS वेबसाईट www.ireps.gov.in/निविदा भरने वाले उनका मूल या परिशोधित निविदा प्रस्ताव केवल इसी वेबसाईट के माध्यम से अनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल (हस्तनिर्मित) निविदा प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं हैं तथा ऐसे किसी भी मैनुअल निविदा प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। सम्पूर्ण विस्तृत निविदा देखने के लिए सूचना पट्ट की स्थिति : डीजल लोको शेड, पतरातू का सूचना पट्ट।

वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता / पूमरे/पतरातू

पीआर/1355/एलएस/पीटीआरय्/डीआरएम/टीआरएस/टी/25–26/40

पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा (सीनि. डीईएन/I/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के लिए) नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं। क्रमांक एवं एनआईटी सं.; कार्य का विवरण; अनुमानित लागत; बयाना राशि: (1) 165_2025-26, दिनांक 27.11.2025; हावड़ा मंडल में विभिन्न निर्माण कार्यों (एलएचएस, पुलों, बिल्डिंगों, फूट ओवर ब्रिज इत्यादि कार्यों) के लिए भूतकनीकी निरीक्षण कार्यों को तैयार एवं प्रस्तुत करना; रु. 51,00,000.00; रु. 1,02,000; (2) 174_2025-26, दिनांक 27.11.2025; हावड़ा मंडल में सीनि. डीईएन/1/हावड़ा के अधीन एमईए (जल के नल, पेशाबघर, शौचालय, प्लेटफॉर्म शेड एवं प्रतीक्षालय) की कमी दूर करने के लिए प्रस्ताव; रु. 59,00,154.58; रु. 1,18,000; (3) 178_2025-26, दिनांक 27.11.2025; हावड़ा मंडल के अधीन वेल्डिंग हिस्से की आपूर्ति; रु. 3,51,77,175.00; रु. 3,25,900; निविदा प्रपत्र की लागत: शून्य (प्रत्येक के लिए)। समापन अवधि: छह (06) महीने (क्रमांक 1 के लिए), चार (04) महीने (क्रमांक 2 के लिए) एवं नौ (09) महीने (क्रमांक 3 के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, चूंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 15.12.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक। निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान - ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-425/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

अतिक्रमण पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

सड़क व फुटपाथ पूरी तरह कराया गया खाली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पालीगंज। पालीगंज नगर बाजार में सोमवार को प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बड़े पैमाने पर कार्रवाई की। वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर अंचल अधिकारी महेश कुमार के नेतृत्व में बिहटा मोड़ से लेकर हाईस्कूल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा नाला रोड तक सड़क किनारे बने अवैध गुमटी और दुकानों पर बुलडोजर चलाया गया। कार्रवाई के दौरान पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार समेत कई पुलिस अधिकारी और भारी पुलिस बल मौजूद रहा। अंचल अधिकारी महेश कुमार ने बताया कि मुख्य बाजार क्षेत्र में फुटपाथ और नाले पर अवैध कब्जे के कारण लगातार जाम की समस्या बनी


JCB

हॉकी मेंस जूनियर वर्ल्ड कप में भारतीय टीम अजेय

खिताब पर कोच श्रीजेश की निगाहें

मदुरै, एजेंसी। भारतीय टीम एफआईएच हॉकी मेंस जूनियर वर्ल्ड कप 2025 में अजेय है। कोच पीआर श्रीजेश का मानना है कि खिलाड़ियों को आत्मविश्वास बनाए रखते हुए अपना सामान्य गेम खेलना चाहिए। टीम का लक्ष्य सिर्फ टूर्नामेंट जीतना है। जूनियर वर्ल्ड कप में भारत ने अपने दोनों शुरुआती मुकाबले चेन्नई में खेले, जिसमें जीत दर्ज की। टीम ने अब तक एक भी गोल नहीं खाया है। इस बीच भारत ने चिली के खिलाफ 7-0 से जीत दर्ज की, जबकि ओमान के विरुद्ध मुकाबला 17-0 से जीता। अब भारत मंगलवार को



अपने अंतिम ग्रुप लीग मैच में स्विट्जरलैंड का सामना करेगा। इस मुकाबले से पहले कोच पीआर श्रीजेश ने कहा, 'जब आप जूनियर वर्ल्ड कप की तैयारी कर रहे होते हैं, तो यह हमेशा जरूरी होता है कि आप अपना शत प्रतिशत दें। आप उसे जीतने का सपना देखें। इसलिए, मुझे लगता है कि हमारे लिए यह बहुत जरूरी है कि हम आत्मविश्वास बनाए रखें और बस अपना सामान्य गेम खेलें। हमें बस टूर्नामेंट जीतना है। पीआर श्रीजेश ने जर्मन टीम को सराहते हुए कहा, 'यह एक अच्छी टीम है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि सेमीफाइनल या फाइनल में हमारा उनसे मुकाबला हो। हालांकि, मुझे नहीं पता कि यह सफर कैसा रहेगा, क्योंकि ये सभी टॉप नौ टीमें काफी अच्छी हैं। भारतीय टीम ने 28 नवंबर को टूर्नामेंट का अपना पहला मैच चिली के खिलाफ खेला था। पूल-बी के इस मुकाबले में टीम इंडिया ने 7-0 से जीत दर्ज की।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी

जयदेव उनादकट बने सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज, सिद्धार्थ कौल का रिकॉर्ड टूटा

नई दिल्ली, एजेंसी। सौराष्ट्र के कप्तान जयदेव उनादकट ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ बनकर नया कीर्तिमान रच दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 30 नवंबर को दिल्ली के कप्तान नितीश



राणा का विकेट लेकर उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। इस विकेट के साथ उन्होंने पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज़ सिद्धार्थ कौल (120 विकेट) को पीछे छोड़ दिया।

कौल का रिकॉर्ड टूटा, उनादकट का दबदबा बरकरार- सिद्धार्थ कौल ने 12 साल में 87 मैच खेलकर 120 विकेट झटके थे। वहीं, उनादकट ने सिर्फ अपने 83वें मैच में ही उनका रिकॉर्ड तोड़ दिया। अब उनके नाम 121 विकेट हो चुके हैं, औसत 17.81 और इकॉनमी 6.79 के साथ। उनादकट स्पेल में तीन बार चार विकेट भी ले चुके हैं।

100+ विकेट क्लब में सिर्फ छह गेंदबाज़- सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी इतिहास में 100 या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ों की संख्या केवल छह है। उनादकट और कौल के अलावा सूची में शामिल हैं—
पियूष चावला - 113 विकेट
लुकमान मेरिवाला - 108 विकेट
चामा मिलिंद - 107 विकेट
आकाश चौधरी - 102 विकेट

रिकॉर्ड के बावजूद सौराष्ट्र की हार- उनादकट ने चार ओवर में सिर्फ 22 रन देकर शानदार गेंदबाजी की, लेकिन दिल्ली ने 207/4 रन बना दिए। दिल्ली के लिए यश ढुल ने 30 गेंदों में 47 रन, जबकि नितीश राणा ने 41 गेंदों में 76 रन (7 छक्के) ठोके।

'कोहली-रोहित के बिना 2027 वर्ल्ड कप नहीं जीत सकते...'

इस भारतीय दिग्गज ने चयनकर्ताओं को दी नसीहत

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम के पूर्व कप्तानों विराट कोहली और रोहित शर्मा के ओडीआई फ्यचूर को लेकर हालिया समय में काफी अटकलें लगी हैं. दोनों टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, ऐसे में कई क्रिकेट विशेषज्ञ यह सवाल उठा रहे थे कि क्या कोहली और रोहित 2027 के वनडे वर्ल्ड कप तक खेल पाएंगे.
तब तक कोहली की उम्र करीब 39 साल जाएगी. वहीं रोहित शर्मा तब तक 40 साल से ज्यादा के हो जाएंगे.
अब रांची वनडे में दोनों की शानदार बल्लेबाजी ने यह बहस खत्म कर दी है. साउथ अफ्रीका के खिलाफ रांची वनडे में विराट कोहली ने शानदार 135 रन बनाए. वहीं रोहित शर्मा के बल्ले से 57 रन निकले. रोहित-कोहली ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 136 रनों की पार्टनरशिप की, जिसके दम पर भारत ने 349 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया. भारत ने इस मैच को 17 रनों से जीता और सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली. इस एक साझेदारी ने दिखा दिया कि रोहित-कोहली अभी भी पहले जैसे ही खतरनाक हैं. अब टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और पूर्व चीफ सेलेक्टर कृष्णमाचारी श्रीकांत ने इन दोनों स्टार बल्लेबाजों की जमक तारीफ की है. श्रीकांत का कहना है कि 2027 का वनडे वर्ल्ड कप रोहित और कोहली के बिना भारतीय टीम जीत ही नहीं सकती.



'दोनों के बिना प्लान बनाना बेकार...'

कृष्णमाचारी श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'रोहित और कोहली अलग ही लेवल पर खेल रहे हैं. क्रिकेट के इस दौर में इतने कठिन मैच खेलना आसान नहीं है. लेकिन वे दोनों सिर्फ एक फॉर्मेट खेलकर भी अपनी फिटनेस और मानसिकता बेहतरीन बनाए हुए हैं. इन दोनों के बिना प्लान बनाना बेकार है. 2027 वर्ल्ड कप जीतना है तो रोहित और विराट टीम में होने ही चाहिए.'

अजलान शाह हॉकी कप — **फाइनल में भारत को 1-0 से हराया**

बेल्जियम ने जीता अजलान शाह हॉकी का खिताब

कुआलालंपुर, एजेंसी। जुगराज सिंह, अमित रोहिदास और संजय इस टूर्नामेंट के दौरान पेनल्टी कॉर्नर में अच्छा प्रदर्शन करेन में सफल रहे, लेकिन फाइनल में बेल्जियम की रक्षा पंक्ति को छकाने में नाकाम रहे। बेल्जियम ने रविवार को रोमांचक फाइनल में भारत को करीबी मुकाबले में 1-0 से हराकर सुल्तान अजलन शाह कप हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। भारत को मैच के 34वें मिनट में थिब्यू स्टॉकब्रोक्स के गोल के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। यह बेल्जियम का पहला सुल्तान अजलन शाह खिताब है। टीम सिर्फ दूसरी बार इस प्रतियोगिता में खेल रही थी। शनिवार को कनाडा के खिलाफ 14-3 की बड़ी जीत के बाद इस मैच में उतरा भारत दुर्भाग्य से तीन पेनल्टी कॉर्नर में से एक को भी गोल में नहीं बदला सका। जुगराज सिंह, अमित



रोहिदास और संजय इस टूर्नामेंट के दौरान पेनल्टी कॉर्नर में अच्छा प्रदर्शन करेन में सफल रहे, लेकिन फाइनल में बेल्जियम की रक्षा पंक्ति को छकाने में नाकाम रहे। लीग चरण में यूरोपियन टीम के खिलाफ 2-3 से हारने के बाद यह इस टूर्नामेंट में भारत की दूसरी हार थी। मनप्रीत सिंह और हार्दिक सिंह जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के टूर्नामेंट से आराम लेने के कारण जिम्मेदारी युवा खिलाड़ियों पर थी जिन्होंने हार के अंतर को कम रखकर अच्छा प्रदर्शन किया। दोनों टीमों ने रणनीति खेल दिखाया जिसमें बेल्जियम ने गेंद को अधिक समय अपने पास रखकर बेहतर शुरुआत की। उनके आक्रामण ने दोनों छोर से भारतीय रक्षा पंक्ति को परेशान किया और भारतीय गोलकीपर को कुछ करीबी बचाव करने पड़े। बेल्जियम को शुरुआत में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारत ने इन्हें नाकाम कर दिया। भारत ने धीमी शुरुआत के बाद लय हासिल की लेकिन बेल्जियम ने उन्हें मिडफील्ड में बेहतर नियंत्रण बनाकर परेशान किया। मध्यांतर तक दोनों ही टीम गोल का खाता खोलने में नाकाम रहीं। बेल्जियम ने दूसरे हाफ में बेहतर लय में खेलकर भारत पर दबाव डाला। भारत ने भी कुछ अच्छे मूव बनाए लेकिन तीसरे क्वार्टर में भी बेल्जियम के डिफेंस को मात नहीं दे सके। इस बीच 34वें मिनट में स्टॉकब्रोक्स के गोल ने भारत को दबाव में डाल दिया। आखिरी क्वार्टर में भारत ने स्कोर बराबर करने की बहुत कोशिश की लेकिन बेल्जियम के डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे।

मेरा करियर एक फॉर्मेट तक सीमित है : विराट कोहली

रांची, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद विराट कोहली की टेस्ट फॉर्मेट में फिर से वापसी की चर्चा शुरू हो गई थी। रांची वनडे में विराट के शतक के बाद उनकी टेस्ट वापसी की चर्चा और जोर-शोर से शुरू हुई, लेकिन विराट ने इन चर्चाओं पर विराम लगा दिया है।

विराट कोहली ने रांची वनडे के बाद प्रेजेंटेशन के दौरान यह स्पष्ट कर दिया कि उनका अंतरराष्ट्रीय करियर अब सिर्फ एक फॉर्मेट, वनडे, तक सीमित है, उससे आगे कुछ नहीं। विराट से पूछा गया कि क्या उनका इरादा सिर्फ वनडे में ही खेलना है, तो उन्होंने कहा, 'हां, और हमेशा ऐसा ही रहेगा। मैं सिर्फ एक तरह का गेम खेल रहा हूं। कोहली ने समझाया, 'अगर आपने 300 के आस-पास गेम खेले हैं, तो आपको पता होता है कि लंबे समय तक बैटिंग करने की फिजिकल क्षमता कब होती है। जब तक आप बॉल को अच्छी तरह से हिट कर रहे हैं, यह फिजिकली फिट, मेंटली तैयार और एक्साइटेड होने के बारे में है। कोहली के इस बयान से स्पष्ट हो गया कि उनका ध्यान वनडे विश्व कप 2027 पर है। विराट ने रांची वनडे में 120 गेंद पर 135 रन की पारी खेली। विराट का यह 52वां वनडे शतक था। इस पारी में विराट ने 7 छक्के और 11 चौके लगाए और मैच में भारत को 17 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्हें उनकी बेहतरीन शतकीय पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



शुभमन गिल का आया हेल्थ अपडेट, कब थामेंगे बल्ला और मैच में होगी वापसी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 5 मैच की रोमांचक टी20 सीरीज 9 दिसंबर से शुरू होने वाली है। इस सीरीज से पहले भारत के वनडे और टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल की फिटनेस पर बड़ा अपडेट आया है। इस बात से हर कोई वाकिफ है कि शुभमन गिल चोटिल चल रहे हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में उन्हें गर्दन में परेशानी हुई थी, जिसके बाद वह अस्पताल में भी भर्ती हुए थे। शुभमन गिल गर्दन में चोट की वजह से ही साउथ अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी टेस्ट और अब 3 मैचों की वनडे सीरीज भी नहीं खेल पाए।



- **रिहैबिलिटेशन के लिए बेंगलुरु जाएंगे शुभमन गिल-** एक रिपोर्ट के मुताबिक, शुभमन गिल 1 या 2 दिसंबर को बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंच जाएंगे। वहां पर वह अपना रिहैबिलिटेशन शुरू करेंगे। ऐसा बताया जा रहा है कि आने वाले कुछ दिनों में गिल बल्लेबाजी भी शुरू कर सकते हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनपर नजर रखेगी। ऐसा पता चला है कि चंदीगढ़ (परिवार के साथ वक्त बिताने के लिए) रवाना होने से पहले मुंबई में शुभमन गिल ने फीजियोथेरेपी सेशन लिए थे।
- **टी20 सीरीज में कर सकते हैं वापसी-** शुभमन गिल की साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में वापसी करने की संभावना है। अगले कुछ दिनों में साफ हो जाएगा कि शुभमन टी20 सीरीज भी खेलेंगे या नहीं। गिल को हाल ही में टेस्ट और वनडे की कप्तानी सौंपी गई है।

प्रीमियर लीग

चेल्सी ने आर्सेनल को 1-1 से ड्रॉ पर रोका

लंदन, एजेंसी। प्रीमियर लीग में आर्सेनल ने चेल्सी के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। इस मुकाबले के शुरुआती आधे घंटे में चेल्सी ने दबदबा बनाए रखा। आर्सेनल होम टीम के लिए मुश्किलें खड़ी करती रहीं। इस दौरान ब्लूज ने कई मौके बनाए। मुकाबले के 38वें मिनट में मोइसेस कैसेडो को मिकेल मेरिनो पर टैकल करने के लिए सीधे रेड कार्ड मिला। यहां से चेल्सी ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना जारी रखा। इसके बावजूद ब्लूज ने आक्रामक खेल जारी रखा। ट्रेवोह चलोबा ने हाफ टाइम के ठीक बाद रीस जेम्स के कॉर्नर पर हेडर मारकर चेल्सी को मुकाबले के 48वें मिनट बढ़त दिलाई।

यहां से आर्सेनल ने तेज खेल दिखाया और मुकाबले के 59वें मिनट में मिकेल मेरिनो ने गोल दागते हुए टीम को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। यह मुकाबले का अंतिम गोल साबित हुआ। आर्सेनल इस समय प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर है। इस टीम के पास 30 प्वाइंट्स हैं। वहीं, चेल्सी ने 24 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर कब्जा जमा रखा है।

एक अन्य मुकाबले के दूसरे हाफ में शानदार वापसी करते हुए मैनचेस्टर यूनाइटेड ने क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की। जीन-फिलिप माटेटा ने पहले हाफ में दो बार पेनल्टी लेकर पैलेस को लीड दिलाई। मुकाबले के 36वें मिनट में क्रिस्टल पैलेस ने 1-0 से बढ़त हासिल कर ली। मुकाबले के 54वें मिनट में जोशुआ जिर्कजी ने गोल दागते हुए मैनचेस्टर यूनाइटेड को मुकाबले में बराबरी पर ला दिया और नौ मिनट के अंदर मैनचेस्टर ने बढ़त भी हासिल कर ली। मेसन माउंट ने 63वें मिनट में



विजयी गोल दागा। फिलहाल, मैनचेस्टर यूनाइटेड 21 प्वाइंट्स के साथ सातवें पायदान पर मौजूद है, जबकि क्रिस्टल पैलेस 20 अंकों के साथ नौवें स्थान पर है। लिवरपूल ने वेस्ट हैम पर 2-0 से जीत हासिल करते हुए 8वां स्थान हासिल किया। इस टीम के पास 21 अंक हैं। कोच आर्ने स्लॉट ने अपने कार्यकाल में पहली बार किसी लीग मैच में मोहम्मद सालाह को बेंच पर बैठाया। अलेक्जेंडर इसाक ने मुकाबले के 60वें मिनट में गोल करते हुए लिवरपूल को मुकाबले में 1-0 से आगे कर दिया था। मुकाबले के 84वें मिनट में लुकास पाक्वेटा को रेड कार्ड दिखाया गया। कोडी गैकपो ने स्टॉपेज टाइम में गोल दागकर आखिरकार लिवरपूल को 2-0 से आगे कर दिया।

त्रीसा-गायत्री लगातार दूसरी बार चैंपियन

श्रीकांत के हाथ लगी निराशा



लखनऊ, एजेंसी। त्रीसा जोली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरी बार महिला युगल का खिताब अपने नाम किया, जबकि किदांबी श्रीकांत का आठ साल से चली आ रही खिताबी प्यास बुझने से चूक गई। लखनऊ में खेले गए सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत को खुशी और दर्द दोनों की झलक मिली। त्रीसा जोली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरी बार महिला युगल का खिताब अपने नाम किया।

श्रीकांत की दिल तोड़ने वाली हार- 2017 के फ्रेंच ओपन के बाद से कोई खिताब नहीं जीत पाए किदांबी श्रीकांत फाइनल में जीत के बेहद करीब थे, लेकिन हांगकांग के विश्व नंबर 59 जेसन गुनावन ने 67 मिनट के रोमांचक मुकाबले में उन्हें 16-21, 21-8, 20-22 से हराकर उनकी उम्मीदें तोड़ दीं।

RCB के होम ग्राउंड पर लगा ताला, सुरक्षा क्लीयरेंस के बिना नहीं होगा कोई मैच



नई दिल्ली, एजेंसी। बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल 2026 मैचों का आयोजन अब संदेह के घेरे में है। राज्य सरकार ने स्टेडियम की संरचनात्मक सुरक्षा की विस्तृत जांच अनिवार्य कर दी है। यह फैसला इसी साल जून में हुए दर्दनाक भगदड़ हादसे के बाद लिया गया है।

सुरक्षा रिपोर्ट जमा करना अनिवार्य- लोक निर्माण विभाग ने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ को नोटिस जारी कर कहा है कि स्टेडियम की विस्तृत और प्रमाणित सुरक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। यह रिपोर्ट प्रमाणित विशेषज्ञों द्वारा तैयार की जानी चाहिए, ताकि तकनीकी मानकों का सही आकलन किया जा सके। 17 एकड़ भूमि पर बने इस स्टेडियम को दर्शक दीर्घाओं सहित पूरे ढांचे की मजबूती साबित करनी होगी। सरकार ने साफ किया है कि स्वतंत्र जांच के बाद ही आईपीएल मैचों की मंजूरी दी जाएगी।

स्टाम्पीड के बाद से चिन्नास्वामी में मैच बंद- जून में हुए भीषण हादसे में 11 लोगों की मौत और करीब 50 लोग घायल हो गए थे। यह दुर्घटना आरसीबी की पहली आईपीएल खिताबी जीत के बाद आयोजित सम्मान समारोह के दौरान हुई थी। इसके बाद जस्टिस जॉन माइकल डी'कुन्हा की अगुवाई वाली स्वतंत्र समिति ने स्टेडियम को बड़े आयोजनों के लिए 'असुरक्षित' घोषित किया था। समिति ने चेतावनी दी थी कि यहां बड़े कार्यक्रम कराना भीड़ नियंत्रण और आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिहाज़ से 'अस्वीकार्य जोखिम' पैदा करता है।

संक्षिप्त समाचार

फ्लाईओवर की रेलिंग तोड़ कार गिरी, पिता की मौत



नई दिल्ली, एजेंसी। गाजियाबाद में तेज रफ्तार कार सिहानी गेट थाने के सामने फ्लाईओवर की रेलिंग तोड़कर पीडब्ल्यूडी कार्यालय परिसर में जा गिरी। हादसे में पिता की मौत हो गई, जबकि कार चला रहा बेटा गंभीर रूप से घायल हुआ। पुलिस का कहना है कि नींद की झपकी हादसे की प्रमुख वजह प्रतीत हो रही है। सोमवार तड़के करीब साढे तीन बजे अचानक आई तेज आवाज से आसपास के लोग चौंक गए। पुलिस के अनुसार कार तेज रफ्तार में थी और सिहानी गेट थाने के सामने फ्लाईओवर पर अचानक अनियंत्रित हो गई। कार लोहे की रेलिंग तोड़ते हुए करीब 50 फीट नीचे पीडब्ल्यूडी कार्यालय परिसर में जा गिरी। जोरदार टक्कर के कारण कार बुरी तरह चकनाचूर हो गई। पुलिस के मुताबिक कार में संजय नगर सेक्टर-23 के जागृति विहार निवासी प्रिंस और उनके पिता राकेश सवार थे। कार को प्रिंस चला रहा था। हादसे के तुरंत बाद पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को गंभीर हालत में यशोदा अस्पताल भेजा गया। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय ने बताया कि इलाज के दौरान राकेश ने दम तोड़ दिया, जबकि बेटा प्रिंस फिलहाल खतरे से बाहर है। एसीपी का कहना है कि कार चालक को अचानक नींद की झपकी आने से हादसा होने का अंदेशा है।

एक चाह जिसके लिए आतंकी नेटवर्क में शामिल हुई डॉ. शाहीन!



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली बम धमाके के मामले में गिरफ्तार की गई अल-फलाह यूनिवर्सिटी की डॉक्टर शाहीन सईद विदेश में बसने की चाहत थी। बताया जा रहा है कि इसी वजह से वह आतंकी नेटवर्क में शामिल हो गई थी। बम धमाका होने से पहले वह वीजा बनवाकर देश से भागने की तैयारी में थी। डॉक्टर शाहीन सईद अपने पूर्व पति के साथ रहने के दौरान ही विदेश में बसने के सपने ले रही थी। उसे विदेश की शान-शौकत ज्यादा आकर्षित कर रही थी। इस वजह से वह विदेश जाने की जुगत में लगी हुई थी। पहले पति से तलाक और मुजम्मिल के साथ शादी के पीछे भी मुख्य वजह यही बताई जा रही है। इसी चाहत ने उसे आतंकी नेटवर्क के करीब पहुंचा दिया। दिल्ली धमाके से सात दिन पहले उसने पासपोर्ट का सत्यापन करवाने के लिए आवेदन कर दिया था, लेकिन पुलिस संबधित रिपोर्ट को जमा नहीं करा पाई थी। इस वजह से वह देश से बाहर नहीं जा सकी थी। सूत्रों का कहना है कि डॉ.मुजम्मिल अहमद और उसके नेटवर्क के बाकी डॉक्टर को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी थी। इस वजह से उसे डर था कि अब पुलिस उसे भी गिरफ्तार करेगी। वहीं डॉक्टर उमर भी भूमिगत हो गया था। इस वजह से वह भी पूर्व योजना के तहत देश से भागने की तैयारी में थी। सूत्रों का कहना है कि बीते गुरुवार को एनआईए(नेशनल इंवेस्टीगेशन टीम) की टीम उसे धौज गांव स्थित अल-फलहा यूनिवर्सिटी लेकर आई थी तो उसके लॉकर की जांच की गई थी। इस दौरान अरब देशों की मुद्रा भी मिली थी। वहीं, सोने के आभूषण भी बरामद किए गए थे। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि वह अरब देशों में भागने की फिराक में थी।

चेसिस नंबर बदला और बेच दी; दिल्ली में लग्जरी गाड़ियां चुराने वाले पकड़े गए

नई दिल्ली, एजेंसी। पश्चिमी दिल्ली जिला पुलिस की एएटीएस टीम ने दिल्ली से लग्जरी गाड़ी चोरी कर उनके नम्बर बदलकर राजस्थान हरियाणा में बेचने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों अनीस अहमद और सुनील की निशानदेही पर पुलिस ने दो गाड़ी बरामद की है। सुनील उर्फ बंटी गाड़ी चोरी करता था और अनीस अहमद को दे दिया करता था। जो उनके चेसिस और नम्बर बदलकर आगे बेच दिया करता था। अनीस अहमद ढिचाऊं कला गांव में अपना वर्कशॉप चलाता है। फिलहाल पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एएटीएस टीम के एसआई गजेंद्र माथुर को सूचना मिली थी कि चोरी की गाड़ी बेचने के लिए गुरुग्राम सेक्टर 26 में डिलिंग होने वाली है। सूचना को पुख्ता करने के बाद इंस्पेक्टर मुकेश कुमार मीणा की टीम ने 29 नवम्बर को पुलिस ने सुनील उर्फ बंटी को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान सुनील ने बताया कि उसने गत दिनों विकासपुरी और बेगमपुर से दो वाहन चोरी कर अनीस को दिए थे। अनीस चोरी के वाहनों को नया करने और पुनर्विक्रय करने का काम करता है। इन गाड़ियों को न्यू फ्रेंड्स ऑटोमोबाइल्स, दिचाऊं रोड, शिव एन्क्लेव स्थित अनीस की वर्कशॉप में तैयार किया जाता था और उसके बाद उन्हें राजस्थान और हरियाणा में बेच दिया जाता था।पुलिस ने वर्कशॉप पर छापा मार कर अनीस को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर हुंडई क्रेटा और मारुति स्विफ्ट डिजायर बरामद की। सामने आया कि गाड़ी चोरी सुनील करता था, वह रेजिडेंशियल कॉलोनियों और पब्लिक पार्किंग में खड़ी गाड़ितयों को निशाना बनाता था।

नमो भारत स्टेशन, बहुमंजिला पार्किंग

नई दिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली-जयपुर हाईवे स्थित राजीव चौक पर नमो भारत ट्रेन के भूमिगत स्टेशन, बस अड्डे के अलावा बहुमंजिला पार्किंग का निर्माण होगा। इसकी एकीकृत योजना तैयार करने के दिशा-निर्देश जिला उपायुक्त अजय कुमार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) को जारी किए हैं।एनसीआरटीसी की दिल्ली के सराय रोहिल्ला से लेकर गुरुग्राम होते हुए रेवाड़ी के बावल तक नमो भारत ट्रेन चलाने की योजना है। केंद्र सरकार ने इस योजना को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस योजना के तहत राजीव चौक पर भूमिगत स्टेशन तैयार होना है। इसको लेकर एनसीआरटीसी ने परिवहन विभाग से पांच एकड़ जमीन देने का आग्रह किया था। इस बीच गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने इस जमीन पर बस अड्डा तैयार करने की योजना बना डाली। इसको लेकर फैसला हुआ था कि नमो भारत ट्रेन का स्टेशन भूमिगत होगा, जबकि इसके ऊपर सिटी बस का अड्डा तैयार होगा।

कुछ दिन पहले जिला उपायुक्त अजय कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। इसमें एनसीआरटीसी से मुख्य परियोजना प्रबंधक केके गुप्ता के अलावा परियोजना समन्वयक केसी शर्मा मौजूद रहे। जिला



उपायुक्त ने निर्देश जारी किए हैं कि मिनी सचिवालय के सामने 15.2 एकड़ जमीन है। एकीकृत योजना के तहत एनसीआरटीसी इस पूरी जमीन का डिजाइन तैयार करें।

इस जमीन में नमो भारत का स्टेशन, बस अड्डा, बहुमंजिला पार्किंग, पार्क, रेस्तरां, दुकानों का निर्माण, ऑटो रिक्शा की पार्किंग का बंदोबस्त किया जाए। यह सारी सुविधाएं एकसाथ होने के कारण लोगों को राहत मिलेगी। नमो भारत स्टेशन या बस अड्डा पर आने के दौरान उन्हें वाहनों को खड़ा करने की असुविधा नहीं होगी। मिनी सचिवालय में किसी कार्यवश अपने वाहन के साथ आने वाले लोगों को भी मल्टीलेवल पार्किंग बनने के बाद किसी तरह की असुविधाओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। मौजूदा समय में लोगों को वाहनों को खड़ा करने में दिक्कत होती है। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त वत्सल वशिष्ठ, एसडीएम परमजीत चहल, बीएसएनएल के मुख्य प्रबंधक सुरेश, हरियाणा रोडवेज की यातायात प्रबंधक रीतू शर्मा, पीडब्ल्यूडी बीएंडआर के कार्यकारी अभियंता चरणदीप राणा, कृषित विभाग से वास्तुकार अभिलाश आदि मौजूद थे।

नमो भारत रूट के लिए 3518 पेड़ कटेंगे- नमो भारत ट्रेन के डीएलएफ साइबर सिटी से लेकर राजीव चौक तक संचालन में 3518 पेड़ों को काटा जाएगा। वन विभाग ने इन पेड़ों की कटाई को लेकर गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) की पर्यावरण शाखा को मंजूरी प्रदान कर दी है। बता दें कि एनसीआरटीसी की तरफ से डीएलएफ साइबर सिटी से लेकर राजीव चौक तक एलिवेटिड ट्रैक बनाया जाएगा। राजीव चौक की यह जमीन परिवहन विभाग और कृषि विभाग की है। दो साल से जीएमडीए पांच एकड़ जमीन को बस अड्डा तैयार करने के लिए परिवहन विभाग से मांग रहा है, लेकिन यह जमीन नहीं सौंपी जा रही। तीन महीने पहले नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अपूर्व कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई थी।


दिल्ली तिगड़ी अग्निकांड: 2 मृतकों की पहचान नहीं; कारण भी अबूझ

● फोरेंसिक टीम ने नमूने लिए

नई दिल्ली, एजेंसी। दक्षिण दिल्ली के तिगड़ी एक्सटेंशन में चार मंजिला इमारत में एक दिन पहले लगी भीषण आग में मारे गए 4 लोगों में से 2 की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। एक अधिकारी ने बताया कि वे आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए अभी भी सुराग तलाश रहे हैं।

घनी आबादी वाले इलाके में स्थित इस इमारत के भूतल पर स्थित एक जूते की दुकान में शनिवार शाम करीब 6:24 बजे आग लग गई। इस घटना में 4 लोगों की मौत हो गई। इनमें से दो की पहचान 38 साल के बिल्डिंग मालिक सतेंद्र उर्फ ??जिमी और उनकी 40 साल की बहन अनीता के रूप में हुई है। मृतकों में अन्य दो पुरुष हैं। माना जा रहा है कि वे दुकान पर मौजूद ग्राहक थे। हालांकि उनकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। 40 साल की एक अन्य महिला ममता 25 प्रतिशत तक जल गई हैं और उनका इलाज चल रहा है।

जांचकर्ताओं के अनुसार, परिवार के



सदस्यों का अनुमान है कि आग दुकान के अंदर रखे एक पुराने रेफ्रिजरेटर से लगी होगी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि शुरुआती जांच से पता चला है कि परिसर में बड़ी मात्रा में रखे चमड़े और प्लास्टिक के जूतों ने आग में घी का काम किया। आग तेजी से पूरी बिल्डिंग में फैल गई।

रविवार को क्राइम और फोरेंसिक टीमों ने सीलबंद इमारत के अंदर कई घंटे बिताए। टीम ने जले हुए तारों, पिघले हुए उपकरणों और जूतों के अवशेषों के नमूने एकत्र किए। जिस गली में इमारत स्थित है, उसे सुरक्षा के लिए दोनों तरफ से बैरिकेडिंग कर दी गई है। अधिकारी ने कहा कि फोरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार है। बिजली की खराबी सहित सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। मूलरूप से उत्तर प्रदेश के एटा के रहने वाले मृतकों के परिवार लगभग तीन दशकों से तिगडी एक्सटेंशन में रह रहे थे। परिवार ने एक पड़ोसी के घर में शरण ली है क्योंकि इमारत को असुरक्षित घोषित कर दिया गया है।

अधिकारी ने कहा कि शेष दो मृतकों की पहचान करने के लिए पुलिस को आस-पड़ोस में गुमशुदगी की रिपोर्ट की जांच करने का निर्देश दिया गया है।

शशि थरूर ने बढ़ा दी कांग्रेस की टेंशन?

अहम बैठक में फिर नहीं पहुंचे

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर बीते कुछ समय से कांग्रेस से किनारा कसते नजर आ रहे हैं। वहीं वह कई बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मोदी सरकार के फैसलों की तारीफ कर चुके हैं। हाल ही में एसआईआर के विरोध में रणनीत बनाने के लिए बुलाई गई कांग्रेस की मीटिंग में भी शशि थरूर शामिल नहीं हुए। इसके लिए उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया था। वहीं अब संसद के शीतकालीन सत्र की रणनीति को लेकर हुई बैठक में भी वह गैरहाजिर रहे। अब सवाल यह है कि एक दिन पहले ही वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में हाजिर थे। वहीं एक दिन बाद ही कांग्रेस की बैठक से किनारा कर गए। शशि थरूर ने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते हुए इन्स्टाग्राम पर पोस्ट भी किया था। पीएम मोदी की तारीफ को लेकर कांग्रेस के अन्य नेताओं ने उन्हें निशाने पर भी लिया था। थरूर ने सफाई देते हुए बताया कि वह केरल में थे। वह 90 वर्षीय मां के साथ थे और इसलिए बैठक में शामिल नहीं हो सके। इस बैठख में कांग्रेस के



महासचिव केसी वेणुगोपाल भी शामिल नहीं हो पाए थे। वह स्थानीय चुनाव प्रचार में व्यस्त थे। कांग्रेस नेता ने कहा कि असल समस्या यह है कि वह देश को ठीक से समझते ही नहीं हैं। उन्हें यही लगता है कि बीजेपी की नीतियां बहुत अच्छी हैं। अगर ऐसा ही है तो वह कांग्रेस में क्यों हैं? वह दोहरा रवैया अपना रहे हैं। कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि प्रधानमंत्री के भाषण में कोई प्रशंसा करने वाली बात नहीं थी इसके बाद भी शशि थरूर को अच्छी लगी।

ऑस्ट्रियन इंफ्लूएंसर की हत्या

एक्स ने शव को सूटकेस में भरकर जंगल में फेंका; कबूल किया जुर्म

स्लोवेनिया , एजेंसी। ऑस्ट्रिया की एक जानी मानी हस्ती पिछले काफी दिनों से लापता थी। परिजनों की शिकायत पर जब पुलिस ने छानबीन शुरू की, तो उसकी लाश स्लोवेनिया के जंगलों में सूटकेस के अंदर मिली। इस घटना से पूरे यूरोप में सनसनी फैल गई है।

लाश की पहचान ऑस्ट्रिया की मशहूर इंफ्लूएंसर स्टेफनी पीपर के रूप में हुई है। 31 वर्षीय स्टेफनी की मौत से उनके फैंस को भी गहरा धक्का लगा है। इस हत्याकांड को स्टेफनी के पूर्व प्रेमी ने अंजाम दिया।



घर से हुई थी लापता: पुलिस के अनुसार, 23 नवंबर को एक पार्टी से घर लौटने के बाद स्टेफनी अचानक गायब हो गईं थीं। 23 नवंबर की रात स्टेफनी ने अपनी एक दोस्त को मैसेज करते हुए बताया था कि वो सुरक्षित घर पहुंच चुकी हैं। इसके कुछ देर बाद ही स्टेफनी ने दूसरा मैसेज किया कि शायद उनके घर की सीढ़ियों में कोई छिपा है। स्टेफनी के पड़ोसियों ने बताया कि देर रात उनके घर से लड़ाई-झगड़े की आवाज आ रही थी। लोगों ने स्टेफनी के पूर्व प्रेमी को भी बिल्डिंग में देखा था। स्टेफनी के परिजन भी लाख कोशिशों के बाद उन तक नहीं पहुंच पा रहे थे। पुलिस ने जब स्टेफनी के पूर्व प्रेमी की तलाश शुरू की, तो उसे स्लोवानिया में एक जलती हुई कार के पास से पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, कई बार ऑस्ट्रिया से स्लोवानिया जाने के कारण 24 नवंबर को उसकी कार में आग लग गई। यह कार ऑस्ट्रिया और स्लोवानिया की सीमा पर मौजूद एक कैसीनो की पार्किंग में खड़ी थी। पुलिस ने जब आरोपी को पकड़कर पूछताछ शुरू की, तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। उसने पुलिस को बताया कि स्टीफेन की हत्या करने के बाद उनके शव को सूटकेस में भरकर स्लोवेन फॉरेस्ट में फेंक दिया है। पुलिस ने आरोपी के 2 अन्य संबंधियों को भी हिरासत में लिया है।

रूबेन्स की खोई कृति ने मचाया धमाल

ईसा मसीह की दुर्लभ पेंटिंग रिकॉर्ड कीमत पर नीलाम!

रूबेन्स , एजेंसी। बारोक काल के महान चित्रकार पीटर पॉल रूबेन्स की एक लंबे समय से खोई हुई पेंटिंग रविवार को वर्सलीज में हुई नीलामी में 27 लाख डॉलर में बिकी। यह पेंटिंग चार सदी से अधिक समय बाद हाल में पेरिस के एक निजी टाउनहाउस में मिली थी। इसमें ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाए जाने का दृश्य दर्शाया गया है। संग्रह का हिस्सा थी और शुरू में यह माना जा रहा था कि यह उस समय मौजूद रूबेन्स की कई कार्यशालाओं में से किसी एक में बनाई गई कृति है। नीलामीकर्ता जीन-पियरे ओसेना ने बताया, ''मुझे इस पेंटिंग को देखकर तुरंत एक एहसास हुआ और मैंने इसे प्रमाणित करवाने के लिए हर संभव प्रयास किया और अंत में हम इसे एंटवर्प स्थित रूबेन्स समिति 'रुबेनियानम से प्रमाणित करवाने में सफल हुए। रूबेन्स पर शोध के लिए प्रसिद्ध विशेषज्ञ निल्स ब्यूट्नर ने नीलामी से पहले बताया कि मशहूर कलाकार ने सूली पर चढ़ाए



जाने के दृश्य अक्सर चित्रित किए लेकिन ''उन्होंने बहुत कम अवसरों पर सूली पर मृत अवस्था में ईसा मसीह को दर्शाया। उन्होंने कहा, ''यह एकमात्र ऐसी पेंटिंग है जिसमें ईसा मसीह के पार्श्व-घाव से रक्त और पानी बहते हुए दिखाया गया है और रूबेन्स ने इसे सिर्फ एक बार बनाया था। ओसेना नीलामी हाउस ने बताया कि वैज्ञानिक विश्लेषण के बाद इस पेंटिंग की प्रामाणिकता और उत्पत्ति की पुष्टि की गई। कला विशेषज्ञ एरिक टुर्किन ने कहा कि यह पेंटिंग 1600 के शुरुआती दशक में लगभग गायब हो गई थी। ऐसी जानकारी है कि 19वीं सदी के फ्रांसीसी क्लासिक चित्रकार विलियम ब्रुगुएरो के पास यह पेंटिंग थी, जिसके बाद यह परिवार के पास पीढ़ियों तक रही।

दिल्ली की हवा में लगातार सुधार, 8 साल में एक्यूआई सबसे बेहतर

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली-एनसीआर में इस साल वायु गुणवत्ता में लगातार सुधार देखने को मिला है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी से नवंबर 2025 के बीच दिल्ली का औसत एक्यूआई 187 रहा, जो पिछले आठ साल में (कोविड-19 लॉकडाउन वाले 2020 को छोड़कर) सबसे कम है। पिछले वर्षों में यही औसत एक्यूआई 201 (2024), 190 (2023), 199 (2022), 197 (2021), 203 (2019) और 213 (2018) था। इससे साफ है कि हवा की स्थिति धीरे-धीरे सुधर रही है। वहीं, आप दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया है कि सरकार ने जानबूझकर एक्यूआई डेटा में हेरफेर की, कई बार 500-700 के एक्यूआई को 300-400 दिखाया ताकि ग्राप-3 के तहत लगने वाली पाबंदियों से बचा जा सके और निर्माण कार्य भी प्रतिबंध के बावजूद जारी रहने दिया गया। रिपोर्ट के मुताबिक 2025 में अब तक सिर्फ तीन दिन ऐसे रहे जब दिल्ली का एक्यूआई 400 के पार यानी सीवियर श्रेणी में पहुंचा, जबकि 2024 में ऐसे 11 दिन, 2023 में 12 दिन और 2021 में 17 दिन दर्ज किए गए थे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस साल अब तक एक भी दिन एक्यूआई 450 से ऊपर (सीवियर+) नहीं गया, जो पिछले वर्षों में आम बात थी।

फांसी व 21 साल कैद बाद अब कोर्ट ने सुनाई नई सजा

शेख हसीना को एक और कानूनी झटका

ढाका, एजेंसी।
बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और अवामी लीग प्रमुख शेख हसीना को सोमवार को ढाका की एक विशेष अदालत से बड़ा कानूनी झटका लगा है। अदालत ने पुरबचल न्यू टाउन प्रोजेक्ट में प्लॉट आवंटन में अनियमितताओं से जुड़े बहुचर्चित जमीन घोटाला मामले में उन्हें दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। इससे पहले इस साल (2025) ही अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने हसीना को क्राइम्स एगेन्स्ट ह्यूमैनिटी (2024 छात्र-आन्दोलन खूनखराबे) के लिए फांसी सुनाई थी। और इसके कुछ दिन बाद ही ढाका कोर्ट विशेष न्यायाधीश न्यायालय-5 ने हाल ही मेंशेख हसीना को तीन भ्रष्टाचार-मामलों में 21 साल की जेल की सजा सुनाई है।जमीन घोटाला मामले में अदालत ने कुल तीन लोगों को दोषी करार दिया है । शेख हसीना (पूर्व प्रधानमंत्री), शेख रेहाना (हसीना की बहन),तुलिप रिजवाना सिद्दीक (शेख रेहाना की बेटी व ब्रिटिश सांसद)। ये तीनों राजुक द्वारा किए गए प्लॉट आवंटन में कथित अनियमितताओं के मामले में दोषी पाए गए। विभिन्न आर्थिक और प्रशासनिक अनियमितताओं के मामले चल रहे हैं। अब एक और मामले में दोषी ठहराया जाना उनकी राजनीतिक और कानूनी स्थिति



को कमजोर करता है। ब्रिटेन में लेबर पार्टी की सांसद हैं का नाम इस फैसले में शामिल होने से यह मामला अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में आ गया है। ब्रिटेन की राजनीति और मीडिया में भी इस पर चर्चा शुरू हो चुकी है। अवामी लीग के नेताओं ने इस फैसले को राजनीतिक प्रतिशोध बताया है। उनका कहना है कि विपक्षी सरकार हसीना परिवार को कमजोर करने की कोशिश कर रही है।मामले के जानकारों के अनुसार हसीना की कानूनी टीम उच्च अदालत में अपील दाखिल करेगी। अगर सजा बरकरार रहती है तो हसीना और उनका परिवार लंबे समय तक राजनीतिक संकट में रह सकता है।

क्या है पूरा मामला?

यह मामला पुरबचल न्यू टाउन प्रोजेक्ट से संबंधित है, जो ढाका के पास राजुक द्वारा विकसित एक बड़ा आवासीय प्रोजेक्ट है। आरोप था कि हसीना और उनके परिवार ने अपने प्रभाव का उपयोग करके इस हाई-प्रोफाइल प्रोजेक्ट में प्लॉट अवैध तरीके से हासिल किए। मामला कई सालों से जांच में था, और हाल ही में गवाही व दस्तावेजों की जांच पूरी होने के बाद अदालत ने फैसला सुनाया। ढाका की विशेष अदालत ने सोमवार को फैसला सुनाया और तीनों आरोपियों को दोषी ठहराया गया। अदालत ने कारावास की सजा सुनाई, जिसकी अवधि को लेकर आधिकारिक बयान विस्तृत रूप से सार्वजनिक होना बाकी है । हसीना पहले से ही कई कानूनी चुनौतियों का सामना कर रही हैं।

भारत से हसीना के प्रत्यर्पण की उम्मीद, नहीं प्रभावित होंगे संबंध: विदेश सलाहकार हुसैन

ढाका, एजेंसी। बांग्लादेश ने रविवार को कहा कि वह भारत से अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की उम्मीद करता है। लेकिन इस मुद्दे को नई दिल्ली के साथ द्विपक्षीय संबंधों में बाधा नहीं बनने देगा। ढाका में अंतरिम सरकार के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने मीडिया कर्मियों से बातचीत के दौरान यह बात कही। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत हसीना को प्रत्यर्पित किए बिना बेहतर संबंधों की उम्मीद की जा सकती है तो हुसैन ने कहा, मुझे लगता है कि हमारे (द्विपक्षीय) संबंध केवल एक मुद्दे पर अटके नहीं रहेंगे। हालांकि हुसैन ने कहा कि चूंकि हसीना अब एक घोषित अपराधी हैं, बांग्लादेश उनके जल्द से जल्द भारत से प्रत्यर्पण की उम्मीद करता है। हसीना के खिलाफ पिछले साल छात्रों के नेतृत्व में हिंसक प्रदर्शन हुआ था। जिस दौरान कई प्रदर्शनकारी मारे गए थे। कई पुलिसकर्मी घायल हुए थे। पांच अगस्त 2024 को उनकी सरकार का पतन हो गया। इसके बाद हसीना ने भागकर भारत में शरण ली। इस साल 17 नवंबर को एक विशेष न्यायाधिकरण ने गैरहाजिर होने पर पूर्व प्रधानमंत्री को मृत्युंद की सजा सुनाई गई। इससे पहले बांग्लादेश की एक अदालत ने उन्हें भगोड़ा घोषित किया था। ढाका में मोहम्मद यूनुस नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के तहत भारत के साथ संबंधों के बारे में एक अन्य सवाल के जवाब में हुसैन ने कहा, भारत को नई वास्तविकताओं के साथ तालमेलन होने के लिए कुछ समय चाहिए। हालांकि सलाहकार ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि दोनों देशों के बीच बेहतर संबंध देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा, हम भारत के साथ बेहतर संबंध रखना चाहेंगे, जो दोनों पक्षों के हितों पर आधारित हों। पहले की गई मांग पर कोई जवाब नहीं दिया। लेकिन ढाका अब नई दिल्ली से जवाब की उम्मीद करता है।

बैंकों की लापरवाही पर उपायुक्त ने जताई नाराजगी

सीडी रेशियो सुधारने का दिया अल्टीमेटम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। जिले में बैंकिंग गतिविधियों की धीमी गति और सरकारी योजनाओं के लक्ष्य पूरे नहीं होने पर सोमवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने समाहरणालय सभागार में आयोजित सितंबर तिमाही की डीसीसी/डीएलआरसी बैठक में कड़ा रुख अपनाते हुए सभी बैंक प्रतिनिधियों को डांट लगाई। बैठक में निर्धारित 12 बिंदुओं की क्रमवार गहन समीक्षा की गई।

बैठक के मुख्य समीक्षा बिंदु रहे- एटीआर (जून तिमाही), सीडीझरेसियो, वार्षिक ऋण योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), मुद्रा, एसएचजीझमुद्रा, शिक्षा ऋण, अविकसित ग्रामीण केंद्र (यूआरसी) डेटा, पीएम-एफएमई, पीएमईजीपी, आरसेटीआई ऋण-संबद्धता और पीएम-स्वनिधि।

बैंकों की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी, उच्च अधिकारियों को पत्र भेजने का दिया निर्देश- बैठक की शुरूआत में ही उपायुक्त ने बैंकों की अनुपस्थिति और सुस्त रवैये पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि - बैठक में अनुपस्थित रहने वाले बैंकों के उच्च अधिकारियों को कारण बताओ पत्र जारी किया जाए। जिले में जमा राशि तो बढ़ रही है लेकिन प्रदर्शन बेहद कमजोर है - यह स्थिति स्वीकार्य नहीं है।

उन्होंने निर्देश दिया कि जिन बैंकों में भारी डिपॉजिट हैं, वे अपनी सीएसआर गतिविधियों का विस्तृत ब्योरा तत्काल उपलब्ध कराएं।

सीडी-रेटियो 50% से नीचे रहने पर तीखी चेतावनी- उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन बैंकों का सीडी रेसियो 50% से कम है, वे इसे तत्काल सुधारें। उन्होंने कहा कि सीडी-रेसियो किसी भी बैंक के वास्तविक कामकाज का दर्पण है। यह 50 प्रतिशत से नीचे नहीं रहना चाहिए। सुधार न करने पर कार्रवाई तय है। **केसीसी और मुद्रा पर विशेष अभियान, एक सप्ताह की समय-सीमा-** उन्होंने पशुपालन विभाग (डीएओ) और जेएसएलपीएस को एक सप्ताह का विशेष केसीसी एवं मुद्रा अभियान चलाने का निर्देश दिया।

प्राथमिकता क्षेत्र पर सख़्त रुख : ढिलाई बर्दाश्त नहीं- उपायुक्त ने प्राथमिकता क्षेत्र ऋण पर कहा कि जितना डिपॉज़िट है, उसके अनुपात में प्राथमिकता क्षेत्र में ऋण दिया जा रहा है या नहीं - यह स्पष्ट होना चाहिए। सभी बैंकों का डेटा विश्लेषण कर रिपोर्ट तैयार की जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

नाबार्ड के 5000 आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई का आदेश- डीडीएम नाबार्ड ने बताया कि 5,000 आवेदन संकलित कर बैंकों को सौंप दिए गए हैं। इस पर उपायुक्त ने निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर सभी आवेदनों पर निष्पादन करें। किसी बैंक को कठिनाई हो तो तुरंत बताएं, बाद में बहाने स्वीकार नहीं होंगे।

शिक्षा ऋण पर जोर : बोकारो को बताया एडुकेशन हब- उपायुक्त ने शिक्षा ऋण की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि बोकारो एक प्रमुख शिक्षा केंद्र है। यहां शिक्षा ऋण की अपार संभावनाएं हैं। बैंक शिक्षा ऋण में देर करें या टालमटोल करें यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बैठक के अंत में उपायुक्त ने सभी बैंक प्रतिनिधियों से कहा कि समयबद्धता, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व बनाए रखें। लक्ष्यों की प्राप्ति में बाधा डालने वाले किसी भी बैंक या अधिकारी पर कड़ाई से कार्रवाई की जाएगी।

मां-बेटे ने मिलकर की मार्बल मिस्त्री की हत्या, गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। चिराचास थाना क्षेत्र के शांति नगर स्थित एक घर में काम करने गए 35 वर्षीय मार्बल मिस्त्री पंकज महतो की घर के मालिक हर्ष कर्मकार एवं उसकी मां मीनू कर्मकार के द्वारा हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने साक्ष्य को छुपाने के उद्देश्य से शव धनबाद जिले के झरिया थाना क्षेत्र में ल फेंक दिया था। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने हत्या कर शव छुपाने का जुर्म स्वीकार किया है।

झरिया पुलिस ने शव बरामद कर लिया है। हत्या की जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजनों ने आरोपियों के घर पहुंच कर बवाल काटा एवं माँ और पुत्र की पुलिस के सामने ही पिटाई कर दी।

मौके पर मौजूद पुलिस ने दोनों को भीड़ से छुड़ाकर थाने ले गई।

जानकारी के मुताबिक पंकज पूर्व से ही उक्त घर में मार्बल लगाने का काम कर रहा था। कल भी कुछ काम करने के लिए घर में गया था। लेकिन वह शाम को अपने घर नहीं लौटा। परिजनों के मुताबिक उसका मोबाइल बंद मिल रहा था। आज सुबह आरोपी हर्ष कर्मकार बाइक जैकेट लेकर मार्बल मिस्त्री के घर पहुंचा और शाम से गायब होने की बात कही। आरोपी ने मिस्त्री के गायब होने की लिखित सूचना भी चिराचास थाने में जाकर सुबह देने का काम किया था। पुलिस जब आज आरोपी के घर पहुंची तो उसके कार में खून का निशान पाया गया एवं गाड़ी के मैट को जलाने का भी सबूत मिला। हत्या की वजह क्या है अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

उत्पाद विभाग की छापेमारी में किराना दुकान मिली अवैध शराब



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। मुख्यालय रांची के अधीक्षक, उत्पाद ईआइबी, रांची के नेतृत्व में बोकारो जिले के कसमार थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कम्पोजिट शराब दुकान बहादुरपुर, कसमार रोड कसमार एवं खैराछात्तर में औचक निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने बताया कि निरीक्षण प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद संबंधित दुकानों पर आवश्यक आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अधीक्षक, उत्पाद ईआइबी रांची के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद विभाग की टीम ने पिरगुल और सिमपुर में प्राप्त शिकायतों के आधार पर छापामारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान पिरगुल में किसी भी प्रकार की अवैध शराब नहीं मिली। वहीं सिमपुर में एक किराना दुकान और उससे सटे घर में छापामारी करने पर विभिन्न ब्रांड की अवैध शराब बरामद की गई। बरामद विदेशी शराब पर लगे होलोग्राम प्रथम दृष्ट्या नकली या अवैध प्रतीत हो रहे हैं। इसे देखते हुए विस्तृत जांच के आदेश दे दिए गए हैं। छापामारी के दौरान किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। जिला उत्पाद विभाग को संबंधित आरोपी के खिलाफ अभियोग दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

फंदे से लटक कर युवक ने की आत्महत्या

बोकारो। पिंडराजोरा थाना क्षेत्र के कमार्टांड जंगल मे आईटीआई कर रहे छात्र सुभाष कुमार मंडल ने फंदे से झूमकर आत्महत्या कर ली। युवक नारायणपुर गांव का रहने वाला था। कल शाम को घर से निकला था। लेकिन रात में वह घर नहीं लौटा। सुबह जंगल में फंदे से एक युवक शव पाए जाने की जानकारी पुलिस को ग्रामीणों ने दी। घर वाले मौके पर पहुंच कर शव की पहचान की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का कहना है कि वह शाम को घर से निकलता था लेकिन रात 8 बजे तक जरूर वापस आ जाता था। आत्महत्या उसने क्यों की यह अभी समझ में नहीं आ रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

डीएवी सेक्टर-4 फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित

बोकारो। डीएवी -4 विद्यालय में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 2 तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए रंगारंग फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और मंच अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर के लब्धप्रतिष्ठ विशिष्ट अतिथियों कुंदन कुमार सीजीएम (टी.ए डिपार्टमेंट, बीएसएल), शक्ति कुमार (डीडीएमओ,बोकारो), बीएस जायसवाल (वाइस प्रेसिडेंट, एलएमसी), अनुपाल सागर (प्रिंसिपल डीएवी इस्पात 8/बी) एवं ब्रह्मदेव (एलएमसी मेंबर) द्वारा दीप प्रज्वलन एवं डीएवी गान के साथ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य ने पुष्पगुच्छ देकर सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं शॉल मोमेंटो देकर विशिष्ट अतिथिवृंद को सम्मानित भी किया। विभिन्न परिधानों में सजे करीब 400 छोटे-छोटे प्रतिभागियों ने मंच पर आकर अपने अद्भुत अभिनय से सभी का मन मोह लिया। किसी बच्चे ने स्वतंत्रता सेनानी की भूमिका निभाई, तो किसी ने पशु-पक्षी, फल सब्जी, कार्टून कैरेक्टर, प्रसिद्ध लजीज व्यंजन, परी एवं पौराणिक कथाओं के पात्र और अंतरिक्षीय वंडर जैसे विषयों पर शानदार प्रस्तुति दी। बच्चों की मासूम अदाओं और आकर्षक वेशभूषा ने पूरे वातावरण को उत्साह और रंगों से भर दिया। श्री० सेहर बानो(प्रिंसिपल लाइंस नर्सरी स्कूल), मानसी (प्रिंसिपल रोटरी प्ले स्कूल) एवं मधुलिका (प्रिंसिपल किरण प्ले ग्रुप) ने निर्णायक की भूमिका में कार्यक्रम में अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

उपायुक्त ने किया एयरपोर्ट का निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। सोमवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने सोमवार शाम बोकारो एयरपोर्ट का निरीक्षण कर एयरपोर्ट परिसर की तैयारियों, सुरक्षा प्रबंधों एवं स्वच्छता व्यवस्था का विस्तार से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कई आवश्यक सुधारात्मक कदम तत्काल उठाने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने एयरपोर्ट परिसर में हाई मास्क लाइट के क्रय एवं शीघ्र अधिष्ठापन का निर्देश देते हुए कहा कि बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुरक्षा और संचालन दोनों के लिए आवश्यक है। उन्होंने संबंधित विभागों को इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी नहीं करने की चेतावनी दी।

उन्होंने परिसर के अंदर एवं आसपास की झाड़ियों की समयबद्ध साफ-सफाई सुनिश्चित करने के भी स्पष्ट निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि एयरपोर्ट क्षेत्र की स्वच्छता, दृश्यता और सुरक्षा मानकों को उच्च स्तर पर बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। इस संबंध में उन्होंने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआइ) तथा बीएसएल प्रबंधन को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई पूरी करने का आदेश* दिया।

निरीक्षण के दौरान एसी मो. मुमताज अंसारी, सिविल सर्जन डॉ ए बी प्रसाद, डीडीएमओ शक्ति कुमार, सीजीएम उन्नयन बीएसएल तथा एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के बोकारो प्रतिनिधि मौजूद थे।

उपायुक्त ने कहा कि बोकारो एयरपोर्ट को उत्कृष्ट सुविधाओं एवं सुरक्षित वातावरण के साथ विकसित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, और इसके लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

स्वदेशी अपना कर ही भारत होगा आत्म निर्भरः कुमार अमित

भाजपा कार्यकर्ताओं ने दुकानदारों को दिलाया स्वदेशी का संकल्प



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने कार्यकर्ताओं के साथ सिटी सेंटर स्थित हर्षवर्धन प्लाजा में दुकानदारों को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलवाया। इसके लिए अनेक दुकानदारों से भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के स्वदेशी संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर करवाया।

इस अवसर पर कुमार अमित ने दुकानदारों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत की अर्थव्यवस्था तीव्र गति से बढ़ रहा है। समाज अगर स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दे तो देश शीघ्र हीं 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ विश्व के विकसित राष्ट्र बन सकता है। दुकानदार ग्राहकों को अगर स्वदेशी वस्तुओं के प्रति प्रेरित और प्रोत्साहित करें तो लोगों में स्वदेशी वस्तुओं के उपभोग का चलन बढ़ेगा और देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि होगी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसके लिए दुकानदारों को पार्टी के आत्मनिर्भर भारत अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए मोदी सरकार के द्वारा जीएसटी में किए गए सुधारों से होने वाले फायदे की भी जानकारी दी। इस अवसर पर भाजपा बोकारो नगर मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता गोस्वामी, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष अशोक कुमार, युवा मोर्चा महामंत्री लालबाबू, मिथिलेश कुमार, अरूण सिंह, विकास सिंह, विपुल सिंह, गुंजन दास, रमेश गुप्ता, शशि प्रकाश आदि के अलावे अनेक दुकानदार और ग्राहक मौजूद थे।

बुजुर्ग दंपति की हत्या, पुलिस जांच में जुटी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता


बोकारो। हरला थाना क्षेत्र के बोकारो स्टील प्लांट गेट नंबर 3 के पास स्थित जोशी कॉलोनी में रविवार की देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहाँ एक बुजुर्ग दंपति की उनके ही घर में निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक महावीर साव और उनकी पत्नी कौशल्या देवी मूलतः चतरो चट्टी थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। जोशी कॉलोनी में दोनों चाय और राशन की दुकान चलाते थे, जबकि महावीर साव प्लांट में कैंटीन संचालन का भी कार्य करते थे।

स्थानीय लोगों के अनुसार, सोमवार सुबह जब उनकी चाय की दुकान हमेशा की तरह नहीं खुली, तो पड़ोसियों को संदेह हुआ। उन्होंने घर का दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। संदेह बढ़ने पर लोगों ने दरवाजा खोला और देखा कि दंपति खून से लथपथ मृत पड़े हुए थे। इसके बाद तुरंत घटना की सूचना हरला थाना पुलिस को दी गई।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को कब्जे में लिया और फोरेंसिक टीम को जांच के लिए बुलाया। प्रारंभिक जांच में लूटपाट जैसी कोई बात सामने नहीं आई है, जिससे अंदेशा है कि घटना किसी आपसी रंजिश या विवाद के कारण हुई हो सकती है।

सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने बताया कि हत्या का कारण स्पष्ट नहीं है, लेकिन वैज्ञानिक तरीके से जांच की जा रही है। उधर, मृतक दंपति के परिजनों ने आरोप लगाया है कि स्थानीय कुछ युवकों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। परिवार ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की है। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोग सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त कर रहे हैं। पुलिस हर संभव कोण से मामले की जांच कर रही है ताकि सच सामने आ सके।

पुलिस की सक्रियता से ट्रांसफार्मर नहीं ले जा सके चोर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

महुदा (धनबाद)। लोहापट्टी कोलयरी के कालोनी के समीप लगे 300 केवी का ट्रांसफार्मर को चोरों ने ले जाने का असफल प्रयास किया, परंतु पुलिस की सक्रियता के कारण चोरी होने से बच गया। पुलिस को देखते ही अपराधी फरार हो गए। घटना की सूचना बीसीसीएल प्रबंधन को दी गयी। इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि रात्री करीब 1 बजे दर्जनों की संख्या में आये चोर 300 केवी ट्रांसफार्मर को खोलने का प्रयास कर रहे थे। आवाज सुनकर कुछ ग्रामीण जाग गए और महुदा पुलिस को सूचना दी। महुदा मोड़ के समीप ही गश्ती दल खड़ी थी। थाना प्रभारी की सूचना मिलते ही पीसीआर वेन बीना देरी किये उक्त स्थल पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही अपराधी वहां से फरार हो गए। आसपास के ग्रामीण व पुलिस ने ट्रांसफार्मर के समीप जाकर देखा। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर का उपर वाला ढक्कन खोल दिया था। सिर्फ तेल को बहाकर क्वाइल को ले जाता। लेकिन पुलिस पहुंचने पर अपराधियों का प्रयास असफल हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि इसके पहले का ट्रांसफार्मर चोरी हो चुका है। अधिकारीयों से बात कर दो माह पहले ही लगाया गया है। यहां ग्रामीण रात्री में पहरा देता था। लेकिन ठंड बढ़ जाने के कारण कुछ दिन से बंद किया हुआ था। इस संबंध में थाना प्रभारी ललित रंजन भगत ने बताया कि उक्त स्थल का जांच पड़ताल कर रहे है और ग्रामीणों से वार्ता करके उसे रात्री में मिलजूल कर पहरा देने के लिए कहेंगे।

विश्व एड्स दिवस पर निकाली गयी जागरूकता रैली





नबिटा टीम

बोकारो/धनबाद। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर बीजीएच के प्रांगण मे एडस के प्रति एक जागरूकता रैली निकाली गई तथा अधिशासी निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डा. विभूति भूषण करुणामय के द्वारा गुब्बारा उड़ा कर इस जागरूकता अभियान को शुरू किया गया। रैली में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इंद्रनील चौधरी, बीजीएच के वरीय चिकित्सक, नर्सिंग स्कूल की छात्राएं कर्मचारी, तथा स्टाफ नर्स शामिल हुए. रैली का उद्देश्य एचआईवी/एड्स की रोकथाम से संबंधित जानकारी का प्रसार करना तथा समाज में भेदभाव-रहित वातावरण को बढ़ावा देना था।

डा. विभूति भूषण करुणामय ने कहा कि वर्ल्ड एड्स दिवस हर साल 01 दिसंबर को पूरे विश्व मे मनाया जाता है, और इस साल की थीम है, जिसका मकसद एड्स से ग्रस्त समुदायों का उचित मार्ग दर्शन करना है।

डॉ विभूति भूषण करुणामय ने आगे कहा कि अक्ख़र एक गंभीर बीमारी है इसलिए एचआईवी संक्रमण से बचाव, जागरूकता तथा समय पर जांच अत्यंत महत्वपूर्ण है। एड्स बीमारी का खतरा ग्लोबल लेवल पर बढ़ता हुआ देखा जा रहा है इसलिए विश्व एड्स दिवस के खास मौके पर ल्क्ष्य संक्रमण के प्रति सभी लोगों को जागरूक किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि हाथ मिलाने, संक्रमित व्यक्ति के छींकने और खांसने से निकलने वाली ड्रॉपलेट, संक्रमित के साथ खाना खाने से ये संक्रमण नहीं फैलता है इसलिए ऐसे लोगों से किसी भी तरह का भेदभाव नहीं करना चाहिए।

सार्वभौमिक सावधानी लेकर खुद इस बीमारी से बचाव करें और इसके साथ ही दूसरों को भी बचाव के लिए प्रेरित करना चाहिए।

धनबाद से संवाददाता के अनुसार विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला स्वास्थ्य समिति और मंथन के तत्वाधान पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से रैली निकाली गई। यह रैली एसएसएलएनटी रढ आवास होते हुए सिविल सर्जन ऑफिस तक पहुंची इस रैली मे एचआईवी एड्स पर भ्रांतियां पर नारे दिए गए जानकारी ही बचाव है पर जोर दिया गया इस कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा के द्वारा किया गया उनके द्वारा हरी झंडी दिखाकर इस रैली को रवाना किया गया। उन्होंने कहा की जानकारी ही बचाव है यह कोई छुआछूत की बीमारी नहीं है। तत्पश्चात बरवाड़ा किसान चौक चरणी ढाबा के समीप एक हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें एचआईवी टेस्ट बीपी शुगर के साथ-साथ कंडोम वितरण किया गया। इस प्रोग्राम के सफल संचालन में लाल जी प्रशिक्षण केंद्र नर्मदा, ग्राम प्रौद्योगिकी विकास संस्थान एवं भारतीय नवदीप समूह के पदाधिकारी के साथ साथ पंकज कुमार विकेश पासवान सीताराम राजीव कुमार मोहम्मद, करण कुमार के साथ साथ धनबाद में कार्यरत सभी टी आई एन जी ओ के प्रतिनिधि की उपस्थिति रही।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक: मनोज विशाल फोन नंबर: 9431145865, 8210783623, आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या: JHAHIN/2017/72655, Email : bokaronbt@gmail.com